# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, सोमवार 8 सितंबर 2025


साउथ कोरिया को 4-1 से हराया | वर्ल्ड कप के लिए किया क्वालिफाई






## भारत ने चौथी बार जीता खिताब

*नई दिल्ली। हॉकी एशिया कप 2025 के फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने साउथ कोरिया को करारी शिकस्त दी। बिहार के राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए इस मुकाबले में भारतीय हॉकी टीम ने साउथ कोरिया को 4-1 के अंतर से पटखनी दी। टीम ने 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड द्वारा संयुक्त मेजबानी में आयोजित होने वाले विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर लिया है।*






# बारिश में ऊंचाई मापी तो खराब हो जाएगी मशीन! 341 पदों पर एसआई भर्ती के लिए जारी टेंडर फिर रद्द

**प्रथम बार निविदा रद्द किए जाने के बाद मौजूदा वर्ष में 9 अप्रैल को दोबारा निविदा निकाली गई थी**


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं का इंतजार एक बार फिर बढ़ गया है। बीते वर्ष सितंबर में उप निरीक्षक सहित जिन पदों के लिए आवेदन मांगा गया था, उससे संबंधित टेंडर एक बार फिर से रद्द कर दिया गया है। यह दूसरी बार है, जबकि पुलिस मुख्यालय द्वारा भर्ती परीक्षा संबंधित टेंडर रद्द किया गया है। प्रथम बार निविदा रद्द किए जाने के बाद मौजूदा वर्ष में 9 अप्रैल को दोबारा निविदा निकाली गई थी। इसे भी पांच माह बाद सितंबर में रद्द कर दिया गया है। अब फिर से टेंडर निकाला जाएगा। यह टेंडर भर्ती प्रक्रिया संबंधित कार्यों के लिए निकाला गया था। अब पुनः टेंडर निकाले जाने तक भर्ती प्रक्रिया स्थगित ही रहेगी।

गौरतलब है कि एक साल पहले पुलिस मुख्यालय में 341 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। 2024 में 23 अगस्त से 21 सितंबर तक युवाओं से आवेदन मांगे गए। राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा यह भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। फिजिकल ▶▶|शेष पेज 3 पर

- सितंबर 2024 में निकाला गया था विज्ञापन, 1.39 लाख युवाओं ने किया था आवेदन
- 9 अप्रैल को निकाला गया था भर्ती प्रक्रिया संबंधित दूसरा टेंडर, पीएससी लेगा लिखित परीक्षा






### शारीरिक नाप-जोख के बाद लिखित परीक्षा

पुलिस भर्ती परीक्षा के अंतर्गत आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की पहले शारीरिक नाप-जोख होती है। जो तय मापदंड पूरा कर लेते हैं, उन्हें लिखित परीक्षा में बैठने की पात्रता होती है। लिखित परीक्षा दो चरणों में होती है। इसमें प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा शामिल है। इसके बाद साक्षात्कार सहित अन्य चरणों से गुजरना पड़ता है। आवेदनकर्ता छात्रों द्वारा कुछ दिनों पूर्व अधिकारियों से मुलाकात कर शेड्यूल जारी करने और शारीरिक माप-जोख करने आवेदन दिया गया था। सक्षम अधिकारियों द्वारा उन्हें जवाब दिया गया कि शारीरिक नापजोख संबंधित प्रक्रिया खुले ▶▶|शेष पेज 3 पर

### नहीं दे सकते जानकारी

*अभी इस विषय में जानकारी नहीं दे पाऊंगा। कार्यालयीन दिवस में संपर्क करें।*

*- एस.आर.पी. कल्लुरी, एडीजी, प्रशासन*


आनंद का सच्चा भाव

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) | ₹79086/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) | ₹96590/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) | ₹105437/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply


## खबर संक्षेप

### थाईलैंड के नए प्रधानमंत्री बने चार्नविराकुल




**बैंकॉक।** थाईलैंड में वरिष्ठ नेता अनुतिन चार्नविराकुल रविवार को शाही अनुमोदन प्राप्त करने के बाद देश के प्रधानमंत्री बन गए। अदालत के आदेश पर उनके पूर्ववर्ती को पद से हटाए जाने के बाद दो दिन पहले संसद द्वारा उन्हें इस पद के लिये चुना गया।

### स्कूटर, लॉरी और कार की टक्कर, तीन की मौत

**चामराजनगर।** चामराजनगर में एक स्कूटर की विपरीत दिशाओं में जा रही एक लॉरी और कार से टक्कर हो गई, जिसमें स्कूटर सवार तीन लड़कों की मौत हो गई। एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। चारों लड़के शनिवार रात चामराजनगर में गलीपुरा के पास रिंग रोड पर स्कूटर चला रहे थे। यह करिवराधराज हिल को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है।

### गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान चार डूबे, 13 लापता



**मुंबई।** महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों में गणेश उत्सव के समापन के बाद मूर्तियों के विसर्जन के दौरान कम से कम चार लोग डूब गए और 13 अन्य लापता हो गए। पुणे जिले के चाकन क्षेत्र में तीन अलग-अलग घटनाओं में चार लोग अलग-अलग जलाशयों में बह गए।

### पटाखे फोड़ने को लेकर 300 पर केस दर्ज

**कासरगोड।** केरल के कासरगोड जिले में गणेशोत्सव के समापन पर निकाली गई विसर्जन यात्रा के दौरान खतरनाक तरीके से पटाखे फोड़ने और लोगों की आवाजाही बाधित करने के आरोप में 300 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सभी आरोपी शनिवार को कसबा गांव स्थित मल्लिकार्जुन मंदिर परिसर से शुरू हुई विसर्जन यात्रा का हिस्सा थे। ये लोग यहां राज्य परिवहन निगम की बस डिपो के सामने जमा हो गए।

**जुलाई में आ चुकी दरार, अस्थायी मरम्मत के बाद चल रहा काम, नहीं टला खतरा**

**भारी बारिश का कहर**

# लुत्ती-गेरसा के बाद अब सकेतवा बांध भी दे रहा खतरे का संकेत



**अधूरा है बांध, हर पल खतरा**

बड़ी बात यह है कि सकेतवा बांध का निर्माण 2013 में 4 करोड़ 92 लाख रुपए की लागत से शुरू किया गया था लेकिन बाद में राशि कम पड़ने के कारण काम अधूरा रह गया। बांध निर्माण के लिए 8 करोड़ 74 लाख रुपए रिवाइज एस्टीमेट जल संसाधन विभाग द्वारा भेज गया था लेकिन राशि जारी नहीं हो पाई। अब यदि समय रहते बांध को सुरक्षित करने के लिए राशि जारी नहीं होती है तो बांध टूट सकता है और अगर ऐसा होता है तो लुत्ती जैसी घटना सामने आ सकती है।

देशभर में बारिश का दौर जारी है। कई राज्यों में तबाही का मंजर है। छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में भारी बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया है। कुछ दिन पहले बलरामपुर का लुत्ती और लुंड्रा का गेरसा बांध टूट गया। अब लुत्ती और गेरसा बांध के बाद बलरामपुर जिले का एक और बांध खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। सकेतवा बांध खतरे खतरे का संदेश दे रहा है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

सकेतवा बांध में जुलाई महीने में ही बड़ी दरार आ गई थी। हालांकि जिला प्रशासन ने समय रहते बांध के मरम्मत का काम करा लिया जिससे खतरा फिलहाल टल गया है, लेकिन बांध को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है, अधिकारी भी इस बात को मान रहे हैं और यही कारण है कि बारिश होने पर आस पास के लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया जाता है। सकेतवा बांध भी इन दिनों खतरे का संकेत दे रहा है ऐसा इसलिए क्योंकि 27 ▶▶|शेष पेज 3 पर

### महानदी का मुख्य नहर फूटा



**आरंग।** महानदी मुख्य नहर में शुक्रवार दोपहर अचानक आई दरार ने हजारों एकड़ फसल डुबोने का खतरा खड़ा कर दिया था। नहर के 84वें किलोमीटर पर सिचाई के लिए लगे कुलापा के पास तेज पानी के दबाव से मिट्टी घुलकर ▶▶|शेष पेज 3 पर

**इधर, देश का ऐसा हाल**

### पंजाब के बिगड़े हालात पीएम मोदी करेंगे दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के लिए नौ सितंबर को पंजाब का दौरा करेंगे। इससे पहले, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पंजाब की स्थिति का आकलन करने के लिए राज्य का दौरा किया था।

### हिमाचल में बादल फटने बाढ़ से 366 की मौत

हिमाचल प्रदेश में मानसून में बारिश से जुड़ी घटनाओं और सड़क हादसों में अब तक 366 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र के अनुसार, इन 366 लोगों में से 203 की मौत बारिश से जुड़ी घटनाओं में हुई, जिनमें 42 मौतें भूस्खलन, 17 बादल फटने और नौ अचानक आई बाढ़ में हुईं।

**झांकी देखने आ रहा था परिवार**

## पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, दंपति-बच्चे की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

बाइक में सवार होकर पति-पत्नी एवं चार बच्चे विसर्जन झांकी देखने के लिए बीती शाम राजनांदगांव की ओर आ रहे थे। इसी दौरान एक पिकअप वाहन के चालक ने ठोकर मार दिया। इस घटना में बाइक में सवार पति-पत्नी व एक बच्चे की मौत हो गई। वहीं तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती किया गया है।




पुलिस के अनुसार बीती शाम ग्राम बलदेवपुर निवासी निश साहू अपनी पत्नी करिश्मा, भांजा मोनू एवं तीन बच्चे के साथ एक बाइक में सवार होकर विसर्जन झांकी देखने के लिए राजनांदगांव शहर की ओर आ रहे थे। बताया गया कि वे ठेलकाडीह थाना क्षेत्र के अंतर्गत आशीर्वाद ढाबा के पास पहुंचे ही थे कि विपरीत दिशा से जा रही एक पिकअप वाहन के चालक ने बाइक सवारों को जोरदार ठोकर मार दी। इस घटना में बाइक सवार सड़क पर आ गिरे। पुलिस के अनुसार इस घटना में मौके पर ही निलेश साहू और उसके भांजे मानू साहू (13) की मौत हो गई। ▶▶|शेष पेज 3 पर

### तीन घायल

घटना में घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां उपचार के दौरान करिश्मा उम्र लगभग 32 वर्ष की मौत हो गई। ठेलकाडीह पुलिस के अनुसार उक्त घटना में तीन बच्चे घायल हैं, जिन्हें उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है।

**मंत्री केदार कश्यप ने भी दी सफाई**

# वनमंत्री पर मारपीट के आरोपों पर सियासत, भूपेश ने मांगा इस्तीफा साय बोले- कांग्रेस का दुष्प्रचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के वनमंत्री केदार कश्यप पर लगे मारपीट के आरोपों के बाद प्रदेश में सियासत तेज हो गई है। मामले में कांग्रेस ने बीजेपी और मंत्री को जमकर घेरा है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने इस बारे में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है। उन्होंने मंत्री श्री कश्यप से इस्तीफे की मांग की है।

जगदलपुर में मंत्री केदार कश्यप पर एक कर्मचारी ने मारपीट के गंभीर आरोप लगाए हैं। घटना के बाद प्रदेश के पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने पीड़ित का एक वीडियो सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है। भूपेश ने लिखा है कि सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां ही मां हैं या सबकी मां भी मां हैं? अब इस सवाल का जवाब भाजपा को देना है। ▶▶|शेष पेज 3 पर

### कांग्रेस गलतबयानी कर रही : साय

मंत्री केदार कश्यप द्वारा मारपीट करने के आरोपों पर सीएम विष्णु देव साय ने कहा, केदार से मेरी बात हुई है। मारपीट जैसी कोई घटना नहीं हुई। कांग्रेस बिना मुद्दे के भ्रम फैला रही है। लगातार ▶▶|शेष पेज 3 पर

### राजनीति प्रेरित और दुष्प्रचार : कश्यप

हालांकि इस पूरे घटनाक्रम के सुर्खियों में आने के बाद वनमंत्री केदार कश्यप ने भी अपनी सफाई दी है। मंत्री ने इन आरोपों को पूरी तरह से राजनीति प्रेरित और दुष्प्रचार बताया है। उन्होंने कहा, यह ▶▶|शेष पेज 3 पर

### मंत्री केदार पर करें कार्यवाही : बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, जगदलपुर के सर्किट हाउस के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रसोइए के साथ मंत्री केदार कश्यप द्वारा की गई मारपीट बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा, वे आदतन ▶▶|शेष पेज 3 पर

### पूरे प्रदेश में पुतला दहन

मंत्री केदार कश्यप द्वारा चतुर्थ वर्ग कर्मचारी के साथ किए गए दुर्व्यवहार के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर रविवार को प्रदेश के सभी जिलों में मंत्री केदार कश्यप की बर्खास्तगी को लेकर कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया तथा उनका पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी ▶▶|शेष पेज 3 पर

**पंचलताबुरू पहाड़ियों के जंगलों में मुठभेड़**

## झारखंड में मारा गया 10 लाख का ईनामी नक्सली

**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में रविवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक वांछित माओवादी मारा गया। नक्सली पर 10 लाख रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस ने बताया कि यह मुठभेड़ आज सुबह गोईलकेरा पुलिस थानाक्षेत्र अंतर्गत रेला पराल क्षेत्र के पंचलताबुरू पहाड़ियों के जंगलों में शुरू हुई।

### 12 पुलिसकर्मियों की हत्या में वांछित

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हंसदा विभिन्न जिलों के विभिन्न थानों में 12 पुलिसकर्मियों की हत्या समेत 96 मामलों में वांछित था। पुलिस के एक बयान में कहा गया है, वह 14 जून, 2019 को ईचागढ़ ▶▶|शेष पेज 3 पर

# गणेश विसर्जन के दौरान डीजे की तेज आवाज में नाचते हुए किशोर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजपुर/अंबिकापुर

- हार्टअटैक आने से गिरा बेहोश होकर, अस्पताल में मृत घोषित

शनिवार को गणेश विसर्जन के दौरान उस वक्त हड़कंप मच गया, जब डीजे की धुन में नाच रहा एक किशोर अचानक ही अचेत होकर जमीन पर गिर गया। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में किशोर को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशोर की मौत डीजे की तेज आवाज में नाचने के दौरान हार्टअटैक से होने की संभावना व्यक्त की गई है। इधर, इस घटना के बाद अस्पताल में चिकित्सक के मौजूद नहीं रहने का आरोप लगाकर लोगों ने हंगामा मचाया, लेकिन परिजन की ओर से किसी प्रकार ▶▶|शेष पेज 3 पर



### नाचने के दौरान हुई मौत

*गणेश विसर्जन के दौरान डीजे के सामने नाचते समय छात्र बेहोश होकर गिरा था। छात्र को अस्पताल में पुलिस पेट्रोलिंग टीम ने भर्ती कराया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। संभवतः कार्डियक अरेस्ट के कारण उसकी मौत हुई। परिजन ने लिखित में दिया है जिसके बाद शव बिना पीएम के ही परिजन के सुपुर्द किया गया।*

*-वैभव बैंकर रमनलाल, एसपी*

**कोलन कैंसर के लिए विकसित की गई वैक्सीन**

# कैंसर पर वार, रूस ने कहा- हमारी वैक्सीन इलाज के लिए रेडी!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रूस ने कोलन कैंसर की वैक्सीन सफलतापूर्वक बना ली है, अब उपयोग के लिए तैयार है। रूस की फेडरल मेडिकल बायोलॉजिकल एजेंसी ने एक बड़ी घोषणा करते हुए बताया है कि कोलन कैंसर (कोलोरेक्टल कैंसर) के लिए विकसित की गई वैक्सीन ने प्रीक्लिनिकल (पूर्व-मानव) परीक्षण सफलतापूर्वक पास कर लिए हैं। यह वैक्सीन न सिर्फ सुरक्षित पाई गई है, बल्कि इसके असर भी बहुत प्रभावी रहे हैं।

पूर्व परीक्षणों के बारे में फेडरल मेडिकल बायोलॉजिकल एजेंसी (एफएमबीए) की प्रमुख वेरोनिका स्क्वोर्टसोवा ने ▶▶|शेष पेज 3 पर



### किस तरह के कैंसर पर होगा असर

इस वैक्सीन का पहला लक्ष्य कोलोरेक्टल (आंतों का) कैंसर है। इसके अलावा रूस की टीम मस्तिष्क के खतरनाक कैंसर ग्लायोब्लास्टोमा और मेलानोमा (त्वचा और आंखों का कैंसर) पर भी वैक्सीन तैयार कर रही है, जो उन्नत चरण में है। यह बड़ी घोषणा रूस के व्लादिवोस्तोक में 3 से 6 सितंबर तक चले 10वें ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम में की गई, जिसमें 75 से अधिक देशों के 8,400 से ज्यादा प्रतिनिधि शामिल हुए।

### कैंसर वैक्सीन होती क्या है?

अमेरिकन कैंसर सोसायटी के अनुसार, आमतौर पर वैक्सीन से शरीर की इम्यून सिस्टम को किसी वायरस के खिलाफ तैयार किया जाता है जैसे मीजल्स या चिकनपॉक्स, लेकिन अब कुछ वैक्सीन कैंसर कोशिकाओं को पहचानकर उन्हें खत्म करने के लिए भी बनाई जा रही हैं। कुछ वैक्सीन जैसे कि प्रोस्टेट या ब्लैडर कैंसर के लिए पहले से मौजूद हैं, और नई वैक्सीन पर रिसर्च जारी है।

### भारत को क्या लाभ

*रूस की इस कैंसर वैक्सीन से भारत को भी बड़ा फायदा हो सकता है। भारत में हर साल लगभग 14 लाख नए कैंसर के मामले सामने आते हैं, जिनमें से कोलोरेक्टल कैंसर (आंत का कैंसर) के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। समय पर इलाज नहीं मिलने की वजह से हजारों मरीजों की जान चली जाती है। अगर रूस की यह वैक्सीन भारत में उपलब्ध होती है, तो यह इलाज को सस्ता, असरदार और आसान बना सकती है। साथ ही, इससे कैंसर की मृत्यु दर में भी बड़ी गिरावट आ सकती है। भारत और रूस के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग पहले से मौजूद है, ऐसे में इस वैक्सीन को भारत लाने की प्रक्रिया तेज हो सकती है।*




**खबर संक्षेप**

### दंतैल का आतंक, घर को ढहाया, दो महिलाएं घायल

**अंतागढ़।** विकासखंड अंतागढ़ में दो दिन पहले आमागांव ईलाके में दंतेल ने दस्तक देते हुए किसानों की फसल को नुकसान पहुँचाते हुए करेलपसा निवासी एक ग्रामीण की एक दीवार को ढहा दिया, जिससे उसमें दबने से दो महिलाएं घायल हो गई। दोनो महिलाओं को प्राथमिक ईलाज के बाद जिला अस्पताल भेजा गया। चिकित्सकों की मानें तो महिलाओं का स्वास्थ्य पहले से बेहतर है। जानकारी के अनुसार 5 सितंबर की रात को दंतेल महाराष्ट्र से कोयलीबेड़ा विकासखंड होते हुए अंतागढ़ विकासखंड के ग्राम आमागांव के पारा करेलपसा पहुँच गया। किसानों की धान को रौंदते हुए गांव से दूर बने घर की दीवार को धक्का दिया, जिससे दीवार गिर गई। घर के अंदर सो रही महिलाओं कांति पति सुरजूराम धुरु उम्र 48 वर्ष और एक लड़की सरोज पिता चेतराम मरकाम उम्र 16 वर्ष दीवाल में दब गए, जिससे उनको चोट आई। जानकारी मिलते ही वन विभाग का अमला पहुँचा और उनको प्राथमिक ईलाज के उपरांत जिला अस्पताल में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया, महिलाओं का ईलाज जारी है। चिकित्सकों की मानें तो दोनो की हालत ठीक है।

### हिरण का शिकार करने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

**पिथौरा।** हिरण का अवैध शिकार करने वाले पांच आरोपियों को वन विभाग की टीम ने गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर ग्राम गिरना और छिंदौली में एक साथ दबिश दी गई, जिसमें तीन अलग-अलग स्थानों से आरोपियों को पकड़ा गया। वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 9, 50, 34, 44 और 51 के तहत अपराध क्रमांक 20657/12 दिनांक 06 सितंबर 2025 दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय प्रथम श्रेणी पिथौरा में पेश किया गया। आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से चीतल का शिकार कर उसका मांस काटकर आपस में बांट लिया था। तलाशी के दौरान आरोपी भोला खड़िया के घर से हिरण का ताजा मांस, रक्त से सनी चटाई सहित घटनास्थल से करीब 6.500 किलो मांस, 5.250 किलो जीआई तार और बांस की खूंटी बरामद की गई।

# हर साल दस हजार से अधिक लोगों को सिखा रहे अक्षर ज्ञान

जिले में असाक्षर लोगों की संख्या में कमी लाने और अधिक से अधिक लोगों को अक्षर ज्ञान कराने का जिम्मा जहां सरकार ने उल्लास योजना के तहत लिया है। वहीं इस योजना को जमीन पर सफल बनाने का काम वह लोग कर रहे हैं, जिन्हें इसके बदले कोई मानदेय या भुगतान भी नहीं हो रहा है।

साक्षरता दिवस विशेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

अपने आसपास के क्षेत्र के लोगों को अक्षर ज्ञान कराने का जिम्मा हर साल एक हजार से अधिक ऐसे वॉलिंटियर शिक्षक उठा रहे हैं। यह वॉलिंटियर शिक्षक सालभर अपनी सेवाएं देकर साक्षरता के इस अभियान को सफल बना रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार राजनांदगांव जिला उल्लास योजना के क्रियान्वयन मामले में प्रदेश में चौथे स्थान पर चल रहा है। उल्लेखनीय है कि उल्लास यानी समाज में सभी के लिए आजीवन शिक्षा की समझ योजना 2022-2027 के लिए भारत सरकार द्वारा केन्द्र प्रायोजित योजना है। जिसका उद्देश्य औपचारिक स्कूली शिक्षा से वंचित 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के वयस्कों को आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक प्रशिक्षण और बुनियादी और सतत शिक्षा प्रदान करना है।

### केन्द्र में 200 घंटे में उल्लास प्रवेशिका

राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान में जिले के 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के ऐसे शिक्षार्थी जिन्होंने उल्लास केन्द्र में 200 घंटे में उल्लास प्रवेशिका के सात अध्याय पूर्ण किए हो, शिक्षार्थी जिनका पूर्व में पढ़ना-लिखना अभियान अंतर्गत प्रमाणीकरण नहीं हुआ है, जो मोहल्ला साक्षरता केंद्र में पढ़ाई किए हो अथवा जो बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान की परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, वह परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।



### स्कूलों में परीक्षा

परीक्षा के लिए पंजीयन के आधार पर ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय के वार्ड वॉर आंकलन में सम्मिलित होने वाले शिक्षार्थियों की सूची तैयार की जाती है। संबंधित ग्राम पंचायत अथवा नगरीय निकाय के वार्ड के नजदीक वाले शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाकर परीक्षा का आयोजन होता है।

### चार श्रेणी में परिणाम

उल्लास परीक्षा में मिले अंक के आधार पर उन्हें क, ख, ग और घ जैसी चार श्रेणी वाला नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूल से प्रमाण पत्र मिलता है। कमजोर श्रेणी में आने वाले लोग दोबारा परीक्षा देकर अपनी श्रेणी में सुधार भी कर सकते हैं।

### हर 10 पर एक शिक्षक

मिली जानकारी के अनुसार हर दस असाक्षर लोगों की ट्रेनिंग के लिए एक वालंटियर शिक्षक की तैनाती की जाती है। यह शिक्षक प्रदेश स्तर से आने वाली उल्लास अभियान की किताब के अनुसार ही ट्रेनिंग देते हैं। जिले में इस अभियान के तहत बड़ी संख्या में महिलाएं अपने आपको साक्षर बनाने का काम कर रही है। इसके अलावा बुजुर्ग हो चुके लोग भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

### जांजगीर-चांपा, बालोद और बिलासपुर में बवाल, थाने का घेराव भी

# प्रार्थना सभा, प्रलोभन देकर धर्मांतरण, 14 महिला व एक पास्टर सहित 25 गिरफ्तार

बालोद, जांजगीर- चांपा और बिलासपुर के ग्रामीण इलाकों में धर्मांतरण को लेकर जमकर बवाल हुआ है। प्रार्थना सभा के नाम पर, प्रलोभन देकर धर्मांतरण का हिंदू संगठनों ने आरोप लगाया है। पुलिस ने तीनों जगहों से 14 महिला, एक पास्टर सहित 25 लोगों को गिरफ्तार किया है।

**बालोद।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा एक निजी मकान में कुछ ईसाई पास्टर द्वारा लोगों को एकत्र कर धर्मांतरण करने एवं अवैध रूप से प्रार्थना सभा की शिकायत पर मौके पर पहुंची पुलिस ने 22 लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर वैध प्रार्थना सभा नहीं होने पर पुलिस ने 22 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जिसमे 8 पुरूष 14 महिला शामिल है। वहीं जानकारी के मुताबिक 5 से 6 पादरी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। हिरासत मे लिए गए लोगो को पुलिस ने गुण्डरदेही एसडीएम न्यायाल में किया पेश जिसमे 8 को न्यायाल के आदेश पर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया है। गुण्डरदेही धमतरी मुख्य मार्ग पर चैनगंज के एक निजी मकान में आज सुबह कथित रूप से अवैध रूप से सामूहिक प्रार्थना करते 40 से 45 लोगों को गुण्डरदेही पुलिस ने पकड़ा है।



गोधना में माहौल गरमाया, ग्रामीण पहुंचे थाने

**जांजगीर-चाम्पा।** नवागढ़ थाना क्षेत्र के गांव गोधना में धर्मांतरण को लेकर रविवार को माहौल गरमा गया। पहले हिन्दू संगठन के सदस्यों ने गांव पहुंच कर एक घर में चल रहे प्रार्थना सभा में का विरोध किया। धर्मांतरण कराने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर माहौल शांत कराया और 2 लोगों को पकड़ कर थाना लाया। इससे नाराज ग्रामीणों ने नवागढ़ पुलिस थाने का घेराव कर दिया। ग्रामीणों द्वारा धर्मांतरण के आरोप को बेबुनियाद बताते हुए पकड़े गए दोनों ग्रामीण को छोड़ने की मांग की जा रही है। नवागढ़ थाना क्षेत्र के गोधना गांव में रविवार की दोपहर एक घर में प्रार्थना सभा और धर्मांतरण की सूचना पर हिन्दू संगठन के लोग पहुंच गए। मौके पर हिन्दू संगठन के सदस्यों ने धर्म परिवर्तन की गुप्त गतिविधियों का संचालन करने का आरोप लगाते हुए विरोध किया।



### पास्टर हिरासत में

**बिलासपुर।** प्रार्थना सभा आयोजित कर लोगों को धर्म परिवर्तन करने के लिए प्रलोभन देने पर हंगामा मचा। हिंदू संगठन के लोगों ने मौके पर जाकर जमकर हंगामा मचाया गया। उसके बाद पुलिस ने पास्टर को गिरफ्तार कर लिया है। पचपेड़ी चौकी प्रभारी श्रवण टण्डन ने बताया, सकुलकारी निवासी पास्टर दिलीप बंजारे ने गांव में प्रावइेट चर्च बनाया है। रविवार को आसपास के लोगों को चर्च में एकत्रित कर धर्म परिवर्तन करने लोगों को कई तरह का प्रलोभन दिया जा रहा था। हिंदू संगठन के लोग चर्च पहुंच गए और धर्म परिवर्तन का विरोध करते हुए जमकर हंगामा मचाया। सूचना पर पुलिस ने पास्टर दिलीप बंजारे को गिरफ्तार कर लिया है।

**धर्म परिवर्तन करने पत्नी को प्रताड़ना:** सिविल लाइन थाना प्रभारी विजय चौधरी ने बताया, भारतीयनगर निवासी पूजा सोनी ने रिपोर्ट लिखाई। उसके पति दुर्गेश सोनी व सास जानकी सोनी ने धर्म परिवर्तन कर लिया है और उन्हें भी धर्म परिवर्तन करने के लिए दबाव बनाकर प्रताड़ित कर रहे है।

हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# सीमांकन विवाद मामलों के निपटारे के लिए कमिश्नर की नियुक्ति जरुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

जमीन विवाद से जुड़े खासकर सीमांकन विवाद के मामलों को लेकर हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए हाईकोर्ट ने कहा है कि सीमांकन विवाद से जुड़े मामलों के लिए कमिश्नर की नियुक्ति जरुरी है। निचली अदालत के फैसले को रद्द करते हुए हाईकोर्ट ने निचली अदालत को याचिकाकर्ता के जमीन के सीमांकन के लिए कमिश्नर की नियुक्ति करने का आदेश दिया है। सिविल कोर्ट ने दो भाइयों के मामले को निरस्त कर दिया था। फैसले को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। बिलासपुर जिले के तखतपुर गनियारी के दो नाबालिग भाइयों लोकेश कुमार व हेमंत कुमार ने गांव के ही लोगों द्वारा अतिक्रमण कर मकान बनाने की शिकायत की जानकारी दी है।

### बिना ठोस कारण बताए याचिका खारिज

याचिकाकर्ता भाइयों ने बताया कि उनके स्वामित्व वाली जमीन में गांव के गौतम प्रसाद, जनक राम, सुरेश साहू समेत अन्य ने जमीन के एक हिस्से पर बलपूर्वक कब्जा कर लिया है। कब्जा करने के बाद अब मकान व आंगन का निर्माण शुरु कर दिया है। याचिकाकर्ता भाइयों ने अपनी याचिका में कहा है कि कब्जाधारियो से बेदखली की मांग करते हुए सीपीसी के आदेश 26 नियम 9 के तहत स्थानीय आयुक्त की नियुक्ति की मांग करते हुए निचली अदालत में आवेदन पेश किया था। याचिकाकर्ता ने बताया कि उनकी मांग को निचली अदालत ने बिना ठोस कारण बताए खारिज कर दिया है।


छत्तीसगढ़ शासन

NSEFI RE-Imagining Sustainable India

CSPDCL छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

Knowledge Partner SHAKTI SUSTAINABLE ENERGY FOUNDATION

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25

सौर ऊर्जा जागरूकता अभियान एवं प्रोत्साहन समारोह

8 सितंबर, 2025

कार्यक्रम स्थल
पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार, रायपुर



श्री नरेंद्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

राज्य सब्सिडी प्रदान – पी•एम• सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना

पीएम-कुसुम योजना के लाभार्थियों का सम्मान

पी• एम• सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना - "सूर्य रथ जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ"

विशेषज्ञों द्वारा वित्तीय, तकनीकी व नीतिगत सत्र

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना
मासिक बिजली बिल से भी कम ई.एम.आई. में लगाएं रूफ टॉप


| सोलर प्लांट क्षमता | केंद्र सरकार की सब्सिडी | राज्य सरकार की सब्सिडी | कुल सहायता राशि | आसान मासिक EMI |
|---|---|---|---|---|
| 1 kW | ₹30,000 | ₹15,000 | ₹45,000 | ₹170 |
| 2 kW | ₹60,000 | ₹30,000 | ₹90,000 | ₹341 |
| 3 kW | ₹78,000 | ₹30,000 | ₹1,08,000 | ₹818 |

बैंक द्वारा 6% ब्याज दर पर आसान किश्तों में 10 वर्षों के लिए ऋण सुविधा (ई.एम.आई.) उपलब्ध

QR कोड स्कैन करें
आवेदन प्रक्रिया व अधिक जानकारी के लिए नीचे दिए लिंक पर जाएं
https://pmsuryaghar.gov.in/

डबल सब्सिडी
केंद्र के साथ मिल रही राज्य की भी सब्सिडी





हमारा संकल्प
हाफ बिजली से मुफ्त बिजली


मोर बिजली CSPDCL
TOLL FREE 1912

सस्ती नहीं, मुफ्त बिजली की ओर बढ़ता छत्तीसगढ़

रायपुर
सोमवार, 8 सितंबर 2025
अश्विन कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
वर्ष : 24, अंक : 53
पृष्ठ : 10+4+4 = 18 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 33.8
न्यून. 25.3

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



# चांद ने पांच घंटे में तीन बार बदला रंग, देश के कई हिस्सों में दिखाई दिया 'ब्लड मून'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत में रविवार की रात आसमान में एक अनोखा नजारा देखने को मिला। यह नजारा था पूर्ण चंद्रग्रहण का, जिसे ब्लड मून भी कहा जाता है। आमतौर पर धवल सफेद या भूरा दिखने वाला चांद ग्रहण के कारण लालिमा ओढ़े हुए गहरे लाल रंग में दिखाई दिया। पृथ्वी के साये में आगे बढ़ता चंद्रमा तीन रंगों के साथ अठखेलियां करता हुआ नजर आया। यह साल 2022 के बाद ▶▶|शेष पेज 3 पर

### दुनिया की 77 फीसदी आबादी ने देखा पूर्ण चंद्रग्रहण

जब चांद पूरी तरह से इस छाया में डूब जाता है, तो उसे टोटलिटी कहते हैं। इस बार यह चरण लगभग 82 मिनट तक चला। क्योंकि अलग-अलग टाइम ज़ोन में इसका समय अलग-अलग रहा, इसलिए चंद्रग्रहण कई क्षेत्रों में अलग-अलग समय पर नज़र आएगा।

### मंदिरों के पट बंद रहे

चंद्रग्रहण के कारण देश के कई मंदिरों के पट बंद रहे। आंध्र प्रदेश के तिरुमला में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर सात सितंबर को दोपहर साढ़े तीन बजे से आठ सितंबर को तड़के तीन बजे तक बंद रहा। ग्रहण काल के दौरान मंदिर बंद रहा। इसके अलावा 16 सितंबर को कोइल अलवर तिरुमंजनम अनुष्ठान के कारण 15 सितंबर को वीआईपी अनुशंसा पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पोप लियो 14वें ने कार्लो एक्यूटिस को संत घोषित किया

**वेटिकन सिटी।** पोप लियो 14वें ने रविवार को कार्लो एक्यूटिस को कैथोलिक चर्च का प्रथम सहस्राब्दि संत घोषित किया। पोप के



मुताबिक, रविवार को घोषित संत ने कैथोलिकों की अगली पीढ़ी के लिए आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया। आस्था के प्रचार के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया और 'ईश्वर के इंफ्लूएंसर' का उपनाम अर्जित किया।

### दो साल में पुलिस हिरासत में हुईं 20 मौतें

**जयपुर।** एक सरकारी रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान में अगस्त 2023 से अगस्त 2025 के बीच पुलिस हवालात में मौत के 20 मामले दर्ज किए गए। इनमें से छह मौतों का कारण आत्महत्या बताया गया है। कांग्रेस विधायक रफीक खान के एक प्रश्न के उत्तर में राज्य विधानसभा में पेश इस रिपोर्ट में कहा गया है कि इनमें से 12 मौतें स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जुड़ी थीं। जिनमें से छह लोगों की मौत दिल का दौरा पड़ने के कारण हुईं।

### पीएम के दौरे से पहले राज्यपाल ने ली बैठक

**इंफाल।** मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने रविवार को राजभवन में शीर्ष अधिकारियों और



पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह समेत भाजपा के कई विधायकों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस महीने के दूसरे सप्ताह में मणिपुर के संभावित दौरे से पहले यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### गाय की पेट से निकली 28 किलो प्लास्टिक, 41 कीलें

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के ऊना में सरकारी पशु चिकित्सालय के चिकित्सकों ने गर्भवती गाय की पेट से 28 किलोग्राम प्लास्टिक और धातु की 41 कीलें निकालने का अनूठा काम किया है। गाय की यह जटिल सर्जरी प्रभारी डॉ. निशांत रनौत के नेतृत्व में चिकित्सकों की एक टीम द्वारा की गई। गाय के स्वास्थ्य में सुधार सुनिश्चित करने के लिए पशु चिकित्सकों द्वारा सात दिनों तक उसकी निगरानी की जाएगी।

### नेपाल-चीन संयुक्त सैन्य अभ्यास काठमांडू में शुरू

**काठमांडू।** नेपाली सेना और चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास



'सागरमाथा फ्रेंडशिप' का पांचवां संस्करण रविवार को काठमांडू में शुरू हुआ। अभ्यास के दौरान दोनों सेनाओं के बीच आपदा प्रबंधन, संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन और आतंकवाद निरोध ज्ञान का आदान-प्रदान होगा।

## एनडीए की ओर से राधाकृष्णन और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी रिटायर्ड जस्टिस रेड्डी

# उपराष्ट्रपति चुनाव कल, भाजपा ने सांसदों को दिए टिप्स, शक्ति प्रदर्शन की तैयारी में कांग्रेस!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति चुनाव में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन और विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी के बीच सीधा मुकाबला है। इस बार दोनों उम्मीदवार दक्षिण भारत से हैं। राधाकृष्णन तमिलनाडु से जबकि रेड्डी तेलंगाना से हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव को विपक्ष ने वैचारिक लड़ाई बताया है, जबकि संख्याबल सत्तारूढ़ राजग के पक्ष में है। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी राज्यसभा महासचिव पी. सी. मोदी ने कहा है कि मतदान मंगलवार को संसद भवन के कमरा संख्या एफ-101, वसुधा में होगा। मतदान 9 सितंबर को सुबह 10 बजे शुरू होगा और शाम 5 बजे समाप्त होगा। राज्यसभा सचिवालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है, भारत के उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में संसद के दोनों सदनों के सदस्य शामिल होते हैं। राज्यसभा के मनोनीत सदस्य भी निर्वाचक मंडल में शामिल होने के पात्र हैं और इसलिए, चुनाव में भाग लेने के हकदार हैं। बयान के अनुसार, संसद भवन में मतदान की व्यवस्था 2025 के उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी एवं राज्यसभा के महासचिव पी.सी. मोदी द्वारा की जा रही है। बयान में कहा गया है, मतगणना उसी दिन शाम 6 बजे शुरू होगी और उसके तुरंत बाद परिणाम घोषित ▶▶|शेष पेज 3 पर

## भाजपा ने सांसदों के लिए आयोजित की दो दिवसीय कार्यशाला



*9 सितंबर को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए वोटिंग होनी है। अनुमान है कि उसी दिन गिनती होने के बाद नतीजे भी आ जाएंगे। एनडीए की तरफ से महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उतारा है, जबकि इंडिया गठबंधन ने सुप्रीम कोर्ट पूर्व जज बी सुदर्शन रेड्डी को प्रत्याशी बनाया है। दोनों ही दलों ने अपने प्रत्याशी के लिए रणनीति बनानी शुरू कर दी है। भाजपा ने रविवार से सांसदों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की, वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान से एक दिन पहले सोमवार शाम को संसद भवन में इंडिया ब्लॉक के सांसदों के लिए डिनर रखने वाले हैं।*

**सियासी गणित**

- निर्वाचक मंडल में राज्यसभा के 233 निर्वाचित सदस्य (वर्तमान में पांच सीटें रिक्त हैं)।
- राज्यसभा के 12 मनोनीत सदस्य और लोकसभा के 543 निर्वाचित सदस्य (वर्तमान में एक सीट रिक्त है)
- निर्वाचक मंडल में कुल 788 सदस्य (वर्तमान में 781) हैं।

- कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने इंडिया गठबंधन सांसदों के लिए आज रखा डिनर
- एनडीए को दलों ने बाहर से भी दिया है समर्थन



### कार्यशाला में आम सांसद बनकर पीछे बैठे पीएम

भाजपा सांसदों की दो दिवसीय कार्यशाला रविवार को संसद परिसर में शुरू हुई। उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले इस कार्यशाला का शुभारंभ हुआ, जिसमें पीएम मोदी सहित भाजपा के सभी सांसद शामिल हुए। इस दौरान पीएम मोदी का अनोखा अंदाज एक बार फिर देखने को मिला। वह बैठक में एक साधारण सांसद की तरह सबसे पीछे बैठे नजर आए। अब उनकी तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। रविवार सुबह शुरू हुई इस कार्यशाला में भाजपा सांसदों ने पीएम मोदी को जीएसटी सुधारों के लिए बधाई दी। इसके बाद सभी सांसदों को उपराष्ट्रपति चुनाव से जुड़ी जानकारी दी गई। इस दौरान पीएम मोदी सबसे पीछे की पंक्ति में एक आम सांसद की तरह बैठे दिखे। गोरखपुर सांसद रवि किशन ने इसकी तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की और लिखा कि सांसदों की कार्यशाला में आखिरी पंक्ति में बैठे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। यही है भाजपा की ताकत। यहां हर कोई कार्यकर्ता है।

### एनडीए को 11 अतिरिक्त सांसदों का समर्थन मिला

उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले एनडीए दूसरी पार्टियों के सांसदों का समर्थन जुटाने की कोशिश में लगी है। गठबंधन को आंध्र प्रदेश की वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के 11 सांसदों का समर्थन मिल चुका है। अब एनडीए ओडिशा की बीजेडी और तेलंगाना की बीआरएस को भी साथ लाने की कोशिश में जुटी है। बीजेडी ने अभी तक उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना रुख साफ नहीं किया है, जबकि बीआरएस को एनडीए और इंडिया दोनों ही अपने पाले में करने की कोशिश कर रहे हैं। इंडिया इसे क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के आधार पर समर्थन देने की अपील कर रहा है।

### विपक्षी सांसद 'मॉक' मतदान में लेंगे हिस्सा

विपक्षी सांसदों को नौ सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव की मतदान प्रक्रिया के बारे में सोमवार को जानकारी दी जाएगी। उसी दिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे उनके लिए रात्रिभोज का आयोजन करेंगे। 'इंडिया' गठबंधन के सूत्रों ने यह जानकारी दी। उपराष्ट्रपति चुनाव की मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी दिये जाने के बाद सोमवार को दोपहर करीब ढाई बजे संविधान सदन (पुराना संसद भवन) के सेंट्रल हॉल में 'मॉक' मतदान कराया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि शाम करीब 7:30 बजे कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे विपक्षी सांसदों के लिए संसदीय सौध में रात्रिभोज का आयोजन करेंगे।

# बच्ची से उठक-बैठक करना पड़ा महंगा, बर्खास्तगी के बाद अब एफआईआर दर्ज



### हरिभूमि में खबर के बाद कार्रवाई

इसके पूर्व हरिभूमि द्वारा प्रकाशित खबर के बाद डीईओ के निर्देश पर डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के क्षेत्रीय संचालक ने शिक्षिका नम्रता गुप्ता को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है, वहीं इस मामले में लापरवाही और शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं करने को लेकर प्रभारी प्राचार्य राजीव सिंह को छुट्टी पर भेज दिया है। मामले की जांच चल रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

कक्षा दूसरी की छात्रा से उठक बैठक कराने के मामले में अब पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। बच्ची के बड़े पिता की शिकायत पर सीतापुर पुलिस ने शिक्षिका के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। इसके साथ ही बच्ची के उपचार के लिए सीतापुर विधायक भी सामने आए हैं। उन्होंने छात्रा के परिजन से मुलाकात कर उसके उपचार के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। विधायक राम कुमार टोप्पो और सांसद चिंतामणि महाराज ने बच्ची के एम्स के डायरेक्टर को पत्र लिखकर बेहतर उपचार करने की अनुशंसा की है। बता दें कि ग्राम गुतुरमा निवासी 7 वर्षीया ▶▶|शेष पेज 3 पर

- विधायक ने की परिजन से मुलाकात
- एम्स में बेहतर उपचार के लिए की पहल

### विधायक भी पहुंचे मिलने

इस घटना की सूचना मिलने के बाद क्षेत्रीय विधायक राम कुमार टोप्पो भी बच्ची के निवास गुतुरमा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने समृद्धि के बड़े पिता अनुराग कुमार गुप्ता और परिवार के सदस्यों से मुलाकत की। उन्होंने इस घटना की निंदा करने के साथ ही हर संभव मदद का आश्वासन दिया। विधायक ने बच्ची के बेहतर उपचार की पहल करते हुए उसे एम्स भेजने की बात कही। विधायक श्री टोप्पो के साथ सांसद चिंतामणि महाराज ने भी एम्स में बच्ची के बेहतर उपचार के लिए एम्स के डायरेक्टर को पत्र लिखा है।

## संघ की बैठक में धर्मांतरण और अवैध घुसपैठ पर मंथन

# लव जिहाद राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा : आंबेकर

एजेंसी ▶▶| जोधपुर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने 'लव जिहाद' और धर्मांतरण को राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक सद्भाव के लिए एक बड़ा खतरा बताया है। उन्होंने कहा कि जबरदस्ती, प्रलोभन या धोखे से किया गया धर्मांतरण अनुचित है, क्योंकि इससे समाज में अशांति फैलती है। आंबेकर ने यह बात जोधपुर में आरएसएस की तीन दिवसीय अखिल भारतीय समन्वय बैठक के आखिरी दिन मीडिया से बातचीत में कही। आरएसएस की बैठक में धर्मांतरण और अवैध घुसपैठ जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा हुई, जिस पर सुनील आंबेकर ने मुख्य बिंदुओं को रेखांकित किया। आंबेकर ने बताया कि जनजातीय और वनवासी क्षेत्रों में धर्मांतरण की समस्या तेज़ी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि वनवासी कल्याण आश्रम जैसे संगठन इन क्षेत्रों में ▶▶|शेष पेज 3 पर

- अखिल भारतीय समन्वय बैठक का समापन

### कानूनी और सामाजिक पहल

आंबेकर ने बताया कि धर्मांतरण के मामलों को रोकने के लिए कानूनी कदम भी उठाए जा रहे हैं। विभिन्न संगठनों द्वारा कई मामले दर्ज किए गए हैं और न्यायालयों में ले जाए जा रहे हैं। इसके अलावा, सेवा भारती जैसे संगठन सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों की मदद कर रहे हैं ताकि उन्हें धर्मांतरण के लिए प्रलोभित न किया जा सके।

### धर्मांतरण एक राष्ट्रीय चुनौती

आंबेकर ने धर्मांतरण को सिर्फ एक धार्मिक मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव के लिए एक गंभीर चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल हिंदू धर्म की रक्षा की नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय अस्मिता को बचाने की भी है। उन्होंने विश्वास जताया कि जल्द ही अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी और इस समस्या का समाधान होगा।

### धर्मांतरण के खिलाफ संघ की रणनीति

आंबेकर ने बताया कि आरएसएस और उससे जुड़े संगठन धर्मांतरण की समस्या से निपटने के लिए एक व्यापक रणनीति पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज के साधु-संतों और जागरूक व्यक्तियों के साथ मिलकर इस समस्या को उजागर किया जा रहा है, खासकर उन मामलों को जो जबरदस्ती, लालच या भ्रम से किए गए हैं। विश्व हिंदू परिषद जैसे संगठन भी लोगों तक पहुंच बनाने के लिए बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं।

## चंद्रग्रहण से पहले सीएम साय ने की गौ-सेवा...

- साय बोले- गौ-सेवा से ही मिलती है सच्ची शांति और ऊर्जा
- गौमाता को रोटी और गुड़ खिलाकर प्रदेशवासियों के कल्याण की प्रार्थना की



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने चंद्रग्रहण से पूर्व मुख्यमंत्री निवास में गौमाता को रोटी और गुड़ खिलाया। इस अवसर पर उन्होंने पूरे प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौ-सेवा करने से उन्हें आत्मिक संतोष और नई ऊर्जा का अनुभव मिलता है।

## बहुमत खोने के बाद फैसला

# जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु ने दिया इस्तीफा

एजेंसी ▶▶| टोक्यो

जापान के प्रधानमंत्री इशिबा शिगेरु ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। जापानी ब्रॉडकास्टर एनएचके ने इशिबा शिगेरु के पीएम पद छोड़ने का विचार करने के बारे में जानकारी दी थी।



इसके कुछ घंटे बाद उन्होंने इस्तीफे का ऐलान कर दिया है। इस्तीफा ऐसे समय आया है, जब वह राजनीति में कई मुद्दों पर घिरे हुए हैं।

### दोनों सदनों में खोया बहुमत

इशिबा के सत्ता में आने के कुछ ही समय बाद एलडीपी और उसके गठबंधन सहयोगी कोमेइतो ने निचले सदन के चुनाव में अपना बहुमत खो दिया था। इसके बाद जुलाई में उच्च सदन के चुनाव में भी सत्तारूढ़ गठबंधन बहुमत से दूर रह गया। इससे इशिबा पर चुनाव परिणामों की जिम्मेदारी लेकर पद छोड़ने की मांग बढ़ गई। इसके बाद इशिबा के इस्तीफे की बात सामने आई है। जापान की एलडीपी पार्टी सोमवार को अपना नया नेता चुनने के लिए वोटिंग कर सकती है।

## जोमेटो और स्विगी ने बढ़ाई प्लेटफॉर्म फीस

# अब ऑनलाइन खाना मंगाना पड़ेगा महंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

त्योहारी सीजन से पहले जोमैटो, स्विगी और मैजिकपिन द्वारा मंच शुल्क में की गई बढ़ोतरी से देशभर के लाखों लोगों के लिए ऑनलाइन खाना ऑर्डर करना महंगा हो जाएगा। 22 सितंबर से डिलिवरी शुल्क पर 18 प्रतिशत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगने के कारण यह और भी बढ़ सकता है। स्विगी ने चुनिंदा बाजारों में अपना प्लेटफॉर्म या मंच शुल्क जीएसटी सहित 15 रुपए कर दिया है।

### डिलीवरी पर 18% जीएसटी

जीएसटी काउंसिल की ओर से ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स को डिलीवरी सर्विस पर 18% टैक्स लगाया गया है, जो 22 सितंबर से लागू होगा। बता दें कि इससे पहले ये सर्विस टैक्स के दायरे से बाहर थी, जिसे अब सीजीएसटी एक्ट की धारा 9(5) के तहत शामिल किया गया है।




**इतना महंगा होगा आर्डर**

स्विगी ने अपना प्लेटफॉर्म फीस को जीएसटी समेत 15 रुपए कर दिया है, तो वहीं दूसरी ओर जोमैटो ने भी अपना चार्ज बढ़ाकर 12.50 रुपए (जीएसटी को छोड़कर) कर दिया है। सिर्फ यही नहीं बल्कि फूड डिलीवरी सेक्टर की एक और बड़ी कंपनी मैजिकपिन ने भी जीएसटी के बिजनेस पर पड़ने वाले व्यापक असर को देखते हुए अपनी प्लेटफॉर्म फीस को संशोधित करके 10 रुपए प्रति ऑर्डर करने का ऐलान किया है।

### जीएसटी लागू होने से पहले लिया फैसला

सरकार के इस फैसले को लागू होने में अभी 15 दिन का समय बाकी है, लेकिन जोमैटो, स्विगी और मैजिकपिन जैसे ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्मों ने लगाए गए जीएसटी से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए अभी से प्लेफॉर्म फीस में तगड़ा इजाफा कर दिया है। इस बढ़ोतरी से देशभर के लाखों लोगों के लिए ऑनलाइन खाना ऑर्डर करना महंगा हो जाएगा।

### रेवन्ना जेल में लाइब्रेरी क्लर्क का करेंगे काम

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के हासन के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को परप्पना अग्रहारा जेल में लाइब्रेरी क्लर्क के रूप में काम आवंटित किया गया है। रेवन्ना बलात्कार के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। वह इस पद पर काम करने के दौरान साथी कैदियों को किताबें देंगे और उधार ली गई किताबों का रिकॉर्ड रखेंगे।

रेवन्ना को निर्धारित कर्तव्यों को पूरा करने पर प्रत्येक दिन के काम के लिए 522 रुपये दिए जाएंगे। जेल के नियमों के अनुसार, आजीवन कारावास की सजा पाए कैदियों को किसी न किसी प्रकार का श्रम करना पड़ता है और उनके कौशल एवं इच्छा के आधार पर उन्हें काम सौंपा जाता है।

# इन अनूठी परंपराओं के कारण 8 किमी का फासला 20 घंटे में तय करते हैं लाल बाग के राजा



**मुंबई।** मुंबई के सबसे मशहूर गणपति लाल बाग के राजा अपने अपने पंडाल से गिरगांव चौपाटी तक का सफर पूरा करने के लिए 20 घंटे का वक्त लेते हैं, हालांकि यह फासला महज आठ किलोमीटर का ही है। इस धीमी रफ्तार के पीछे कई सालों से चली आ रही कुछ परंपराएं हैं। अनंत चतुर्दशी के दिन मुंबई के लालबाग इलाके से राजा की सवारी सुबह 10:00 बजे शुरू होती है और अगले दिन करीब 6:00 बजे यह गिरगांव चौपाटी के समुद्र तट पर पहुंचती है। उनकी सवारी के साथ लाखों भक्तों का हुजूम चलता है।

### पड़ोसी गणपति के बाद प्रस्थान

परंपरा के मुताबिक, लाल बाग के राजा के पंडाल से बाहर निकालने के पहले पड़ोसी पंडाल के गणेश जिन्हें की गणेश गली के गणपति कहा जाता है, वह बाहर निकलते हैं। माना जाता है कि गणेश गली के गणपति ने ही लालबाग के मछुआरों की एक मन्नत पूरी की थी। इसके बाद लाल बाग के राजा गणेश उत्सव की शुरुआत हुई इसलिए इन दोनों पंडालों के बीच एक विशेष रिश्ता है।



### इलाके का भ्रमण, भक्तों को दर्शन

पंडाल से बाहर आने के बाद लाल बाग के राजा अगले तीन से चार घंटे तक इस इलाके में घूमते हैं। श्रद्धालु उनके आगमन का इंतजार करते हैं। इसके बाद वह भायखला के रास्ते गिरगांव चौपाटी के लिए आगे बढ़ते हैं। अनेक ठिकानों पर बड़े-बड़े फूलों के हर से लाल बाग के राजा का स्वागत किया जाता है। लोग अपने परिवार के साथ अपने प्रिय आराध्य देव की एक झलक पाने के लिए सड़क पर घंटों खड़े रहते हैं।

### हिंदुस्तानी मस्जिद में मुसलमान करते हैं स्वागत

लालबाग के राजा से जुड़ी एक दिलचस्प परंपरा यह है कि दो ठिकानों पर मुस्लिम समुदाय की ओर से भी उनका और उनके भक्तों का स्वागत किया जाता है। भायखला स्टेशन के पास हिंदुस्तानी मस्जिद के करीब पहुंचने पर मुस्लिम समुदाय की ओर से मिठाई बांटी जाती है। इसके बाद जब राजा की सवारी दो टाकी के मुस्लिम बहुल इलाके में पहुंचती है। वहां मुस्लिम समुदाय की ओर से भक्तों को शाही शरबत पिलाया जाता है।

### फायर ब्रिगेड की अनोखी सलामी

लालबाग के राजा की सवारी मुंबई फायर ब्रिगेड के मुख्यालय के सामने से गुजरती है तो वहां खड़े सभी फायर इंजन के सायरन बजने लग जाते हैं। उनकी बत्तियां राजा को सलामी देने के लिए जला दी जाती है। सायरन और बत्तियां तब तक चालू रहती हैं, जब तक की लालबाग के राजा की सवारी मुख्यालय के सामने से गुजर ना जाए।

### मछुआरे करते हैं विदा

पुरानी मुंबई की सड़कों से गुजरते हुए रात भर लाल बाग के राजा की सवारी धीमी रफ्तार से आगे बढ़ती है। सुबह 6:00 बजे गिरगांव चौपाटी पर पहुंचने के बाद वहां कोली समुदाय के लोग अपनी नौकाओं में रंग-बिरंगे झंडे लगाकर लाल बाग के राजा को भव्य सलामी देते हैं। इसके बाद मूर्ति को गहरे पानी में ले जाकर विसर्जित कर दिया जाता है।

## खबर संक्षेप

### नकली सामान बनाने व बेचने वाला गिरोह पकड़ाया



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में महंगे सामानों की नकल के निर्माण और बिक्री करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया जबकि कई अन्य की तलाश है। आरोपी की पहचान शालीमार बाग निवासी 35 वर्षीय मोहित सचदेवा के रूप में हुई है। दुकान से बड़ी मात्रा में नकली सामान बरामद किए गए, जिनमें 13 टी-शर्ट, 12 जोड़ी चश्मे, 14 शर्ट, तीन जींस, दो कलाई घड़ियां, पांच जोड़ी जूते, चार जोड़ी मोजे, तीन टोपी, तीन पैंट और एक बेल्ट शामिल हैं। इसके अलावा, कई खाली डिब्बे और नकली ब्रांड टैग भी जब्त किए गए।

### हाथी ने बुजुर्ग व्यक्ति को कुचलकर मार डाला

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के क्योंझर जिले में एक बुजुर्ग व्यक्ति को हाथी ने कुचलकर मार डाला। वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार रात उस वक्त हुई जब चंपुआ वन क्षेत्र के बरहापोसी गांव में हाथियों का एक झुंड घुस गया और उनमें से एक ने व्यक्ति पर हमला कर दिया।मृतक की पहचान अनादि महंत के रूप में की गई है। ज्ञात हो कि चंपुआ इलाके में पिछले एक महीने में हाथियों के हमले में अब तक अनादि सहित तीन लोगों की मौत हुई है, जिससे लोगों में आक्रोश है।

### रांची के छात्रावास में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

**रांची।** रांची के एक निजी छात्रावास में जारी देह व्यापार का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने पश्चिम बंगाल से 10 महिलाओं को हिरासत में लिया। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर लालपुर में महिला छात्रावास में छापा मारा गया और महिलाओं को हिरासत में लिया गया। पुलिस के अनुसार ये सभी महिलाएं कथित रूप से देह व्यापार में लिप्त थीं, जिसे छात्रावास से संचालित किया जा रहा था। उन्होंने कहा, ''10 महिलाओं को हिरासत में लिया गया है और इनमें से अधिकतर पेशेवर हैं। ये सभी पश्चिम बंगाल से हैं। छात्रावास के वार्डन को भी हिरासत में लिया गया है।

रूस-यूक्रेन और इजरायल-हमास की लड़ाई दिन-पर-दिन ले रही खतरनाक मोड़

# यूक्रेन पर रूस ने दागे 800 से ज्यादा ड्रोन, यूक्रेन ने भी हमले में उड़ा दी रूसी ऑयल-गैस पाइपलाइन

*रूस-यूक्रेन के बीच करीब चार साल से जारी जंग के बीच रविवार को पहली बार रूस ने यूक्रेन की कैबिनेट बिल्डिंग को निशाना बनाया। इस एयरस्ट्राइक में रूस ने 800 से ज्यादा ड्रोन से विस्फोटक गिराए। इसके जवाब जवाब में यूक्रेन ने भी रूस की ऑयल पाइपलाइन को टारगेट किया है। इधर, इजरायली सेना ने हमास से आर-पार की लड़ाई लड़ने का मूड बना लिया है और गाजा सिटी में रह रहे लाखों फलस्तीनियों को शहर छोड़कर सुरक्षित क्षेत्र में जाने का फरमान जारी कर दिया है।*

एजेंसी ▶▶| मास्को

रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर ताजा हमला किया है, जिसके बाद पेचेर्स्की ज़िले में कैबिनट बिल्डिंग में आग लग गई। यूक्रेनी सैन्य प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने रविवार को सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक चश्मदीदों ने यूक्रेनी सरकार की मुख्य इमारत से घना धुआं उठते देखा। हालांकि दोनों पक्ष जानबूझकर नागरिकों को निशाना बनाने से इनकार करते आए हैं. फरवरी 2022 में रूस की तरफ से यूक्रेन पर हमले शुरू करने के बाद से अब तक हज़ारों लोग मारे जा चुके हैं. पोलिश सशस्त्र बलों ने कहा कि पश्चिमी यूक्रेन पर हवाई हमलों का खतरा मंडरा रहा है, इसलिए पोलैंड ने हवाई सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने और सहयोगी विमानों को एक्टिव कर दिया है।



### रूस ने गिराए 800 से ज्यादा ड्रोन

यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि रूस ने कीव पर रात भर हमले किए हैं, जिसमें एक नवजात समेत तीन लोगों की मौत हो गई। 18 अन्य घायल हुए हैं। राजधानी में सरकारी मुख्यालय समेत कई इमारतों को आग के हवाले कर दिया गया। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि हमले की शुरुआत शहर पर ड्रोन हमलों से हुई और उसके बाद मिसाइल अटैक किए गए।

### यूक्रेन के हमले से रूसी तेल की सप्लाई प्रभावित हुई

हमले के जवाब में यूक्रेन ने भी रूस की ऑयल-गैस पाइपलाइन को निशाना बनाया है। यूक्रेन की ड्रोन फोर्स के कमांडर रॉबर्ट ब्रोवडी ने कहा रूस के ब्रायंस्क एरिया में द्रुजबा ऑयल पाइपलाइन पर हमला किया गया है, जिसमें भारी नुकसान हुआ है जिससे रूसी तेल की सप्लाई पर प्रभावित हुई है। इस पर फिलहाल मॉस्को की ओर से भी तत्काल कोई बयान नहीं आया है।

## इजरायल की वार्निंग

### अब हमास से होगी निर्णायक जंग तत्काल गाजा खाली करें

इजरायल ने हमास के साथ अब आर-पार की लड़ाई का मूड बना लिया है। इजरायली सेना ने गाजा सिटी में रह रहे लाखों फलस्तीनियों को शहर छोड़कर दक्षिणी भाग में बनाए गए सुरक्षित क्षेत्र में जाने का निर्देश दिया है। सेना का उद्देश्य शहर को आम नागरिकों से खाली करवाकर हमास के खिलाफ सीधी और निर्णायक कार्रवाई करना है। हालांकि बड़ी संख्या में लोग अपने घर-शहर को छोड़ने को तैयार नहीं हैं। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि अब हमास का अंत निश्चित है।



### गाजा पर हवाई व जमीनी हमले तेज

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा सिटी पर स्थायी कब्जा करने और उसकी सुरक्षा का पूर्ण दायित्व इजरायल द्वारा संभालने की घोषणा की है। इसी निर्देश के बाद इजरायली सेना ने हाल के हफ्तों में गाजा सिटी पर हवाई और जमीनी हमले तेज कर दिए हैं। शहर के मध्य भाग में फंसे लाखों लोगों को इजरायली सेना की घेराबंदी के चलते खाद्य सामग्री और जरूरी सामान तक नहीं मिल पा रहा है। अब तक 64 हजार से अधिक फलस्तीनी मारे गए।

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा

# बच्ची के साथ गलत हुआ उसकी गवाही काफी आरोपी की सजा बरकरार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने 3 सितंबर को एक बलात्कार मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि अगर किसी बच्ची के साथ गलत हो, तो सिर्फ उसकी गवाही के आधार पर भी आरोप सिद्ध हो सकता है। कोर्ट ने यह आदेश 2017 के एक बलात्कार केस की सुनवाई के दौरान दिया। कोर्ट ने कहा आरोपी क्रॉस-एग्जामिनेशन के दौरान बच्ची के विश्वास को डगमगा नहीं पाया। केस में दोषी ने कोर्ट में सजा कम करने की याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस मनोज कुमार ने 12 साल की सजा को बरकरार रखा है।

### कोर्ट में बच्ची का विश्वास डगमगाया नहीं



### अपने आदेश में क्या कहा कोर्ट ने

जस्टिस मनोज कुमार ओहरी ने 3 सितंबर को आरोपी टॉनी की अपील खारिज करते हुए कहा- कानून का सिद्धांत है कि यदि पीड़िता की गवाही अकेली हो लेकिन विश्वसनीय हो, तो दोषसिद्धि कायम रह सकती है। एफआईआर के मुताबिक, आरोपी वर्कशॉप में काम करता था और बच्ची को चाउमीन-कचौरी का लालच देकर दुकान में उससे रेप करता था। उसने बच्ची को धमकाया कि अगर किसी को बताया तो नाले में डुबोकर मार देगा या लकड़ी की तरह काट देगा।

### क्या है पूरा मामला

*एफआईआर के मुताबिक, आरोपी टोनी 10 साल की पीड़ित बच्ची के स्कूल के पास एक दुकान में काम करता था। उसने खाने-पीने के बहाने बच्ची को अपने जाल में फंसाया। जब बच्ची को उस पर विश्वास हो गया, तब टोनी ने उसके साथ बलात्कार किया। बलात्कार के बाद टोनी ने बच्ची को जान से मारने की धमकी दी।*

# बोको हराम ने किया कत्लेआम गांव में घुसकर 60 को मार डाला

एजेंसी ▶▶| मैदुगुरी

बोको हराम के आतंकवादियों ने उत्तर-पूर्वी नाइजीरिया के एक गांव में देर रात हमला कर दिया। इस हमले में दर्जनों लोगों की हत्या हो गई। यह गांव हाल ही में आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों के लिए बंद शिविर से लौटे निवासियों का घर था। गांव के ही रहने वाले मोहम्मद बाबागाना ने बताया कि बामा स्थानीय सरकारी क्षेत्र के दारुल जमाल पर शुक्रवार देर रात हुआ हमला। इस हमले में कम से कम 60 लोग मारे गए। बामा की स्थानीय सरकार के अध्यक्ष, मोडू गुज्जा ने कहा कि एक दर्जन से ज़्यादा घर जला दिए गए और



100 से ज़्यादा लोग अपने घरों से भागने को मजबूर हो गए हैं। दरअसल, 2021 में समूह के लंबे समय से नेता अबू बकर शेकाऊ की मृत्यु के बाद बोको हराम दो गुटों में विभाजित हो गया। इसमें से एक गुट इस्लामिक स्टेट समूह द्वारा समर्थित है और इसे इस्लामिक स्टेट वेस्ट अफ्रीका प्रोविंस के नाम से जाना जाता है।


### गवर्नर ने की रुकने की अपील

बोर्नो राज्य के गवर्नर बाबागाना ज़ुलुम ने शनिवार देर शाम हमलाग्रस्त इलाके का दौरान किया। ज़ुलम ने कहा, हमें लोगों से सहानुभूति है और हमने उनसे अपने घरों को न छोड़ने की अपील की है क्योंकि हमने सुरक्षा बढ़ाने और उनके लिए भोजन और अन्य जीवन रक्षक वस्तुएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है।

### बोको हराम के गुट ने किया हमला

गवर्नरने कहा कि कल रात की हत्याएं बोको हराम के एक गुट ने की, जिसे जमातु अहलिस सुन्ना लिद्दावती वाल-जिहाद के नाम से जाना जाता है। बता दें कि नाइजीरिया के घरेलू जिहादी बोको हराम ने 2009 में पश्चिमी शिक्षा का विरोध करने और इस्लामी कानून के अपने कट्टरपंथी संस्करण को लागू करने के लिए हथियार उठाए थे।

## पितरों का पिंडदान...



**प्रयागराज।** पितृपक्ष के प्रारंभ होने के साथ ही लोगों ने अपने पितरों का पिंडदान करना प्रारंभ किया।

### भाजयुमो की नशे के खिलाफ 'नमो युवा दौड़' 21 को

**नई दिल्ली।** भाजपा की युवा इकाई 21 सितंबर को 'नमो युवा दौड़ : नशा मुक्त भारत के लिए' का आयोजन करेगी, ताकि युवाओं को नशीले पदार्थों के इस्तेमाल से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया जा सके और लोगों को 'स्वदेशी' उत्पादों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कार्यक्रम की शुरुआत की घोषणा करते हुए रविवार को कहा कि यह दौड़ देशभर में 75 स्थानों पर आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभिनेता-मॉडल मिलिंद सोमन, जिन्हें आधिकारिक तौर पर इस पहल का 'राष्ट्रीय रन एम्बेसडर' नियुक्त किया गया है। मांडविया ने कहा कि भाजयुमो की ओर से आयोजित कार्यक्रम में लाखों युवा हिस्सा लेंगे

सूतक काल के साथ ही राम मंदिर अयोध्या से लेकर मथुरा-काशी के छोटे-बड़े मंदिर रहे बंद

# किसी भी ग्रहण में महाकाल सहित इन मंदिरों के कपाट नहीं होते बंद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


सूर्य ग्रहण या चंद्र ग्रहण के सूतक काल से ही मंदिरों में दर्शन बंद कर दिया जाता है और ग्रहण खत्म होने के बाद ही भगवान के दर्शन की अनुमति दी जाती है लेकिन देश के कुछ ऐसे प्रसिद्ध मंदिर हैं, जो ग्रहण के दौरान भी खुले रहते हैं। वहां भगवान का दर्शन भक्त नियमित तौर पर करते हैं। वहां सूतक काल को लेकर अलग ही मान्यता है। रविवार 7 सितंबर के चंद्रग्रहण के दौरान भी इन मंदिरों में दर्शन होते रहे। सूतक काल के साथ ही राम मंदिर अयोध्या से लेकर मथुरा और काशी तक बड़े मंदिरों के कपाट बंद हो जाते हैं लेकिन उज्जैन के महाकाल मंदिर समेत कुछ अन्य मंदिरों में अलग मान्यता है।

### उज्जैन का महाकालेश्वर मंदिर



ग्रहण के वक्त भी उज्जैन का महाकाल मंदिर खुला रहता है। ग्रहण के दौरान भी भक्त महाकाल के दर्शन कर सकते हैं। इस मंदिर के द्वार किसी भी चाहे सूर्य हो या चंद्रग्रहण के दौरान बंद नहीं किए जाते। ग्रहण के वक्त पूजा अर्चना और आरती के समय में ही परिवर्तन होता है, जिसकी सूचना पहले ही दे दी गई है।

### बीकानेर का लक्ष्मीनाथ मंदिर



राजस्थान के बीकानेर जिले में लक्ष्मीनाथ मंदिर है। इस मंदिर के कपाट भी सूर्य या चंद्र ग्रहण के समय बंद नहीं किए जाते हैं। चंद्र ग्रहण का सूतक काल भी यहां नहीं माना जाता। मान्यता है कि एक बार ग्रहण के दौरान मंदिर के पुजारी ने भगवान की पूजा अर्चना और भोग के साथ आरती नहीं की थी। इसके बाद भगवान ने मंदिर के सामने हलवाई के सपने में आकर भूख लगने की बात कही थी। तब से किसी भी ग्रहण पर यहां मंदिरों के कपाट दर्शन के लिए बंद नहीं होते।

### गयाजी का विष्णुपाद मंदिर

पिंडदान के लिए प्रसिद्धगयाजी में विष्णुपाद मंदिर काफी प्रसिद्ध है। सूर्य ग्रहण हो या चंद्र ग्रहण ये मंदिर हमेशा खुला रहता है। ग्रहण के दौरान पिंडदान करने को यहां शुभ कार्य माना जाता है।

**काशी विश्वनाथ मंदिर में अलग मान्यता :** काशी विश्वनाथ मंदिर से मिली जानकारी के मुताबिक मंदिर चंद्र ग्रहण या सूर्य ग्रहण के करीब 2.5 घंटे पहले ही मंदिर के कपाट बंद दर्शन के लिए बंद होते हैं। पूरे सूतक काल के लिए मंदिर बंद नहीं होता। शिव स्वरूप काशी विश्वनाथ तीन लोक के स्वामी हैं। ऐसे में सूतक का प्रभाव उन पर नहीं होता है। प्रतिदिन की भांति शयन आरती के बाद मंदिर के कपाट बंद होंगे।

**गंगा आरती दिन में हुई, 34 साल में पांचवी बाद बदलाव**
रविवार की रात लगने वाले चंद्रग्रहण के कारण वाराणसी में रोजाना शाम में होने वाली गंगा आरती आज दोपहर में ही हुई। 34 साल में आज पांचवां ऐसा मौका है जब शाम वाली गंगा आरती दिन में ही करानी पड़ी। चंद्र ग्रहण भले ही रात दस बजे से लगा लेकिन सूतक काल के कारण गंगा आरती दोपहर में ही कराई गई। इसके साथ ही तमाम मंदिरों के कपाट भी बंद कर दिए गए हैं।

### केरल का श्री कृष्ण मंदिर

केरल का थिरुवरप्पु श्री कृष्ण मंदिर कोट्टायम इलाके में है। कहा जाता है कि यहां भूख से कान्हा की चार हाथों वाली मूर्ति दुबली हो जाती है। मंदिर में भगवान को दस बार भोग लगाया जाता है। श्रीकृष्ण को भूख सहन नहीं होती है। यहां भी सूर्य ग्रहण के दौरान एक बार कपाट बंद होने पर भगवान की कमरपेटी ढीली होकर गिर गई थी। तब से परंपरा चली आ रही है कि ग्रहण में मंदिर के दरवाजे बंद नहीं किए जाएंगे।

पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ कर रही है

# तीसरी पत्नी ने प्रेमी संग रचा खूनी खेल हत्याकर कुएं में फेंका पति का शव

एजेंसी ▶▶| अनूपपुर

मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के सकरिया गांव में 60 वर्षीय भैयालाल रजक की हत्या का सनसनीखेज खुलासा हुआ। तीसरी पत्नी मुन्नी बाई ने अपने प्रेमी लल्लू और साथी धीरज संग मिलकर लोहे की रॉड से हमला कर पति की हत्या की। शव को बोरे व कम्बल में लपेटकर कुएं में फेंका गया। मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के सकरिया गांव में मिली लाश ने पूरे इलाके को दहला दिया था। खेत के एक कुएं से बोरे और कम्बल में लिपटी, रस्सी व साड़ियों से बंधी लाश बरामद हुई थी। पहचान 60 वर्षीय भैयालाल रजक के रूप में हुई। पुलिस ने कुएं को खाली कर शव और मृतक का मोबाइल बरामद कर लिया। सनसनीखेज हत्याकांड का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने मुन्नी बाई, उसके प्रेमी लल्लू और धीरज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### तीन बहनों से की थी शादियां

दरअसल, भैयालाल ने तीन शादियां की थीं. पहली पत्नी घर छोड़कर चली गई थी, जिसके बाद उसने अपनी साली गुड्डी बाई से शादी की। संतान न होने पर उसने गुड्डी की छोटी बहन मुन्नी बाई से तीसरी शादी कर ली। इसी दौरान पैतृक जमीन के सौदे को लेकर घर आने-जाने वाले दलाल लल्लू से मुन्नी के अवैध संबंध बन गए।

## जैकेट के शेष

### चांद ने पांच घंटे ....
भारत में दिखाई देने वाला सबसे लंबा पूर्ण चंद्रग्रहण रहा। खगोलविदों के मुताबिक 27 जुलाई, 2018 के बाद यह पहली बार होगा जब देश के सभी हिस्सों से पूर्ण चंद्रग्रहण देखा गया। भारत के अलावा चीन में भी इसे देखा गया। इसके अलावा अफ्रीका और पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट से भी यह पूर्ण चंद्रग्रहण नजर आया। विशेष बात यह है कि साल का दूसरा चंद्र ग्रहण शनि की राशि कुंभ में लगा।

### बारिश में ऊंचाई मापी ....
टेस्ट लेने के लिए जो टेंडर निकाला गया था, उसे रद्द कर दिया गया है। फिजिकल टेस्ट होने के बाद ही लिखित परीक्षा सहित आगे की प्रक्रिया प्रारंभ हो पाएगी।

### शारीरिक नाप-जोख के .....
मैदान में होती है। बारिश में उपकरणों के प्रयोग से वे खराब हो जाएंगे। उन्हें बारिश के बाद शारीरिक नाप-जोख प्रक्रिया प्रारंभ करने की बात कही गई थी, लेकिन अब टेंडर ही रद्द होने ये इस पर भी असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। पुलिस मुख्यालय द्वारा लगातार दूसरी बार टेंडर रद्द किए जाने का कारण स्पष्ट नहीं किया गया है। अपरिहार्य कारण बताते हुए टेंडर रद्द किया गया है।

### लुत्ती-गेरसा के बाद ....
जुलाई की रात भारी बारिश के कारण लबालब सकेतवा बांध टूटने की कगार पर पहुंच गया था। बांध में 20-25 मीटर की दूरी तक दरार आ गई थी। गनीमत रही कि समय रहते बांध में दरार की सूचना प्रशासन को मिल गई और प्रशासन ने हरकत में आकर बांध के आस पास के घरों में रहने वाले लोगों को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित कर दिया। प्रशासनिक टीम ने समय रहते मोर्चा संभाला और आउट लेट की सफाई कराने के साथ ही वैकल्पिक नहर बनाकर पानी को बाहर निकाला जिससे बांध फूटने से बच गया। अब फिलहाल विभाग की ओर से बांध के मरम्मत का कार्य कराया गया है। बांध के आउट लेट की सफाई कराने के साथ ही 20-25 फीट के दरार वाले स्थान पर मिट्टी डालकर दरार को भरा गया है।

**बारिश होने पर खाली हो जाते हैं घर** : प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत सकेतवा बांध की मरम्मत का कार्य तो करवा लिया है जिससे खतरा टल गया है लेकिन पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। अधिकारी भी इस बात को मान रहे है कि बांध पूरी तरह से सुरक्षित नहीं है। यही वजह है कि जब भी बारिश होती है तो आस पास के चिन्हांकित पांच घरों के लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया जाता है। दिन के समय ग्रामीण अपने घरों में रहते है लेकिन यदि बारिश होती है तो रात के समय उन्हें उनके रिश्तेदारों के घर जाने को बोल दिया जाता है।

**कराई गई है तात्कालिक मरम्मत** : तात्कालिक व्यवस्था के तहत सकेतवा बांध के मरम्मत का कार्य करने के साथ ही आउटलेट की सफाई कराई गई थी। बारिश होने पर रात के समय चिन्हांकित 5 घरों के लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया जाता है। बांध की मरम्मत के लिए भी प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा।
**- आनंद राम नेताम**, एसडीएम

### महानदी का मुख्य ....
लगभग 15 फीट चौड़ा हिस्सा कट गया। ग्राम कुकरा के किसान खेमचंद साहू ने अपने खेत में खाद छिड़कते समय नहर का गंदा पानी देखा और स्थिति को भांपते ही तत्काल सरपंच नंदलाल डहरिया को सूचना दी। सरपंच मौके पर एक दर्जन युवकों के साथ पहुंचे और झाड़ियों व मिट्टी डालकर पानी के बहाव को रोकने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही चन्द्राकर ने तत्काल कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, जिला पंचायत सीईओ सहित अन्य अधिकारियों को अवगत कराया। अधिकारियों ने बिना देर किए एक घंटे के भीतर जेसीबी व ट्रैक्टर की मदद से मरम्मत कार्य शुरू कराया। तेजी से काम कर कटे हुए हिस्से को बंद कर पानी के बहाव पर काबू पाया गया।

### पंजाब के बिगड़े ....
पंजाब में बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने आई केंद्र सरकार की दो टीम अपने दौरे के बाद केंद्र सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगी। भारत सरकार पूरी तरह पंजाब के लोगों के साथ खड़ी है।हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश के बाद सतलुज, व्यास और रावी नदियों और मौसमी नालों में उफान के कारण पंजाब के बड़े हिस्से में बाढ़ आई हुई है। इसके अलावा, पिछले कुछ दिनों से पंजाब में हो रही भारी बारिश ने बाढ़ की स्थिति और बिगाड़ दी है। अधिकारियों के अनुसार, पंजाब में बाढ़ के कारण अब तक 46 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 1.75 लाख हेक्टेयर कृषि क्षेत्र में लगी फसलें बर्बाद हो गई हैं।

**हिमाचल में बादल फटने, बाढ़ से 366 की मौत** : हिमाचल प्रदेश में मानसून में बारिश से जुड़ी घटनाओं और सड़क हादसों में अब तक 366 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र के अनुसार, इन 366 लोगों में से 203 की मौत बारिश से जुड़ी घटनाओं में हुई, जिनमें 42 मौतें भूस्खलन, 17 बादल फटने और नौ अचानक आई बाढ़ में हुईं। स्थानीय मौसम केंद्र ने सोमवार को राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों में आंधी-बारिश की आशंका को लेकर 'येलो अलर्ट' जारी किया है।

### पिकअप ने बाइक ....
गांव में शोक - इधर इस घटना की खबर जैसे ही गांव के लोगों को हुई, गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। पुलिस इस मामले में कार्रवाई कररही है।

### वनमंत्री पर मारपीट ....
केदार कश्यप छत्तीसगढ़ के एक वरिष्ठ मंत्री हैं। इन्होंने जगदलपुर, बस्तर में एक कर्मचारी को मां-बहन की गाली भी दी और कॉलर पकड़ कर मारा भी। मां की गाली देने वाले मंत्री का इस्तीफा तो भाजपा को ले ही लेना चाहिए। सार्वजनिक रूप से माफी भी मांगनी चाहिए। रो-रोकर माफी मांगें तो अच्छा है, आंसू सूख गए हों तो बिना रोए भी चलेगा।

### कांग्रेस गलतबयानी कर ....
चुनावी हार से कांग्रेस बौखला गई है। मुद्दाविहीन कांग्रेस गलत बयानबाजी कर रही है।

### राजनीति प्रेरित और ....
सब कांग्रेस का भ्रामक प्रचार है, क्योंकि उनके पास कोई मुद्दा नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे देवतुल्य कार्यकर्ताओं का अपमान किसी भी स्थिति में मेरे लिए सहनीय नहीं है। मामले को गलत बताते हुए कांग्रेस का भ्रामक प्रचार बताया है।

### मंत्री केदार पर .....
गालीबाज नेता हैं, इसके पहले कोंडागांव में भी वे ऐसा कर चुके हैं। सत्ता के मद में जनता को कीड़ा-मकोड़ा समझते हैं। मुख्यमंत्री अपने मंत्री पर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री, केदार कश्यप से इस्तीफा लें। वे इस्तीफा नहीं देते हैं तो उनको बर्खास्त किया जाए। गरीब कर्मचारी से मारपीट, गाली देने के लिए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए।

### पूरे प्रदेश में ....
की और उनके तत्काल इस्तीफे की मांग की।

### 12 पुलिसकर्मियों ....
थाना क्षेत्र के कुकडू में पांच पुलिसकर्मियों की हत्या और हथियार लूटने की घटना में शामिल था। हंसदा चार जनवरी, 2022 को पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर हमले और हथियार लूटने की घटना में भी शामिल था।

### गणेश विसर्जन के ....
की शिकायत नहीं की गई है। ऐसे में बिना पीएम कराए ही शव परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बता दें कि शनिवार को नगर में गणेश प्रतिमाओं के सामूहिक विसर्जन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस विसर्जन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए महुआ पारा निवासी ठेकेदार विकास गुप्ता का 15 वर्षीय पुत्र विकास गुप्ता भी पहुंचा था। विसर्जन के दौरान प्रवीण गुप्ता डीजे की तेज आवाज के बीच नाच रहा था और नाचते नाचते वह जमीन पर गिर गया। प्रवीण के जमीन पर बेहोश होकर गिरने के बाद हड़कंप मच गया। आनन फानन में पुलिस के पेट्रोलिंग वाहन से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल निर्मित हो गया और विसर्जन को लेकर लोगों का उत्साह भी शांत हो गया।

**खाली पेट लिया एनर्जी ड्रिंक** : मृतक प्रवीन गुप्ता आत्मानंद स्कूल में कक्षा 8वीं का छात्र था। अब तक जो बात सामने आई है, उसके अनुसार प्रवीण गणेश पूजन के कारण एक दिन पहले से उपवास रखा हुआ था।शनिवार को भी उसने कुछ नहीं खाया। लोगों का कहना है कि छात्र ने विसर्जन में जाने से पहले के लिए दो एनर्जी ड्रिंक पी लिया था ताकि उसे ताकत मिल सके। संभावना जताई जा रही है की खाली पेट एनर्जी ड्रिंक पीने से ही उसका बीपी अनियंत्रित हो गया होगा। इस दौरान डीजे की तेज आवाज में नाचने के दौरान ही उसे हार्टअटैक आया, लेकिन छात्र को कुछ समझ नहीं आया होगा। छात्र की मौके पर ही मौत हो गई।

**परिजन ने नहीं कराया पीएम** : घटना के बाद अस्पताल में कुछ लोगों ने चिकित्सक के कक्ष में मौजूद नहीं रखने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा मचाया। लोगों का कहना था कि चिकित्सक 20 मिनट देर से अस्पताल में पहुंचे जबकि चिकित्सक अस्पताल में ही मौजूद थे। घटना हंगामे की सूचना मिलने के बाद एसडीएम देवेंद्र प्रधान और थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह के नेतृत्व में पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और समझाइश देकर मामला शांत कराया। इधर मृतक के पिता ने किसी भी प्रकार की शिकायत पुलिस से नहीं की है और ना ही कोई आरोप लगाया है। उन्होंने लिखित में आवेदन देकर पीएम नहीं कराने की बात कही जिसके बाद पुलिस ने बिना पीएम किए ही शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। रविवार को गमगीन माहौल में छात्र का पीएम किया गया।

### कैंसर पर वार, रूस ....
बताया कि इस वैक्सीन पर कई वर्षों से रिसर्च चल रही थी, जिसमें पिछले तीन साल जरूरी प्रीक्लिनिकल स्टडी को समर्पित रहे। परीक्षणों में पाया गया कि यह वैक्सीन ट्यूमर को 60% से 80% तक घटाने और कैंसर की गति को धीमा करने में कारगर रही। इसके साथ ही मरीजों की जीवन प्रत्याशा में भी सुधार देखा गया है। वेरोनिका ने कहा कि वैक्सीन उपयोग के लिए तैयार है, अब हम आधिकारिक मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं। यह वैक्सीन बार-बार देने पर भी पूरी तरह सुरक्षित पाई गई है।

## पेज एक के शेष

### उपराष्ट्रपति चुनाव कल, भाजपा...
किये जाएंगे। राधाकृष्णन तमिलनाडु में भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे हैं और वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। रेड्डी उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश हैं। रेड्डी (79) जुलाई 2011 में शीर्ष अदालत से सेवानिवृत्त हुए थे। वह एक वरिष्ठ न्यायविद हैं। उन्होंने एक फैसले में, नक्सलियों से लड़ने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गठित सलवा जुडूम को असंवैधानिक घोषित कर दिया था। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में रेड्डी ने विदेश में बैंक खातों में अवैध रूप से रखे गए बेहिसाबी धन को वापस लाने के लिए सभी कदम उठाने के वास्ते एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन का आदेश दिया था।

### बच्ची से उठक-बैठक करना...
समृद्धि गुप्ता आ. मनोज गुप्ता अपने बड़े पिता अनुराग कुमार गुप्ता के घर में रहकर डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में कक्षा दूसरी में पढ़ाई करती है। छात्रा 1 सितम्बर को स्कूल गई हुई थी। अनुराग कुमार गुप्ता का आरोप है कि स्कूल शिक्षिका नम्रता गुप्ता ने उनकी भतीजी समृद्धि गुप्ता के साथ गाली गलौज करते हुए उससे उठक बैठक कराया। इस घटना से बच्ची के दोनो घुटनों, कमर व रीड की हड्डी में दर्द है और बच्ची ठीक से खड़ी तक नहीं हो पा रही है। अनुराग कुमार गुप्ता ने सीतापुर थाने में मामले की शिकायत करते हुए शिक्षिका पर बच्ची को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति करने का आरोप लगाया है। फिलहाल बच्ची का उपचार विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने मामले में शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी जिसके बाद पुलिस ने शिक्षिका नम्रता गुप्ता के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115(2), किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 75, 82 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### लव जिहाद राष्ट्रीय...
छात्रावास और जनजातीय लोगों के अधिकारों के लिए काम कर रहे हैं, फिर भी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

**बंगाल में अवैध घुसपैठ की समस्या** : बैठक में पश्चिम बंगाल में बढ़ती अवैध घुसपैठ पर भी चिंता व्यक्त की गई। आंबेकर ने कहा कि बांग्लादेश से बड़ी संख्या में अवैध घुसपैठिए बंगाल में रह रहे हैं, जिससे उपद्रव और कानून-व्यवस्था की समस्याएं पैदा हो रही हैं। उन्होंने बताया कि इन समस्याओं को रोकने के लिए कानूनी और सामाजिक दोनों स्तरों पर काम किया जा रहा है ताकि शांति सुनिश्चित की जा सके।

---

**टीएमसी विधायक की बीजेपी नेताओं को धमकी**

# 'मुंह में तेजाब डालकर तुम्हारी आवाज को राख कर दूंगा'

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में तृणमूल कांग्रेस के विधायक और जिला अध्यक्ष अब्दुर रहीम बख्शी के एक विवादित बयान ने सियासी तनाव बढ़ा दिया है। मालतीपुर विधानसभा क्षेत्र के इनायतनगर में आयोजित एक विरोध रैली में बख्शी ने बीजेपी नेताओं पर तीखा हमला बोला। टीएमसी का आरोप है कि बीजेपी शासित राज्यों में बंगाल के प्रवासी मजदूरों खासकर, मुस्लिमों को बांग्लादेशी घुसपैठिया बताकर प्रताड़ित किया जा रहा है। ममता बनर्जी की पार्टी ने बंगालियों पर कथित अत्याचार और बंगाली भाषा के अपमान का आरोप लगाकर पूरे राज्य में विरोध रैलियों का आयोजन किया था। ऐसी ही एक रैली में अब्दुर रहीम बख्शी ने यह विवादित टिप्पणी की।

#### क्या कहा अब्दुर रहीम ने



उन्होंने सिलीगुड़ी के बीजेपी विधायक शंकर घोष के बंगाल विधानसभा में दिए एक पुराने बयान का जिक्र किया। अब्दुर रहीम बख्शी ने बिना नाम लिए बीजेपी विधायक शंकर घोष पर निशाना साधते हुए कहा, 'एक बीजेपी नेता बेशर्मी से कहता है कि बंगाल के 30 लाख प्रवासी मजदूर बंगाली नहीं हैं, वे रोहिंग्या या बांग्लादेशी हैं। अगर मैंने बीजेपी नेताओं से यह दोबारा सुना तो मैं उनके मुंह में एसिड डालकर उनकी आवाज को राख कर दूंगा। याद रखो यह पश्चिम बंगाल है। हम बंगाली तुम्हें बोलने का मौका नहीं देंगे। मैं तुम्हारे चेहरे पर एसिड डाल दूंगा।

#### भाजपा का बहिष्कार व हमले की अपील
*अब्दुर रहीम बख्शी ने लोगों से बीजेपी नेताओं का सामाजिक बहिष्कार करने और उनकी पार्टी के झंडे फाड़ने का आह्वान किया। इतना ही नहीं, उन्होंने बीजेपी सांसदों पर शारीरिक हमले की भी चेतावनी दी। बख्शी ने आरोप लगाया कि बीजेपी शासित राज्यों में बंगालियों की हत्या हो रही है, लेकिन बंगाल में बीजेपी समर्थक इस पर चुप हैं। उन्होंने कहा, 'इसीलिए इस क्षेत्र में बीजेपी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।*

#### भाजपा बोली- टीएमसी राजनीतिक हिंसा को सामान्य बना रही
टीएमसी विधायक अब्दुर रहीम बख्शी के बयान पर बीजेपी ने कड़ा ऐतराज जताया है। बीजेपी आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर एक पोस्ट में टीएमसी पर राजनीतिक हिंसा को सामान्य बनाने का आरोप लगाया। मालवीय ने कहा कि यह कोई पहला मामला नहीं है। कुछ साल पहले भी बख्शी ने बीजेपी, सीपीआई(एम), और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के हाथ-पैर काटने की धमकी दी थी।

#### अब्दुर रहीम बख्शी ने किया बयान का बचाव
अमित मालवीय ने आरोप लगाया कि मालदा और मुर्शिदाबाद जैसे जिलों में, जहां 'अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या' ममता बनर्जी का वोट बैंक हैं, ऐसी धमकियां टीएमसी की राजनीति का हिस्सा हैं। उन्होंने सवाल उठाया, 'यह लोकतंत्र है या आतंक?' विवाद बढ़ने पर बख्शी ने मीडिया के सामने अपने बयान का बचाव करते हुए कहा, 'मैंने कोई अलोकतांत्रिक बयान नहीं दिया।

---

## फिट इंडिया संडे ऑन 'साइकिल' पहल के तहत सांसदों ने चलाई साइकिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' पहल के तहत प्रतिष्ठित इंडिया गेट और कर्तव्य पथ पर सांसदों के साथ साइकिल चलाई। इस पहल का अनूठा विषय 'गर्व से स्वदेशी' है और इसमें भारत में बने उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है। 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' का 39वां संस्करण भारतीय रेलवे के सहयोग से देश भर में 8000 स्थानों पर आयोजित किया गया।

- **केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया का 'गर्व से स्वदेशी' उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान**

**साक्षी मलिक ने दिखाई हरी झंडी** : नई दिल्ली में, ओलिंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने सुबह 7 बजे मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम से इस कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाई। इसमें 1500 से ज़्यादा साइकिल चालक और फिटनेस प्रेमी मौजूद थे। 'संडे ऑन साइकिल' के इस संस्करण में एक नया जुड़ाव देखने को मिला: 'गर्व से स्वदेशी' उत्सव, जिसमें भारतीय स्पोर्ट्सवियर और फिटनेस ब्रांड्स ने प्रतिभागियों के लिए स्वदेशी उत्पादों के साथ अपने स्टॉल लगाए।

**साइकिलिंग में सांसदों सहित ये रहे शामिल** : इस कार्यक्रम में शामिल सांसदों में कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, नवीन जिंदल, पुरुषोत्तम रूपाला, प्रभुभाई वसावा, हेमंग जोशी, सुभाष बराला, भोजराज नाग और रमेश बिधूड़ी आदि शामिल हुए। इस कार्यक्रम में भारतीय रेलवे के 250 से ज़्यादा कर्मचारियों ने इस साइकिलिंग पहल में भाग लिया।

## आकाशीय बिजली से मौत के बाद शव को गोबर के ढेर में रखा

एजेंसी ▶▶| लातेहार

झारखंड के लातेहार जिले में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 45 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई, जिसके बाद अंधविश्वासी परिजनों ने उसे फिर से जिंदा करने की आस में उसके शव को गोबर के ढेर में रख दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस के समझाने-बुझाने के बाद परिजनों ने व्यक्ति का शव पोस्टमार्टम के लिए सौंप दिया। महुआडांड़ पुलिस थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि रामनाथ यादव शनिवार शाम अपनी पत्नी शोभा देवी के साथ पशुओं को चराने के लिए खेत ले गया था, तभी वह आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

#### अंधविश्वास के चलते गोबर के ढेर में रखा
कुमार के मुताबिक, "परिजन रामनाथ को महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद, परिजन पुलिस को सूचित किए बिना रामनाथ के शव को घर ले आए और इस अंधविश्वासवश में उसे गोबर के ढेर में रख दिया कि रामनाथ फिर से जीवित हो जाएगा।"

## मुंबई के नायर अस्पताल और हवाई अड्डे को मिली बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई के नायर अस्पताल और मुंबई हवाई अड्डे को शनिवार को ईमेल के जरिए से बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इसके बाद पुलिस में हड़कंप मच गया और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉयड की मदद से तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। हालांकि, अभी तक कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। पुलिस अब ईमेल पते के जरिए धमकी भेजने वाले का पता लगाने में भी जुटी है।

#### आरोपी ने कैसे दी धमकी?
मुंबई पुलिस ने बताया कि शनिवार रात करीब 11 बजे नायर अस्पताल के डीन को ईमेल के जरिए बम की धमकी दी थी। सूचना पर पुलिस ने अस्पताल की गहन तलाशी ली, लेकिन वहां कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। कुछ देर बाद ही मुंबई के घरेलू सहार हवाई अड्डे की वेबसाइट पर भी बम की धमकी मिल गई। धमकी में लिखा था कि हवाई अड्डे के टॉयलेट में बम रखा गया है, लेकिन जांच में वहां भी कुछ नहीं मिला।

---

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## मुंबई की इमारत में आग से महिला की मौत, 18 घायल

**मुंबई।** उत्तरी मुंबई के दहिसर में रविवार को 24 मंजिला इमारत में आग लगने के कारण एक महिला की मौत हो गई और 18 लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि दहिसर पूर्व के शांति नगर में स्थित न्यू जनकल्याण सोसाइटी में अपराह्न करीब तीन बजे आग लगी। उन्होंने कहा, इमारत में रहने वाले 36 लोगों को बचा लिया गया, जिनमें से 19 को विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया। रोहित अस्पताल में भर्ती सात लोगों में से एक महिला की मौत हो गई। एक पुरुष की हालत गंभीर है। अन्य की हालत स्थिर है। घायलों में से दस को नॉर्दर्न केयर अस्पताल और एक-एक को प्रगति अस्पताल व नगर निगम द्वारा संचालित शताब्दी अस्पताल ले जाया गया।अधिकारी ने बताया, शाम करीब 4:30 बजे आग पर काबू पा लिया गया और शाम 6:10 बजे पूरी तरह से बुझा दी गई। शीतलन अभियान जारी है। आग चौथी मंजिल तक ही रही।

# विपक्षी गठबंधन में दो दल और जुड़े, सीट बंटवारे को लेकर बढ़ीं चुनौतियां

## बिहार विधानसभा चुनाव में मचेगी उथल-पुथल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



जैसे-जैसे बिहार विधानसभा चुनाव नज़दीक आते जा रहे हैं, सत्ताधारी एनडीए और विपक्षी महागठबंधन – दोनों खेमों में सीट बंटवारे की कवायद तेज हो गई है। एनडीए में जहां चिराग पासवान, जीतनराम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा की मांगों से बातचीत कठिन हो रही है, वहीं विपक्षी महागठबंधन में अब दो और दल जुड़ गए हैं – झारखंड मुक्ति मोर्चा (हेमंत सोरेन) और लोजपा (पशुपति पारस गुट)। महागठबंधन में पहले से ही राजद, कांग्रेस, भाकपा, माकपा, भाकपा (माले) और वीआईपी मौजूद थे। अब झामुमो और पारस गुट के जुड़ने से दलों की संख्या 8 हो गई है। यानी अब राज्य की 243 विधानसभा सीटों का बंटवारा आठ पार्टियों के बीच करना होगा, जो सहमति तक पहुँचना और भी कठिन बना देगा। महागठबंधन का कुनबा बढ़ा जरूर है, लेकिन सीटों के बंटवारे का गणित और कठिन हो गया है। तेजस्वी यादव के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती होगी सभी दलों को साधकर चुनाव मैदान में उतरना।

**झामुमो को भी देना ही होगा हिस्सा** : झारखंड में राजद और कांग्रेस हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली झामुमो सरकार का हिस्सा हैं, इसलिए बिहार में भी झामुमो को कुछ सीटें दी जाएंगी। झारखंड बिहार की सीमावर्ती सीट बांका, मुंगेर और भागलपुर जैसे झारखंड सीमा से सटे इलाकों में झामुमो को उम्मीदवार उतारने का मौका मिल सकता है।

#### पशुपतिनाथ रामविलास के हैं छोटे भाई
विदित हो की पशुपतिनाथ पारस स्वर्गीय रामविलास पासवान की छोटे भाई हैं। रामविलास पासवान के बाद छोटे भाई और बेटे मौजूदा केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के बीच तकरार में पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न पशुपतिनाथ पारस के पास आया था। वे भाजपा के साथ थे। केंद्रीय मंत्री रहे। अब बदली परिस्थिति में वे विपक्षी गठबंधन में शामिल हुए हैं। माना जा रहा है कि पारस गुट को 2–3 सीटें मिल सकती हैं, जिन पर वे और उनके बेटे चुनाव लड़ेंगे।

#### कांग्रेस को भी कम सीटों की संभावना
कांग्रेस को भी इस बार 70 की जगह 50-60 सीटों के अंदर संतोष करना पड़ सकता है, बशर्ते सीटें "विजयी संभावना" वाली हों। हालांकि कांग्रेस ने साफ कहा है कि सभी दलों को अपनी सीटें छोड़कर आपसी तालमेल बनाना होगा। कांग्रेस में स्पष्ट कह दिया है कि ज़्यादा से ज़्यादा स्थानीय दलों के साथ चुनाव लड़ा जाएगा चाहे उन्हें अपने हिस्से की सीटों में से कुछ सीट साथी दलों को देना पड़ जाए।

---

## शब्द पहेली - 5982



**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

**शब्द पहेली- 5981 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | सो | नि | या | गां | धी | ■ | म | हा | न | ता |
| खा | ना | ■ | प | ■ | र | क्ष | क | ■ | म | ल |
| ना | ■ | म | न | सि | ज | ■ | र | ग | ■ | मे |
| ब | ला | त | ■ | ■ | वा | दा | ■ | म | ह | ल |
| दो | ■ | दा | ■ | क | ला | ■ | आ | ■ | व | ■ |
| श | य | न | क | क्ष | ■ | दि | शा | ही | न | ता |
| ■ | म | ■ | प | ■ | ह | ल | ■ | न | ■ | क |
| का | ज | ल | ■ | शा | म | ■ | ■ | त | ह | त |
| म | ■ | त | य | ■ | व | फा | दा | र | ■ | व |
| चो | र | ■ | की | म | त | ■ | म | ■ | का | र |
| र | म | जा | न | ■ | न | य | न | ज | ल | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5992
★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5991 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

# त्योहारों से पहले जीएसटी का उपहार



विश्लेषण
राजेश माहेश्वरी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले से देशवासियों के साथ जो वादा किया था, वह साकार होने की प्रक्रिया में है। वाकई इस बार दीपावली और अन्य त्योहारों पर 'दोहरा तोहफा' मिलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद ने 'सुधारों के उपहार' को स्वीकृति दे दी है। अब 22 सितंबर के बाद से आम आदमी, महिलाएं, पुरुष, युवा और औसत घर लाभान्वित होंगे। इस तारीख से 'शारदीय नवरात्र' भी आरंभ हो रहे हैं। सभी का मासिक खर्च कम होगा, तो बचत बढ़ेगी। वह बचत बाजार और औसत खपत में खर्च होगी। इससे एफएमसीजी (तेजी से बिकने वाली उपभोक्ता वस्तुएं), खुदरा और ऑटोमोबाइल आदि कई क्षेत्रों में घटे दामों पर उपभोक्ता-मांग में बढ़ोतरी होगी। विनिर्माण से लेकर सेवा क्षेत्रों में वृद्धि होगी। मांग और खरीद बढ़ेगी, तो उत्पादन भी बढ़ेगा। अंततः देश की अर्थव्यवस्था ही फलेगी-फूलेगी।

## आर्थिक चुनौतियों से निपटने का कदम

भारत में इनडायरेक्ट टैक्स में किया गया बड़ा बदलाव नई आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए एक बेहतर कदम है। वैसे तो नई कर प्रणाली यानी जीएसटी के स्लैब में वर्ष 2017 में इसके लागू होने के बाद से कई परिवर्तन किए गए हैं लेकिन, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद ने हाल ही में जो फैसले किए, वे कई मायनों में अहम कहे जाएंगे। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद से ही वैश्विक व्यापार में बड़ी उथल-पुथल चल रही है। ट्रंप ने खास तौर पर भारत को निशाना बनाया है, जिसके कारण कारोबारी तनाव में हैं और वैश्विक आपूर्ति शृंखला प्रभावित होने की आशंका है। ऐसे में देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले असर को देखते हुए टैक्स स्लैब में सुधार काफी जरूरी थे। वैसे भी चार तरह के टैक्स स्लैब के कारण जीएसटी प्रणाली का मूल उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा था।

## रोजगार का मोर्चा संभालना भी जरूरी

उम्मीद की जा रही है कि टैक्स में छूट से घरेलू खपत बढ़ेगी जिससे 'ट्रंप टैरिफ' से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकेगा। रोटी, कपड़ा और घर के रोजमर्रा के सामान पर जीएसटी 12 फीसदी से घट कर 5 फीसदी और इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान पर कर 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी हो जाएगा तो यकीनन आम आदमी राहत महसूस करेगा। महंगाई पहले से ही नियंत्रण में है।

यदि प्रधानमंत्री रोजगार के मोर्चे पर भी स्पष्ट योजनाओं की घोषणा कर दें तो यह देश और भी संपन्न होगा। यदि देश संपन्न होगा और खर्च का माद्दा बढ़ेगा, तो अर्थव्यवस्था भी व्यापक होगी और भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। वैसे जर्मनी और भारत की अर्थव्यवस्था के बीच बहुत कम फासला शेष है, लिहाजा हमारा तीसरी 'आर्थिक महाशक्ति' बनना तय है। जीएसटी 2.0 सुधारों के तौर पर आठ लंबे सालों के बाद 'ऐतिहासिक बदलाव' है। उसकी प्रक्रिया को आसान बनाया गया है, नतीजतन करोड़ों व्यापारी और खुदरा-व्यवसायी लाभान्वित होंगे। अब कारोबारियों को टैक्स से जुड़े नियमों और कानूनों पर कम खर्च करना पड़ेगा। वे ग्राहक और नवाचार पर अधिक फोकस कर सकेंगे। बताया जा रहा है कि देश में कर घटाने से 2 लाख करोड़ रुपये तक की खपत बढ़ सकती है।

## दवाओं पर कर हटाना बेहतर कदम

इसका फायदा छोटे उद्यमों को ज्यादा होगा। आम आदमी और ग्राहकों को मिलने वाले उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। हालांकि कर्नाटक, तेलंगाना, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, पंजाब, झारखंड, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल जैसी विपक्ष-शासित राज्यों की सरकारों ने करीब 48,000 करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान का मुद्दा उठाया है, लिहाजा केंद्र सरकार से मांग की है कि 5 साल तक मुआवजा दिया जाए और वित्तीय सुरक्षा की गारंटी दी जाए। इसमें राजनीति भी हो सकती है। बहरहाल, इस मुद्दे पर पर्याप्त विमर्श हुआ होगा! सबसे महत्वपूर्ण यह है कि कैंसर समेत 33 जीवन-रक्षक दवाओं पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। अन्य सभी दवाओं पर अब जीएसटी 12 फीसदी से घटकर 5 फीसदी हो जाएगा। शिक्षण सामग्रियों में नक्शे, चार्ट, ग्लोब, पेंसिल, शार्पनर, पेस्टल, कॉपी, नोटबुक और इरेजर आदि 12 फीसदी और 5 फीसदी से घटाकर 'शून्य जीएसटी' वाले वर्ग में डाल दिए गए हैं। इनके अलावा, हेयर ऑयल, शैंपू, टॉयलेट सोप बार, टूथ ब्रश, शेविंग क्रीम, जिम, सैलून, योग केंद्र आदि पर जीएसटी 18 फीसदी से 5 फीसदी कर दिया गया है। बटर, घी, चीज और डेयरी स्प्रेड्स, प्री-पैक नमकीन, भुजिया, मिक्सचर, बर्तन, बच्चों के नैपकिन, क्लिनिकल डायपर, सिलाई मशीन और उसके पुर्जे, हैंडीक्राफ्ट आदि पर जीएसटी 12 फीसदी से 5 फीसदी किया गया है।

## स्वास्थ्य क्षेत्र पर विशेष ध्यान

अल्ट्रा हाई टेंपरेचर दूध, छेना, पनीर, रोटी और खाकरा, परांठा, ब्रेड समेत सभी भारतीय रोटी पर जीएसटी अब 5 फीसदी के बजाय शून्य लगेगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा 18 फीसदी से घटाकर शून्य किया गया है। हालांकि उपकरणों पर 5 फीसदी जीएसटी लगेगा। बीमा की दरें अब बहुत कम हो जाएंगी। देश में अभी 57 करोड़ से अधिक लोगों के पास स्वास्थ्य और करीब 31 करोड़ के पास जीवन बीमा है। कृषि, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी सस्ते हो जाएंगे। हालांकि 40 फीसदी का एक और स्लैब रखा गया है, जो सिगरेट, कोल्ड ड्रिंक्स, पान मसाला, तंबाकू, गुटखा आदि विलासिता की वस्तुओं के लिए होगा। इस वर्ग में 350 सीसी से अधिक क्षमता वाली बाइक और निजी विमान भी शामिल हैं। जानकारों के मुताबिक इस सुधार से 8 करोड़ से अधिक ग्रामीण किसान परिवारों, विशेषकर छोटे, सीमांत और भूमिहीन मजदूरों को सीधे लाभ होगा, जो अपनी आजीविका के लिए दुधारू पशुओं का पालन करते हैं। मंत्रालय ने कहा कि कम कराधान से परिचालन लागत कम करने और मिलावट पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। भारत विश्व का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है। इसका उत्पादन 2023-24 में 239 मिलियन टन होगा, जो वैश्विक दूध उत्पादन का लगभग 24 प्रतिशत होगा।

## जीडीपी पर पड़ सकता है असर

भारतीय डेयरी क्षेत्र का कुल बाजार आकार 2024 में 18.98 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि 27 अगस्त से लागू 50 फीसदी 'ट्रंप टैरिफ' के कारण भारत के 60.2 अरब डॉलर के निर्यात पर असर पड़ा है। यह अमेरिका भेजे जाने वाले माल का 55 फीसदी और भारत के कुल निर्यात का 18 फीसदी है। सबसे ज्यादा असर कपड़ा, सी-फूड, रत्न व आभूषण और चमड़ा क्षेत्र पर पड़ा है। लघु और मध्यम श्रेणी के ये उद्योग-व्यापार श्रम पर अधिक निर्भर हैं। इन क्षेत्रों के तनाव में आने का असर गरीब परिवारों पर पड़ने की आशंका है। अनुमान है कि वित्त वर्ष 2026 की जीडीपी में 0.4 फीसदी से 0.6 फीसदी तक कमी हो सकती है। त्योहारी सीजन और बिहार चुनाव से ठीक पहले यह फैसला न सिर्फ कारोबारी बल्कि, दूसरे कारणों से भी अनुकूल माना जाएगा। घरेलू मांग मजबूत होने से संबंधित उद्योगों को बाहरी झटकों से बचाया जा सकेगा। जीएसटी 2.0 से हाथों में सीधे पैसे आएंगे, नतीजतन भारत वैश्विक निर्यात का मजबूत केंद्र बनेगा। हालांकि यह भी सच्चाई है कि आर्थिकी के क्षेत्र में भारत को अभी अमेरिका व चीन जैसे देशों की तुलना में लंबी दूरी तय करनी है।

चिंतन

# आतंकवाद पर अमेरिका की दोहरी नीति उजागर

अमेरिका अपने फायदे के लिए कुछ भी कर सकता है। जहां लाभ हो वहां उसके लिए नीति अनीति कोई मायने नहीं रखती। अनेक मौके ऐसे आए हैं जब अमेरिका की आतंकवाद पर दोहरी नीति जगजाहिर हुई है। अब एक बार फिर ऐसा ही हो रहा है। खुद राष्ट्रपति ट्रंप ने खुलासा किया कि वॉशिंगटन फिलिस्तीनी उग्रवादी समूह हमास के साथ बहुत गहन बातचीत कर रहा है। ट्रंप का यह बयान तब आया है, जब इजरायल ने अमेरिका से हमास के कब्जे में अब भी मौजूद अपने बंधकों की रिहाई का आग्रह किया है। हालांकि, ट्रंप का यह ऐलान अमेरिका की कथनी और करनी में अंतर जरूर दिखाता है कि वह आतंकवादियों से बात नहीं करता। कागजों और जुबान से अमेरिका आतंकवाद को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर जोर देता है। वह कहता है कि आतंकवादियों के साथ किसी भी तरह की बातचीत या समझौता नहीं किया जा सकता है। हालांकि अमेरिका ने लगभग दुनिया के हर एक कोने में मौजूद शक्तिशाली आतंकवादी समूहों के साथ संबंध रखे हैं। अगस्त 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी भला कौन भूल सकता है। यह वापसी तालिबान के साथ अमेरिका के समझौते का ही परिणाम था, जिसे ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में कतर की मदद से अंजाम दिया था। दुनिया जानती है कि अमेरिका, तालिबान और हमास के अलावा लेबनान के हिजबुल्लाह, अल कायदा, लश्कर-जैश समेत कई आतंकी संगठनों और समूहों के साथ सीधे संपर्क में रहा है। यह ऐसा देश है जो कई बार आतंकवादी समूहों के सीधे संपर्क में न होकर अपने प्रॉक्सी मिलिशिया या फिर खुफिया एजेंसी सीआईए के जरिए उनसे संबंध बनाए रखता है। अमेरिका पर दुनिया के कई देशों में तख्तापलट, विरोध प्रदर्शन, सरकार विरोधी सशस्त्र समूहों के समर्थन के आरोप लगते रहे हैं। दरअसल, अमेरिका की नीति भू-राजनीतिक अवसरवाद पर आधारित है। जहां उसे फायदा दिखता है, वो वही करता है। आतंवाद के पोषक पाकिस्तान के प्रति भी उसकी नीति हमेशा लचीली रही है। पिछले सात दशक में यह बार-बार साबित हुआ है कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद पाकिस्तान से अमेरिका के रिश्ते अडिग रहे हैं। वह दशकों से पाकिस्तान को दक्षिण एशिया और मध्य-पूर्व के बीच रणनीतिक सहयोगी के रूप में इस्तेमाल करता है। उसे आतंक को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों से भी परहेज नहीं रहा है। पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के बीच भी पाकिस्तान को आईएमएफ से आर्थिक मदद दिलाने में अमेरिका ने अहम भूमिका निभाई है। वैसे भी भारत में आतंकी हमलों पर अमेरिका सरकार की प्रतिक्रिया निंदा करने तक सीमित रही है। पाकिस्तान के सियासी नेताओं और सैन्य अफसरों के भारतीय हमले में मारे गए आतंकियों के अंतिम संस्कार में सार्वजनिक रूप से नजर आना यही बताता है कि पाक में आतंकियों का खुल्लम-खुल्ला इस्तेमाल होता है। पाकिस्तान में खुलेआम रैली कर रहे लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर सैफुल्लाह कसूरी की सार्वजनिक उपस्थिति और पहलगाम हमले पर उसकी स्वीकारोक्ति को भी इसी नजरिये से देखे जाने की जरूरत है। यह सब पूरी पूरी दुनिया ने देखा, लेकिन अमेरिका को कुछ भी दिखाई नहीं दिया। ट्रंप उसे अपना सहयोगी बताते हैं। अब समय है जब दुनिया अमेरिका के इस दोहरे रवैये को वैश्विक मंच पर चुनौती देते हुए आत्मनिर्भरता और स्पष्टता का परिचय दे। आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई किसी रणनीतिक संतुलन की मोहताज होने के बजाए मानवता के पक्ष में निष्ठावान संकल्प होना चाहिए।

श्राद्ध पक्ष
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा




# पंचग्रास में समाहित है संपूर्ण चराचर जगत का कल्याण

पूर्वजों के पुण्य स्मरण की परंपरा भले ही हमारे यहां श्राद्ध पक्ष के सोलह श्राद्धों के माध्यम से आदि काल से चली आ रही हो पर दुनिया के लगभग सभी धर्मावलंबियों और देशों में किसी ना किसी रूप में पूर्वजों के पुण्य स्मरण की परंपरा अनवरत काल से चली आ रही है। हालांकि हमारे देश के ही कुछ प्रतिक्रियावादी लोग श्राद्ध और श्राद्ध कर्म को लेकर मखौल उड़ाने में किसी तरह की कोई कमी नहीं छोड़ते पर वह यह भूल जाते हैं कि धरती के साक्षात देवता हमारे जन्मदाता माता-पिता हैं। यह साफ हो जाना चाहिए कि माता-पिता के अस्तित्व को लेकर कोई किसी तरह का प्रश्न चिन्ह नहीं उठा सकता। उनके अस्तित्व को नकारा नहीं जा सकता। माता-पिता की यह परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है और पीढ़ी दर पीढ़ी उनके स्मरण का हमारा दायित्व हो जाता है। पितृपक्ष और मातृपक्ष दोनों ही पीढ़ियों के स्मरण और श्रद्धा या यों कहें कि श्राद्ध स्वरूप भोजन, वस्त्र, जल आदि पत्र पुष्प के माध्यम से सम्मान स्वरूप स्मरण किया जाता है। श्राद्ध स्वरूप ब्राह्मणों को भोजन कराने और इसी तरह की अन्य व्यवस्थाओं के साथ जुड़ी पंच ग्रास की परंपरा का आलोचकों को ज्ञान ही नहीं होता। श्राद्ध निमित्त ब्राह्मण भोजन से पहले पंच ग्रास का विधान है। पंचग्रास के पीछे के रहस्य को समझना भी आवश्यक हो जाता है। पंचग्रास में गोग्रास, श्वान ग्रास, कोए को ग्रास, चिंटी आदि को ग्रास और अभ्यागत ग्रास इस तरह से पंच ग्रास का विधान है। अब इसी से समझ सकते हैं कि इस पंच ग्रास में प्रकृति का कोई पक्ष शेष नहीं रह जाता है। पंच ग्रास से अर्थ मात्र औपचारिकता से नहीं लिया जाना चाहिए। हमारी शाश्वत परंपरा में प्रत्येक व्यक्ति पर तीन ऋण होते हैं और उनमें से पहला ऋण देव ऋण है तो दूसरा ऋषि ऋण और तीसरा ऋण पितृ ऋण है। प्रत्येक जन्म लेने वाले व्यक्ति को इन तीनों ऋणों से उऋण होने की शिक्षा दी जाती है तो यह उसका दायित्व भी हो जाता है। देव ऋण में सृष्टि के नियंता का स्मरण और उसके प्रति आभार प्रकट करना है। इसके लिए भजन-पूजन, स्मरण, सदाचरण आदि की बात है। प्रकृति को विकृति से बचाना हमारी जिम्मेदारी होती है और प्रकृति व मानवमात्र के कल्याण की बात करना ही देव ऋण से उऋण होने का एक तरीका है। इसी तरह से हमको शिक्षा प्रदान करने वाले गुरु परंपरा का मान-सम्मान और ज्ञान की इस परंपरा को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना ही गुरु ऋण से उऋण होने का एक तरीका हो सकता है। जहां तक पितृ ऋण से उऋण होने का प्रश्न है तो इसका भी आसान रास्ता बताया गया है और वह बच्चे होते ही पूरी होना शुरू हो जाती है। इन बच्चों की शिक्षा और संस्कारित करना और शादी विवाह आदि जिम्मेदारियों का निर्वहन तो आता ही है। यही कारण है कि पौत्र-प्रपौत्र या नाती-नातियों को देखना और पौत्र होने पर सोने की सीढ़ी चढ़ना आदि इसी ओर इशारा करता है कि हमारे कुल परंपरा में पूर्वजों के श्राद्ध यानी स्मरण करने वाली पीढ़ी हो गई है। कभी मृत्यु के बाद बारह दिन के संस्कारों को देखने या फिर बारहवें दिन की सपीण्डी क्रिया देखने का अवसर मिले तो कई बातें साफ हो जाती हैं। सपीण्डी में तीन पितृ पक्ष और तीन मातृ पक्ष के पूर्वजों के स्मरण, पूजा आदि के बाद जब सभी को एकाकार कर दिया जाता है तो उसे सपीण्डी कहा जाता है। हमारी शाश्वत परंपरा में व महाभारत व अन्य पौराणिक ग्रन्थों में उल्लेख आता है कि महर्षि अत्रि ने सबसे पहले निमि को श्राद्ध का उपदेश दिया और महर्षि निमि ने सबसे पहले अपने पूर्वजों के निमित्त श्राद्ध कर्म किया। श्राद्ध कर्म में अग्नि को भी खास महत्व दिया गया है और यह माना जाता है कि अग्नि देव के माध्यम से श्राद्ध पूर्वजों को अर्पित किया जाता है। शास्त्राचार व लोकाचार में एक बात पर अवश्य जोर दिया गया है कि हमारे पूर्वज श्राद्ध के दिन पुत्री पक्ष की उपस्थिति से अधिक प्रसन्न होते हैं। इसमें श्राद्ध भोजन कि निमित्त या अवसर पर दोयते-दोयती, भांजें-भांजी को भोजन कराना अत्यधिक फलदायक बताया गया है। यह साफ हो जाना चाहिए कि श्राद्ध, श्राद्ध पक्ष और श्राद्ध कर्म के पीछे हमारे पूर्वजों की गहन सोच है। यह मात्र औपचारिकता या ब्राह्मण भोजन तक सीमित नहीं है तो भोजन कराने से पूर्वजों तक भोजन पहुंचने को लेकर मजाक उड़ाने वालों को बहुत कुछ समझने और उसके मूल को समझना होगा। यदि यह ढकोसला होता तो चीन में छिंग-मिंग, जापान में ओबोन, बौद्ध देशों में घूस्ट फेस्टिवल या योरोपीय देशों में टेसेंट या आल सेंट्स डे आदि नहीं होते। इन सबसे भी इतर हमें हमारे जन्मदाताओं के प्रति कृतज्ञता तो व्यक्त करना हमारा दायित्व हो जाता है और यही तो हम श्राद्ध कर्म के माध्यम से करते हैं। बस श्राद्ध में श्रद्धा का जो महत्व है उसकी पालना हमें करनी ही होगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## लोकहित में त्याग करने वाले मानव ही बनते हैं संत




संकलित
दर्शन

सब कुछ क्षणिक होते हुए भी इस जगत की अनंत यात्र का कभी अंत नहीं होता। यह अनवरत गतिमान रहती है। वास्तव में त्याग की पवित्र भावना ही इसकी गतिशीलता और जीवंतता का कारण है। इसलिए जिन गुणों से मानव जीवन महान बनता है, त्याग उनमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जैसे-शीतलता के बिना जल, दाहकता के बिना अग्नि, स्पर्श के बिना वायु का कोई अस्तित्व नहीं। उसी प्रकार त्याग के बिना मानव जीवन का कोई मूल्य नहीं, परंतु त्याग वही सार्थक है, जो परार्थ के लिए हो। स्वार्थ के लिए त्याग तो पशु-पक्षी भी करते हैं। इसीलिए निःस्वार्थ भाव से लोकहित में त्याग करने वाले मानव संत बन जाते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में त्याग को शांति का प्रदाता कहा गया है, परंतु इसके विलक्षण आनंद का अनुभव कोई विरला ही कर सकता है। वस्तुतः त्याग का जन्म उदारता से होता है, क्योंकि औदार्य भाव ही मनुष्य को स्वार्थ और मोह से मुक्तकर परार्थ के लिए प्रेरित करता है। इसलिए उदारता का भाव जिसमें जितना प्रबल होगा, त्याग की भावना भी उतनी ही प्रबल होगी। कल्पना कीजिए कि महर्षि दधीचि में उदारता का भाव कितना प्रबल रहा होगा, जिससे उन्होंने जीवित रहते ही लोक कल्याणार्थ शरीर त्याग करने का निर्णय लिया। कर्ण ने यह जानते हुए भी कि जीवन रक्षक कवच का दान करने से उसके प्राणों पर संकट निश्चित है, उसे सहर्ष काटकर याचक को समर्पित कर दिया। उदारता के बिना यह कदापि संभव नहीं था।

## गरीब विद्वान व राजा भोज, बने भाई-भाई



संकलित
प्रेरणा

कई वर्ष पहले धार में राजा भोज का शासन था। उस राज्य में एक गरीब विद्वान रहता था। आर्थिक तंगी से घबराकर एक दिन विद्वान की पत्नी ने उससे कहा-आप राजा भोज के पास क्यों नहीं जाते? वह विद्वानों का बड़ा आदर करते हैं। हो सकता है आपकी विद्वता से प्रभावित होकर वह आपको ढेर सारा धन दे दें। विद्वान राजा के दरबार में पहुंचा। पहरेदार ने पूछाः आप कौन हैं? कहां जाना है? विद्वान ने कहाः जाओ राजा से कहो कि उनका भाई आया है। पहरेदार ने जब भोज को यह बात बताई तो.. वह सोचने लगेः मेरा तो कोई भाई है नहीं है फिर कौन हो सकता है। कहीं कोई धूर्त तो नहीं। उनकी उत्सुकता जागी। उन्होंने विद्वान को बुलवा लिया। 'कैसे हुए भाई-भाई' भोज ने विद्वान से पूछाः क्या तुम मेरे भाई हो? किस नाते से? विद्वान ने कहाः मैं आपका मौसेरा भाई हूं। आपकी मौसी का लड़का। भोज ने पूछाः कैसे? मेरी तो कोई मौसी नहीं है। विद्वान बोलाः महाराज। आप संपत्ति माता के पुत्र हैं और मैं विपत्ति माता का पुत्र। संपत्ति और विपत्ति बहनें हैं। इस नाते मैं आपका मौसेरा भाई हुआ न। यह सुनकर भोज बेहद प्रसन्न हुए। उन्होंने ढेर सारी स्वर्ण मुद्राएं विद्वान को दीं। फिर भोज ने पूछाः मेरी मौसी तो कुशल हैं न? इस पर विद्वान ने जवाब दियाः राजन्, जब तक आपकी मौसी जीवित थीं, आपके दर्शन नहीं हुए थे। अब आपके दर्शन हुए तो आपकी मौसी स्वर्ग सिधार गईं। इस उत्तर से भोज को और भी प्रसन्नता हुई। उन्होंने विद्वान को गले से लगा

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान जरूरी

कितनी हैरानी और चकित करने वाली बात है कि देश के सर्वोच्च न्यायालय को देश की एक छोटी सी समस्या पर भी बयान देना पड़ रहा है। यह समस्या है देश में आवारा कुत्तों से आमजन को होने वाली परेशानी। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने देश में आवारा कुत्तों द्वारा लोगों को काटने से जो परेशानी हो रही है, और इससे रैबीज से होने वाली लोगों की मौतों पर चिंता जताई है। जबकि इस पर राज्य सरकारों को चिंता नहीं, बल्कि चिंतन करना चाहिए। मीडिया भी इस समस्या के लिए गंभीरता दिखाता है और प्रशासन को जगाने की कोशिश करता है, लेकिन नेतागण व प्रशासन यह गंभीरता नहीं दिखाते। रैबीज की बीमारी जानलेवा भी बन सकती है। इसलिए समूह समाज को इसका ठोस समाधान तलाशना चाहिए। – *विवेक शर्मा, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### जयंती पर नमन



महान संत, दार्शनिक और सुधारक श्री नारायण गुरु की जयंती पर नमन करता हूँ, उन्होंने अपना जीवन सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन के लिए समर्पित कर दिया। उनका शाश्वत संदेश आज भी भारत को सामंजस्यपूर्ण समाज की ओर ले जा रहा है।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### राहत सामग्री रवाना



राहत सामग्रियों से भरे 52 ट्रक आज दिल्ली से पंजाब के भाई-बहनों के लिए रवाना किए गए हैं। पंजाब मुख्यमंत्री राहत कोष में दिल्ली सरकार द्वारा 5 करोड़ की सहयोग राशि भी प्रदान की गई है। पंजाब की पीड़ा, दिल्ली की पीड़ा है। संकट की इस घड़ी में हम सब एक परिवार की तरह खड़े हैं।
**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### सहयोग राशि जारी



उत्तराखंड में भीषण बाढ़ से उत्पन्न विकट स्थिति तथा उससे हुई जन-धन की क्षति अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है। इस कठिन घड़ी में राजस्थान सरकार द्वारा तात्कालिक राहत एवं पुनर्वास कार्यों में सहयोग हेतु 5 करोड़ की राशि प्रेषित की है।
**- भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान**

### कार्यकर्ता भाव



दिल्ली में आयोजित सांसद कार्यशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतिम पंक्ति में बैठकर यह संदेश दिया कि भारतीय जनता पार्टी में पद से बड़ा कार्यकर्ता भाव है। उनकी सादगी सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं।
**- मनोज तिवारी, सांसद, भाजपा**

## करंट अफेयर

# दीपावली उत्सव में मणिपुर की सांस्कृतिक प्रस्तुति



मणिपुर के एक सांस्कृतिक दल ने सिंगापुर में शनिवार को लिटिल इंडिया परिसर में वार्षिक कार्यक्रम 'दीपावली लाइट अप' में प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में सिंगापुर के राष्ट्रपति थरमन षणमुगरत्नम तथा विविध समूहों के 700 प्रतिभागियों ने शिरकत की और इसी के साथ देश में दो महीने तक चलने वाले दीपों के इस त्योहार की शुरुआत हुई। भारतीय उच्चायोग ने रविवार को कहा, 'भारत से मणिपुरी सांस्कृतिक दल ने समारोह में भाग लिया और मणिपुर की कलाओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।' इस मंडली को भारतीय उच्चायोग (सिंगापुर) ने आमंत्रित किया था और भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद ने इसे पूरा सहयोग दिया। उच्चायुक्त शिल्पक अंबुले ने भी दीपावली प्रकाश समारोह में भाग लिया। मणिपुर का यह सांस्कृतिक दल रविवार दोपहर को 'टैम्पाइन्स हब' के फेस्टिव प्लाजा में भी प्रस्तुति देगा। 'लिटिल इंडिया' को सिंगापुर के 60वें स्वतंत्रता दिवस के जश्न के तौरपर 600,000 एलईडी लाइटों से सजाया गया है। यह इलाका दो किलोमीटर तक फैला हुआ है। सिंगापुरवासी 20 अक्टूबर को दीपावली मनाएंगे और उस दिन यहां आधिकारिक अवकाश रहेगा।

## ऑफ बीट

# शौचालय में स्मार्टफोन पर स्क्रॉल से बवासीर का खतरा



हममें से कई लोग शौचालय में स्मार्टफोन पर 'स्क्रॉल' करने के आदी हैं, लेकिन एक नये अध्ययन में पाया गया है कि इस आदत से बवासीर का खतरा 46 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। तो, आखिर दोनों में क्या संबंध है? फोन पर समय बिताने से आपके गुदा में और उसके आस-पास ये दर्दनाक गांठें कैसे उभर सकती हैं? आइए जानते हैं इसके बारे में। बवासीर क्या है? -हर स्वस्थ व्यक्ति में ऐसी गांठें होती हैं, जो बवासीर का रूप भी अख्तियार कर सकती हैं। गुदा और मलाशय के अंदर या उसके आसपास सूजी हुई और फूली हुई नसें होती हैं। ये गुदा के आसपास की रक्त वाहिकाओं के बढ़ने से होती है और इसके कारण गुदा से रक्तस्राव, खुजली, दर्द और बेचैनी की शिकायत हो सकती है। जब सब कुछ ठीक होता है, तो हम उन पर ध्यान नहीं देते। लेकिन नसों में सूजन आ सकती है और इससे दर्द, रक्तस्राव या गुदा के अंदर एक गांठ जैसा महसूस होना (आंतरिक बवासीर) या बाहर की ओर उभरी हुई गांठ (बाहरी बवासीर) जैसे लक्षण हो सकते हैं। इसलिए जब किसी को ''बवासीर'' होती है, तो इसका मतलब है कि उनमें सूजन आ गई है या लक्षण उभर गए हैं। हर दो में से एक व्यक्ति को जीवन में किसी न किसी समय बवासीर का सामना करना पड़ता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद करने अमृतसर पहुंचे सोनू सूद




**मुंबई।** पंजाब इन दिनों बाढ़ की मार झेल रहा है। इस आपदा से कई परिवार प्रभावित हो चुके हैं। पंजाब की मदद के लिए कई एक्टर्स आगे आ रहे हैं और अपनी क्षमता अनुसार हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। अब सोनू सूद पीड़ित परिवारों की मदद के लिए अमृतसर पहुंच गए हैं। सोनू सूद ने कहा, 'मैं बागपुर, सुल्तानपुर लोधी, फिरोजपुर, फाजिल्का, अजनाला जा रहा हूं और मैं चारों ओर जाकर स्थिति का पता लगाने की कोशिश करूंगा। मुझे लगता है कि आने वाले समय में, चूंकि पंजाब में अभी भी बारिश हो रही है। कई घर नष्ट हो गए हैं, लोगों की आजीविका बर्बाद हो गई है। इसलिए मैं पूरी मदद करने की कोशिश करूंगा और स्थानीय प्रशासन से उनकी जरूरतों की सूची लूंगा।' सोनू सूद ने आगे कहा, 'यह एक हफ्ते या दस दिन का काम नहीं है।

# वो भारतीय फिल्म स्टूडियो, जहां लैब टेक्नीशियन भी बना सुपरस्टार

*नई दिल्ली। भारत को 20 सालों तक 40 फिल्में और अशोक कुमार, दिलीप कुमार और मधुबाला जैसे स्टार्स देने वाला वो स्टूडियो, जिसे कभी हॉलीवुड की तर्ज पर बनाया गया था। उसका अस्तित्व तीन लोगों की बगावत के कारण मिट्टी में मिल गया। आज वो जगह खंडहर बन गई है, जहां पर काम करके कोई लैब टेक्नीशियन से देश का पहला स्टार बना था और तो पहली 'ब्लॉकबस्टर' फिल्म भी मिली थी, जो थिएटर में करीब 3 सालों तक चली थी। हम बात कर रहे हैं मुंबई के पहले फिल्म स्टूडियो 'बॉम्बे टॉकीज' की, जिसे 1934 में हिमांशु राय, निरंजन पाल, बिपिन चंद्र पाल और देविका रानी ने शुरू किया था। लेकिन 1953 में ये बंद हो गया था और यहां से बनी आखिरी फिल्म 1954 में रिलीज हुई थी। और इसके बंद होने के पीछे किसी बाहरी का नहीं, बल्कि अंदर के ही उस लैब टेक्नीशियन का हाथ था, जिसे हिमांशु राय ने हीरो बनाया था।*

**हिमांशु राय की कहानी** : बॉबे टॉकीज ने ही बॉलीवुड फिल्मों में गाने, ड्रामा, रोमांस जैसी चीजों की बुनियाद रखी थी, जिससे आज तक इंडस्ट्री में ब्लॉकबस्टर्स बन रही हैं। ये भारत का पहला कॉर्पोरेट फिल्म स्टूडियो था, जिसमें बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स थे। जिसका नाम स्टॉक एक्सचेंज में भी शामिल था। हिमांशु राय, जो अमीर बंगाली परिवार में जन्मे थे, उन्होंने इसकी शुरुआत की, जब वह कानून की डिग्री के लिए लंदन गए थे। हालांकि वहां पर उनको थिएटर का चस्का लगा और वह नाटकों में एक्ट करने लगे। यहीं पर निरंजन पाल से मुलाकात हुई, जो कि एक नाटककार थे और फ्रीडम फाइटर बिपिन चंद्र पाल के बेटे थे।

**लंदन में बनाई फिल्में** : इधर, अभिनय का जादू ऐसा चढ़ा कि हिमांशु राय ने अपनी पढ़ाई-लिखाई छोड़ी और एक थिएटर ग्रुप ही तैयार कर लिया। और फिर वह उनके साथ ब्रेटेन में अलग-अलग जगह शोज करने लगे। इसके बाद उनके मन में फिल्में बनाने का ख्याल आया। वह भारतीय समाज की असलियत दिखाना चाहते थे। लेकिन उसमे वह एडवांस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना चाहते थे। उन्होंने गौतम बुद्ध की कहानी पर आधारित फिल्म 'द लाइट ऑफ एशिया' बनाने का फैसला किया, जो कि एक मूक फिल्म थी। स्क्रिप्ट निरंजन पाल ने लिखी और जर्मनी के एमेल्का स्टूडियोज ने इसे को-प्रोड्यूस किया।



**कुमुदलाल कुंजीलाल गांगुली बना सुपरस्टार** : 'बॉम्बे टॉकीज' ने फिल्में बनानी शुरू कीं। पहली 1935 में बनीं, जिसका नाम था 'जवानी की हवा' और कास्ट किया गया देविका और नजमुल की, जिनकी जोड़ी हिट हो गई। इसके बाद जब दोनों एक्टर्स का नाम जुड़ने लगा तो हिट ने लैब टेक्नीशियन कुमुदलाल कुंजीलाल गांगुली को अपनी अगली फिल्म का हीरो चुना। और यही सुपरस्टार बने। क्योंकि इसका नाम फिल्मों में अशोक कुमार रख दिया गया था। इन्होंने 'जीवन नैया', 'अछूत कन्या' जैसी फिल्में कीं और सभी एक से बढ़कर एक सुपरहिट रहीं। उनके अपोजिट देविका को कास्ट किया गया। इस स्टूडियो से हर साल तीन फिल्में बनती थी और सभी हिट होती थीं।

**'बॉम्बे टॉकीज' की स्थापना कैसे हुई?**: हिमांशु ने देविका के साथ फिल्म 'कर्मा' बनाई। उन्हें हीरोइन के तौर पर दुनिया के सामने पेश किया। इसमें ही दोनों का वो सबसे लंबा किसिंग सीन था, जिसकी चर्चा आज भी होती है। 1933 में ये लंदन में अंग्रेजी भाषा में रिलीज हुई और एक्ट्रेस की तारीफ हुई। दोनों भारत आए और 1934 में इसे भारत में रिलीज किया, जहां ये फ्लॉप हो गई। इसके बाद हिमांशु ने हॉलीवुड की तर्ज पर भारत में एक स्टूडियो बनाने का फैसला किया। उनके आइडिया में मुंबई के नामी बिजनेसमैन राजनारायण दुबे ने पैसा लगाया और 'बॉम्बे टॉकीज लिमिटेड' तैयार हो गया, जो साउंडप्रूफ शूटिंग फ्लोर, एडिटिंग रूम्स और प्रिव्यू थिएटर मॉडर्न स्टूडियो से लैस था।

# अनुपर्णा ने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का जीता पुरस्कार

**लॉस एंजिल्स।** वेनिस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 में जहां एक तरफ भारत की अनुपर्णा रॉय ने इतिहास रच दिया। वहीं, ड्वेन जॉनसन की फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' को भी पुरस्कार मिला। यह प्रतिष्ठित महोत्सव 27 अगस्त से शुरू होकर 6 सितंबर तक चला और इसमें दुनियाभर की बेहतरीन फिल्मों को दिखाया गया।

***जिम जरमश को गोल्डन लॉयन*** : इस बार गोल्डन लॉयन अवॉर्ड यानी सर्वश्रेष्ठ फिल्म का खिताब अमेरिकी निर्देशक जिम जरमश की फिल्म 'फादर मदर सिस्टर ब्रदर' को दिया गया। पुरस्कार लेते वक्त जरमश ने कहा कि सिनेमा उनके लिए प्रतियोगिता नहीं बल्कि अभिव्यक्ति का जरिया है। उन्होंने वेनिस को कला और इतिहास से जुड़ा शहर बताते हुए इसे अपना दूसरा घर कहा।




## बेनी सैफ्दी और ड्वेन जॉनसन की जीत

इसके अलावा बेनी सैफ्दी की फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' ने सिल्वर लॉयन का खिताब हासिल कर लिया। इस फिल्म ने सिल्वर लॉयन (सर्वश्रेष्ठ निर्देशक) का अवॉर्ड जीता। यह प्रोजेक्ट इसलिए भी चर्चा में रहा क्योंकि इसमें हॉलीवुड सुपरस्टार ड्वेन जॉनसन ने मुख्य भूमिका निभाई। अवॉर्ड लेने के बाद सैफ्दी ने कहा कि उनकी फिल्म सहानुभूति और संवेदनशीलता को दर्शाने का प्रयास है और यही गुण आज की दुनिया के लिए सबसे जरूरी हैं। उन्होंने जॉनसन को अपना साथी और भाई कहकर सम्मानित किया।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
94060-21769

जॉइंट्स पेन के लिए रामबाण तेल
Since-2000
S.M. OIL®
सभी आयुर्वेदिक एवं ऐलोपैथिक दुकानों में उपलब्ध।
हर प्रकार के वात रोग, गठिया वात, लकवा, हाथ पांव, कमर, पीठ, जोड़ों का दर्द, जोड़ों का अकड़ना, सूजन, मोच, हड्डी फ्रैक्चर आदि में परम गुणकारी
Customer Care No. 9425296176
तुरंत पाये आराम

# 'नायक' शाहरुख-आमिर को हुई थी ऑफर




**मुंबई।** अनिल कपूर, रानी मुखर्जी और अमरीश पुरी की फिल्म 'नायकः द रियल हीरो' की रिलीज को 24 साल हो गए हैं। इस मौके पर अनिल कपूर ने सोशल मीडिया पर फिल्म से जुड़ी तस्वीरें और यादें साझा कीं। उन्होंने बताया कि यह फिल्म पहले शाहरुख खान और आमिर खान को ऑफर की गई थी, लेकिन बात नहीं बनी। मैं निर्देशक शंकर का आभारी हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया। शाहरुख ने कहा था, यह किरदार अनिल के लिए ही था। ये पल हमेशा याद रहेंगे। नायक 1999 की तमिल फिल्म मुधलवन का रीमेक है। इस फिल्म में अनिल कपूर ने शिवाजी राव का किरदार निभाया है। यह कहानी शिवाजी राव (अनिल कपूर) के इर्द-गिर्द है, जो एक टीवी कैमरामैन और बाद में न्यूज प्रेजेंटर बनता है। उसे एक दिन के लिए मुख्यमंत्री बनने का मौका मिलता है।

हरिभूमि THE DIAGNOSTIC CARE
छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर

दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
ट्यूबरक्युलोसिस
• जीनएक्सपर्ट/सीबीएनएटी (टीएटी- 12-24 घंटे) बलगम
• क्वांटिफेरॉन-टीबी गोल्ड प्लस (क्यूएफटी प्लस) (टीएटी-48 घंटे) खून
• एएफबी कल्चर (एमजीआईटी320) (टीएटी- 21-42 दिन)
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773

लैब प्लस पैथोलाजी
क्वालिटि के साथ जांच की गारंटी
सभी प्रकार के बीमारियों के लिए पैकेज उपलब्ध
पैथोलाजी जाँच के लिए पैकेज में जांच कराये व अपने पैसे बहुतायत से बचाये।
पैकेज की जानकारी के लिए सम्पर्क करे- 9039055548, 9300000989, 9300000702

20 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर
लैब केयर डायग्नोस्टिक्स
Lab Care DIAGNOSTICS COMPLETE PATHOLOGY SOLUTION
Mo.: 9826725383
पैथोलॉजी की सभी सेवायें उपलब्ध है।
50% डिस्काउंट के साथ उचित जाँच*
पताः सीएसआईडीसी कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के सामने, दास स्वीट्स के पीछे, बचपन अस्पताल के पास, महादेव घाट रोड, रिंग रोड चौक, रायपुर, (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें -
9303508130, 9302016344, 7909631282

## टीवी मसाला



# कुनिका की तान्या से हुई जबरदस्त लड़ाई...

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 ऑडियंस की तरफ से जबरदस्त रिएक्शन मिल रहा है। शो में नजर आ रहे कंटेस्टेंट ने सिर्फ दो ही हफ्तों में अपनी अलग पहचान बना ली है। घरवालों में आपसी ग्रुप बन चुके हैं। जीशान, अमाल मलिक और बशीर का अपना एक ग्रुप है और तान्या मित्तल, कुनिका और नीलम का। लेकिन अब ताजा खबरों की मानें तो कुनिका और तान्या का रिश्ता टूट चुका है। ताजा खबरों की मानें तो नए एपिसोड में इन दोनों के बीच जबरदस्त लड़ाई दिखाई जाएगी। बिग बॉस 19 की शुरुआत के दूसरे हफ्ते में तान्या, कुनिका और नीलम का ग्रुप बना था। कैप्टेंसी के टास्क से शुरू हुई इनकी दोस्ती अब खत्म हो चुकी है। बिग बॉस खबरी के मुताबिक नए एपिसोड में दोनों के बीच तगड़ी लड़ाई दिखाई जाएगी। इस लड़ाई के बाद कुनिका कसम खा लेती हैं कि वो बिग बॉस में रहने के दौरान तान्या से कोई रिश्ता नहीं रखेंगी। वैसे हाल में भी दोनों के बीच विवाद हुआ था। तान्या ने अपनी बात कुनिका के सामने रखी थी कि उन्हें सबके सामने किसी बात के लिए नहीं टोकना चाहिए। इसके बाद कुनिका ने उनसे बात नहीं करने को कहा था। लेकिन तान्या ने एक बार फिर कुनिका को उनका जबरा फैन बोलकर मना किया। अब फिर से लड़ाई हुई है और बताया जा रहा है कि दोनों एक दूसरे के साथ बातचीत करने के मूड में नहीं है। दूसरी तरफ घर में एक बड़ा हादसा टलने की खब भी सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक घर का कोई सदस्य गलती से गैस का स्विच ऑन करके भूल गया। जब सुबह ये बात घर के कैप्टेन बशीर को पता चली तो उन्होंने घरवालों पर अपना गुस्सा जाहिर किया। ये आज राज के एपिसोड में दिखाया जाएगा।

## कुरान में लिखा है हर धर्म का सम्मान



**नई दिल्ली।** टीवी एक्टर अली गोनी चर्चा में हैं। बीते दिनों मुंबई में गणपति सेलिब्रेशन के दौरान उनकी गर्लफ्रेंड जैस्मीन भसीन 'गणपति बप्पा मोरिया' बोल रही थीं, लेकिन उनके ही बगल में खड़े अली चुपचाप खड़े थे। इसको लेकर उनकी काफी आलोचना हुई थी। ये भी चर्चा होने लगी कि जैस्मीन अपने बॉयफ्रेंड के लिए अबाया पहनकर मस्जिद गई थी, लेकिन अली उनके लिए गणपति का जयकारा नहीं कर सकते! अब इन सब बातों को लेकर उन्होंने अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने आगे कहा, 'मेरे धर्म में इसकी इजाजत नहीं है। हम पूजा वगैरह नहीं करते हैं। हम नमाज पढ़ते हैं, दुआ करते हैं और हर धर्म का सम्मान करते हैं। ये हमारे कुरान में लिखा गया है और मैं वही करता हूं।' इसके अलावा अली ने जैस्मीन के अबाया पहनकर मस्जिद जाने को लेकर भी सच्चाई का खुलासा किया। उन्होंने कहा, 'जैस्मीन और मेरी बहन जब वहां गए थे, उनको वहां एंट्री नहीं मिली। वो गई, उसने वहां से अबाया खरीदा, पहना और अंदर गई।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • हाइड्रोफेशियल • कार्बन फेशियल • कैमिकल पीलिंग • रेडियोफ्रिक्वेंसी • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवींनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथैरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

श्रीरामकिंकर हॉस्पिटल
डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001 सरोपी तालाब के सामने, बिलासपुर रोड, सिगमा
फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थैरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

सभी प्रकार की एलर्जी डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्कः 8962566221, 07714916125, 7223065604

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
24/7 Emergency Services
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130


## खबर संक्षेप

### त्योहारी मांग बढ़ने से तेल की कीमतें सुधरी



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपये में आई भारी गिरावट तथा त्योहारी मांग में वृद्धि होने के कारण घरेलू बाजार में सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चे पामतेल एवं पामोलीन तेल तथा बिनौला तेल के दाम लाभ दर्शाते बंद हुए। मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी जैसे तेलों के थोक दाम काफी टूटे हुए हैं ।

### पूंजीकरण में सबसे अधिक लाभ में बजाज फाइनेंस




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,06,250.95 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में बजाज फाइनेंस और रिलायंस इंडस्ट्रीज रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 901.11 अंक या 1.12 प्रतिशत चढ़ गया।

### करूर वैश्य बैंक ने ब्याज दर 0.10 प्रतिशत घटाई

KVB Karur Vysya Bank
Smart way to bank

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के करूर वैश्य बैंक ने कोष की सीमांत लागत आधारित (एमसीएलआर) कर्ज के लिए ब्याज दर में 0.10 प्रतिशत की कटौती की है। इससे एमसीएलआर से जुड़ा कर्ज सस्ता हो जाएगा। करूर वैश्य बैंक ने बताया कि एक साल की अवधि वाले लोन की न्यूनतम ब्याज दर अब 9.55 प्रतिशत से घटकर 9.45 प्रतिशत हो जाएगी।

### उषा श्रीराम ने बोतलबंद पानी का ब्रांड बाजार में उतारा




**कोलकाता।** घरेलू उपकरण बनाने वाली कंपनी उषा श्रीराम ने अपने प्रीमियम बोतलबंद पानी ब्रांड 'एक्वाएरो' की पेशकश के साथ दैनिक उपभोग के उपभोक्ता उत्पाद खंड में कदम रखने की घोषणा की। इसके साथ ही कंपनी ने अपना आईपीओ लाने के पहले दो साल के भीतर अपना राजस्व दोगुना कर 1,000 करोड़ रुपये करने की रूपरेखा भी पेश की।

### भारत ने निर्यात उपायों के दुरुपयोग पर किया आगाह



**नई दिल्ली।** भारत ने एससीओ बैठक में निर्यात संबंधी उपायों को हथियार बनाने या उनका दुरुपयोग करके कृत्रिम कमी पैदा करने, बाजार को बिगाड़ने या आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित करने के प्रति आगाह किया है। भारत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य में भरोसा बनाए रखने के लिए इन कदमों का संतुलित और पारदर्शी उपयोग जरूरी है।

## वित्त मंत्री ने कहा, सुधार लोगों को ज्यादा उपभोग के लिए करेगा प्रेरित

# जीएसटी में सुधारों से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी, महंगाई बढ़ने का जोखिम नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि जीएसटी दरों में कटौती समेत अन्य सुधार लोगों को ज्यादा उपभोग के लिए प्रेरित करेंगे और इसके परिणामस्वरूप आर्थिक वृद्धि के साथ अर्थव्यवस्था को जरूरी गति मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि महंगाई काबू में है और इसके बढ़ने का जोखिम नहीं है।

जीएसटी परिषद ने माल एवं सेवा कर के चार स्लैब की जगह दो स्लैब करने का फैसला किया। अब कर की दरें पांच और 18 प्रतिशत होंगी जबकि विलासिता एवं सिगरेट जैसी अहितकर वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू होगी। सिगरेट, तंबाकू और अन्य संबंधित वस्तुओं को छोड़कर नई कर दरें 22 सितंबर से प्रभावी हो जाएंगी।

### लोगों को ज्यादा उपभोग के लिए प्रेरित करेगा

दरों को युक्तिसंगत बनाये जाने के तहत टेलीविजन एवं एयर कंडीशनर जैसे उपभोक्ता वस्तुओं के अलावा खानपान और रोजमर्रा के कई सामान समेत करीब 400 वस्तुओं पर दरें कम की गयी हैं। उन्होंने कहा, "जीएसटी दरों में कटौती के साथ सुधारों की दिशा में जो कदम उठाये गये हैं वास्तव में यह लोगों को ज्यादा उपभोग के लिए प्रेरित करेगा। इसमें कोई संदेह नहीं है।

**आर्थिक वृद्धि के साथ अर्थव्यवस्था को जरूरी गति मिलेगी**

**विलासिता की वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की दर लागू होगी**

**रोजमर्रा के सामानों सहित 400 वस्तुएं की दरें कम की गई**




**चिकित्सा बिलों में कमी आएगी :** सीतारमण ने कहा, "इसलिए दरों में इस कमी से मासिक घरेलू राशन और चिकित्सा बिलों में कमी आएगी। साथ ही यह पुरानी कार की जगह नई कार लेने, रेफ्रिजरेटर या वॉशिंग मशीन जैसी पुरानी वस्तुओं की जगह नई चीजें खरीदने जैसी आकांक्षाओं को भी पूरा करने में मददगार होगी।"

**अब तक का सबसे बड़ा कर सुधार :** सीतारमण ने कहा, " यह सुधार 2017 में एक राष्ट्र, एक कर व्यवस्था लागू होने के बाद से अबतक का सबसे बड़ा सुधार है और इसे आम आदमी को ध्यान में रखकर किया गया है। रोजमर्रा की जरूरत की हर वस्तु पर लगने वाले कर की कड़ी समीक्षा की गई है। आज लोग 100 रुपये में जो चीजें खरीद रहे हैं, उतने ही पैसे में वे वस्तु का ज्यादा हिस्सा खरीद सकते हैं।"

### बजट में 12 लाख तक की आय करमुक्त की गई

उल्लेखनीय है कि इससे पहले, 2025-26 के बजट में उन्होंने 12 लाख रुपये तक की सालाना आय (नौकरीपेशा के लिए मानक कटौती के साथ 12.75 लाख रुपये) को कर मुक्त किये जाने की घोषणा की थी। इससे लोगों के जेब में अधिक पैसा आने और खपत बढ़ने की उम्मीद है।

### रुपए पर हमारी नजर है

*रुपए की विनिमय दर में गिरावट के बीच वित्त मंत्री ने कहा है कि हमारी इस पर नजर है, लेकिन हमें यह भी देखना होगा घरेलू मुद्रा में गिरावट केवल अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में है। यह केवल रुपए का मामला नहीं है और दूसरे देशों की मुद्राएं भी प्रभावित हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया गिरावट से उबरते हुए तीन पैसे की तेजी के साथ 88.09 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इससे एक दिन पहले अमेरिकी डॉलर के मुकाबले यह 88.12 के भाव पर बंद हुआ था।*

# एयर-इंडिया करने जा रही सेवा में कमी की भरपाई




- बड़ा आकार होने के कारण छोटी-मोटी घटनाएं होना सामान्य
- सेवा में कमी की भरपाई के लिए 'ई-वाउचर' देने की योजना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हाल ही में हुई एयर इंडिया के कुछ विमानों से जुड़ी घटनाओं के बीच एयरलाइन के प्रमुख कैंपबेल विल्सन ने कहा है कि एयर इंडिया समूह के बड़े आकार को देखते हुए ऐसी घटनाओं का होना पूरी तरह से सामान्य है। विमानन कंपनी अपनी केबिन क्रू को उड़ानों के दौरान सेवा में कमी की भरपाई के लिए यात्रियों को 'ई-वाउचर' देने की अनुमति देने की योजना बना रही है। यह योजना यात्रियों द्वारा सेवा संबंधी समस्याओं, तथा कुछ विमानों में तकनीकी खराबी के कारण उड़ानों के रद्द होने और देरी की शिकायत की पृष्ठभूमि में बनाई गई है।

### हाल के हफ्तों में घटनाएं बढ़ी है

एयर लाइन प्रमुख ने पांच सितंबर को कर्मचारियों को एक संदेश में कहा, "जब हम पर ध्यान केंद्रित होता है, तो समय पर, स्पष्ट और सटीक जानकारी और सही संदर्भ प्रदान करना महत्वपूर्ण है। इसलिए, हाल के हफ्तों में, हम घटनाओं और घटनाओं की रिपोर्ट करने में सामान्य से भी अधिक पारदर्शी रहे हैं, चाहे वे कितनी भी छोटी क्यों न हों।"

### विश्वास बनाने में मदद करेगी

उनके अनुसार, यह पारदर्शिता समय के साथ, विश्वास बनाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा, "शुरुआत में जब हम हर छोटी-बड़ी घटना की जानकारी खुले तौर पर देते हैं, तो जाहिर है कि खबरों में हमारा जिक्र बढ़ जाता है। एयर इंडिया समूह हर दिन 1,200 से ज्यादा उड़ानें संचालित करता है, लगभग हर मिनट एक उड़ान। ऐसे में यह सब कुछ ज्यादा लग सकता है। लेकिन हमारे काम के पैमाने और आकार को देखते हुए, ये घटनाएं सामान्य हैं।"

### प्रतिदिन 1200 से ज्यादा उड़ानें संचालित

विल्सन ने कहा, "हम अपने केबिन क्रू को भी यह क्षमता प्रदान करने के लिए काम कर रहे हैं, ताकि वे यात्रा के दौरान ग्राहकों को तत्काल समाधान प्रदान कर सकें।" एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस से मिलकर बना एयर इंडिया समूह, प्रतिदिन 1,200 से ज़्यादा उड़ानें संचालित करता है।

### फ्रंटलाइन टीमों को होगा वाउचर देने का अधिकार

एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक ने यह भी कहा कि विमानन कंपनी ने अपनी फ्रंटलाइन टीमों को यह अधिकार दिया है कि जब सेवा में कोई कमी हो जाए तो वे यात्रियों को ई-वाउचर दे सकते हैं ताकि उनकी परेशानी का तुरंत समाधान किया जा सके।

# ग्लोबल स्टार हॉस्पिटल में रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट मशीन का शुभारंभ 9 सितंबर को




**रायपुर।** शहर के लोगों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। अब एडवांस नी रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए मेट्रो शहरों का रुख करने की ज़रूरत नहीं। रायपुर के रिंग रोड नंबर 1, डी-मार्ट के पास स्थित ग्लोबल स्टार हॉस्पिटल में देश की अत्याधुनिक और एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित वैलिस रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सिस्टम की सुविधा शुरू होने जा रही है। इस मशीन का शुभारंभ 9 सितंबर को किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रमन सिंह उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में लखन लाल देवांगन, श्रीमती लता उसेंडी, राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा और श्रीमती मीनल चौबे भी उपस्थित रहेंगी। यह मशीन जॉनसन एंड जॉनसन कंपनी की है और इसका नाम वैलिस रोबोटिक सिस्टम है। इसमें लगे रोबोटिक आर्म की मदद से नी रिप्लेसमेंट सर्जरी बहुत ही सटीकता के साथ होती है। इस मशीन की मदद से सर्जरी में चीरा बहुत छोटा लगता है, ब्लड लॉस बहुत कम होता है और मरीज की रिकवरी बेहद तेज होती है। मरीज को अस्पताल में रहने की अवधि लगभग आधी हो जाती है और वह जल्दी चलने फिरने लगता है। डॉ. जयवर्धन सिंह, ग्लोबल स्टार हॉस्पिटल के डायरेक्टर और जाने-माने ऑर्थोपेडिक एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन हैं। वे इस फील्ड में 15 वर्षों से कार्यरत हैं और 3000 से अधिक ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी कर चुके हैं। उन्होंने कंप्यूटर नेविगेशन सिस्टम में अपनी शुरुआती ट्रेनिंग ली है। उन्होंने बताया कि यह मशीन बुजुर्गों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है, खासकर 50 साल से ऊपर के मरीजों के लिए।

# श्री नारायणा हॉस्पिटल की एक दिवसीय स्टेट कॉन्फ्रेंस 'रायपुर ऑर्थो ट्रामा समिट-2025' आयोजित




**रायपुर।** देवेंद्र नगर, रायपुर स्थित श्री नारायणा हॉस्पिटल द्वारा एक दिवसीय 'रायपुर ऑर्थो ट्रॉमा समिट-2025' कॉन्फ्रेंस का आयोजन, होटल बेबीलॉन कैपिटल में रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ एवं आसपास के अन्य प्रदेशों के 200 से भी अधिक ऑर्थो ट्रॉमा सर्जन सम्मिलित हुए। श्री नारायणा हॉस्पिटल के सुविख्यात ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. सुनील खेमका ने बताया कि, इस कांफ्रेंस में 25 से भी अधिक ऑर्थो ट्रॉमा सर्जनों ने अपने-अपने टॉपिक्स उपस्थित विशेषज्ञों के समक्ष प्रेजेंट किए।

यह कॉन्फ्रेंस पूरी तरह ट्रॉमा सर्जरी के ऊपर बेस्ड था, इसमें हिप जॉइंट का फ्रेक्चर, घुटने के आजू-बाजू का फ्रेक्चर, एंकल ज्वाइंट का फ्रेक्चर, एल्बो के आसपास का फैक्चर एवं शोल्डर ज्वाइंट का फ्रेक्चर्स आदि के बारे में देश के टॉप सात ट्रॉमा सर्जनों ने जैसे जटिल विषयों पर आधे-आधे घंटे का केस डिस्कशन किया, इस कॉन्फ्रेंस में कई कॉम्प्लिकेटेड केसेस दिखाए गए, उन्हें किस मेथड का उपयोग कर कैसे बेहतर तरीके से सर्जरी कर सकते हैं, इस पर बहुत ही ज्ञानवर्धक डिस्कशन हुआ।

**प्रैक्टिकल एवं केस बेस्ड कॉन्फ्रेंस :** श्री नारायणा हॉस्पिटल के रोबोटिक सर्जन डॉ.प्रीतम अग्रवाल, ऑर्थो ट्रॉमा सर्जन डॉ.अम्बरीश वर्मा,डॉ. प्रदीप पटेल और डॉ. राम खेमका के अनुसार यह प्योरली प्रैक्टिकल एवं केस बेस्ड कॉन्फ्रेंस थी, इसमें कोई भी थ्योरेटिकल डिस्कशन नहीं हुआ, इसमें ऑर्थो ट्रॉमा सर्जरी को कैसे बेहतर ढंग से अंजाम दिया जा सकता है, उन बातों पर लैक्चर्स हुए और बहुत ही इंटरएक्टिव सेशन हुए, देश के विभिन्न मेट्रो शहरों से आए नेशनल स्टैंडर्ड के अनुभवी सात ट्रॉमा सर्जनों ने उपस्थित हड्डी-रोग विशेषज्ञों के साथ अलग-अलग विषयों पर अपने अनुभव साझा किए।

# जयप्रकाश एसोसिएट्स को खरीदने के लिए वेदांता की बोली सबसे ऊंची

- वेदांता ने 12,505 करोड़ की बोली लगाकर अदाणी को पीछे छोड़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खनन क्षेत्र की कंपनी वेदांता लि. ने कर्ज में डूबी हुई जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड को खरीदने के लिए सबसे ऊंची बोली लगाई है। सूत्रों के मुताबिक, वेदांता ने सफल बोली लगाने के बाद कहा कि वह एनसीएलटी की मंजूरी मिलते ही 4,000 करोड़ रुपये का भुगतान करेगी और बाकी की रकम अगले पांच से छह सालों में चुकाएगी। वेदांता ने करीब 12,505 करोड़ रुपये की बोली लगाकर अदाणी समूह को पीछे छोड़ दिया है। यह बोली बैंकों द्वारा आयोजित नीलामी में लगाई गई थी, जिनका उद्देश्य जयप्रकाश ग्रुप के लिए खरीदार ढूंढना था। जयप्रकाश समूह रियल एस्टेट, सीमेंट, बिजली, होटल और सड़कों जैसे क्षेत्रों में काम करता है।

# जीएसटी कम होने के बाद मारुति की 'ब्रेजा' होगी 30,000 रुपए तक सस्ती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- इन पर 28 प्रतिशत जीएसटी घटकर अब 18 फीसदी कर दिया गया




भारत में 4 मीटर से छोटी और 1200 सीसी तक की कार और एसयूवी खरीदने वालों की बल्ले-बल्ले हो गई है, क्योंकि इनपर 28 प्रतिशत जीएसटी और 1 प्रतिशत सेस को घटाकर सीधे 18 फीसदी जीएसटी कर दिया गया है।

टाटा मोटर्स, रेनो और महिंद्रा के साथ ही टोयोटा समेत अन्य कई कंपनियों ने अपनी रिवाइज्ड कीमत की घोषणा कर दी है। लोगों को मारुति सुजुकी की कारों की नए जीएसटी स्लैब आने के बाद कीमतों का बेसब्री से इंतजार है। फिलहाल हम आपको मारुति की टॉप सेलिंग सब-4 मीटर कॉम्पैक्ट एसयूवी ब्रेजा की संभावित नई कीमतों के बारे में बताने जा रहे हैं, क्योंकि 4 मीटर से छोटी होने के बाद भी 1.5 लीटर इंजन होने के कारण यह 40 फीसदी जीएसटी स्लैब में आती हैं।

### पेट्रोल ऑटोमैटिक वेरिएंट्स 38,400 रुपए होगी सस्ती

नए 40 प्रतिशत जीएसटी स्लैब में आने के बाद मारुति सुजुकी ब्रेजा के 1.5 लीटर पेट्रोल ऑटोमैटिक वेरिएंट्स की कीमतों की बात करें तो इसका वीएक्सआई वेरिएंट 38,400 रुपए तक सस्ती हो सकती हो जाएगी। फिलहाल इसकी एक्स शोरूम प्राइस 11.15 लाख रुपए है। वहीं, जेडएक्सआई वेरिएंट 43,600 रुपए तक सस्ती हो सकती है। इसकी एक्स शोरूम प्राइस 12.66 लाख रुपए है। जेडएक्सआई प्लस वेरिएंट की कीमत 48,200 रुपए तक कम हो सकती है। इस वेरिएंट की मौजूदा एक्स शोरूम प्राइस 13.98 लाख रुपए है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**कृषिफार्म/लेबर/ठेकेदार**

आवश्यकता है- नया रायपुर परसदा स्थित कृषि फार्म में कार्य करने हेतु महिला, पुरुष एवं तेलीबांधा रायपुर में कंस्ट्रक्शन कार्य हेतु लेबर, मिस्त्री, ठेकेदार, सुपरवाइजर की आवश्यकता है दोनों जगह रहने की सुविधा उपलब्ध है। सम्पर्क करे- 9826415569. (RO-6800)

**गोडाऊन / डिलीवरी वर्क**

आवश्यकता है- FMCG (किराना सामान ) सप्लाई एवं गोडाउन में काम करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है पता- भनपुरी दुर्गा पेट्रोल पंप के पीछे सम्पर्क करें 8817288768, 7000350859. (RO-6797)

**हेल्पर/वेल्डर/फिटर**

आवश्यकता है- फैक्ट्री में रोजगार का अवसर बिर्कोनी महासमुंद स्थित फैक्ट्री में लेबर, हेल्पर, वेल्डर, फिटर की सख्त जरूरत! रहने की सुविधा उपलब्ध. संपर्क करे- 6381298638.(RO-6701)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- सेनेटरी हार्डवेयर दुकान में कार्य करने लड़को की आवश्यकता है। संपर्क :- जय श्री इंटरप्राइजेज नेहरू भवन के सामने सुपेला भिलाई मो.- 98271-06108, 96302-95106. (आरो न.-669)

**सेल्स एक्जीकेटिव**

Requirment- Urgently Required Inside Sales Executive for PMBJK medical store @Krishna Talkies Road Risali Bhilai. Salary upto 6000. Contact 7415227425, 7869089355.(RO-6796)

आवश्यकता है- सेल्समैन चाहिए हमें अपने तेल और अगरबत्ती उत्पादों की सेल्स मार्केटिंग हेतु मेहनती, अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है जिन्हें एफएमसीजी में 2वर्ष का एक्सपीरियंस होना चाहिए । हमारे साथ जुड़कर अपने करियर को आगे बढ़ाना चाहते है। संपर्क करे:- Email - granthagarbatti581@gmail.com मो.- 77730-90555, 88396-00176. (आरो न.-670)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- टेलीकालिंग एवं ऑफिस कार्य हेतु लड़की/ महिलाओं की आवश्यकता है. योग्यता - 10वी, 12वी, ग्रेजुएट, सेलरी 7,000+ कमीशन+ बोनस से कमाएं 15,000 से 20,000/ पता : प्रोफेसर कॉलोनी के पास रायपुर. 8982660324. (RO-OM)

**हाउस कीपिंग/स्वीपर**

आवश्यकता है- श्री वासु लॉजिस्टिक्स लिमिटेड को स्वीपर, हाउस कीपिंग बाई व ऑफिस बॉय की आवश्यकता है। अनुभवी व पास में रहने वालों को प्राथमिकता। इंटरव्यू सुबह 10 से 12 बजे तक: वासु लॉजिस्टिक, तेंदुआ, रिंग रोड नं–4, रायपुर संपर्क:- 782890161, 9201835608. (RO-257)

**पैकिंग कार्य/ड्रायवर**

आवश्यकता है- 400/- प्रतिदिन (+) ओवरटाइम 500/- फटाका जमाना, पैकिंग, बिल बनाना, ड्राइवर। लड़कों की आवश्यकता। सम्पर्क :- तापड़िया फटाका, नेमींचंद गली, तेलघानी नाका चौक, रायपुर(RO-887)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**अन्य**

आवश्यकता है- अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के-लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या- 790 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (27500+ 56500 ) पढ़ाई (8-वी से स्नातक) रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने हेतु आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (सचिन शर्मा)- 7054311719.(RO-1136)

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457.(RO-1137)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

हरिभूमि क्लासीफाईड

**For Rent किराया**

किराये से देना है- वृंदावन धाम श्रीकृष्ण नगरी (U.P.) एसी रूम, गीजर, फ्रिज, टीवी अटैच वॉशरूम, लिफ्ट 5 स्टार रूम मात्र 1200/- प्रतिदिन किराया सभी मन्दिर के पास सम्पर्क करें- श्री उमेश गौतम 8881119584 (RO-38633)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - जन कल्याण योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर (50,000/- से 15 लाख तक) (1% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए, संपर्क:- 9289384524. (RO-258)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




RAIPUR SMART BUSINESS
ITR फाईल बनवाएं मात्र 500/-
GST रजिस्ट्रेशन | TDS रिफंड
CMA DATA | BALANCE SHEET
MSME रजिस्ट्रेशन | फूड लाइसेंस
प्रोजेक्ट रिपोर्ट | TAX AUDIT
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
(व्हाट्सएप पर भी बनवाएं)
संपर्क - शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544




Healthcare

**इसे जरूर पढ़िये और समझिये**

- इसे नजर अंदाज कर छणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए तुरंत खून की जाँच कराए।
- क्या आप को किसी प्रकार के वायरल या संक्रमण रोग हैं। जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी, छाले, चमड़ी का फटना, खुजली लाल होना, पेशाब में जलन या पीब आना, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग, हेपाटाइटिस (ABC), सिफलिस, गोनोरिया (सूजाक), रुबेला या एच.आई.वी. (HIV. AIDS) रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं।
- क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग हैं सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रूसी, जोड़ो में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना, नाखुनो का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग हैं।
- क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान हैं जैसे: शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि ।

ध्यान रहे पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई भी उपाय नहीं हैं। नीम हकिमो से सावधान। इन बीमारियों का स्थायी ईलाज इम्युनों थैरिपी पर आधारित केवल रस-रसायन में ही हैं।

सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे दुर्ग
मोबाईल नं.- 9425555659
9617789223, 9303242200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

# हॉकी एशिया कप : 8 साल बाद ट्राफी पर भारत का कब्जा, विश्व कप में जगह पक्की

एजेंसी ▶▶| राजगीर

दिलप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने गत चैंपियन दक्षिण कोरिया को रविवार को फाइनल में 4-1 से हराकर आठ साल बाद एशिया कप खिताब जीता और अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। भारत ने चौथी बार एशिया कप खिताब जीता है और इसके साथ ही वह पांच बार की चैंपियन कोरिया के बाद टूर्नामेंट की दूसरी सबसे सफल टीम बन गई।

## भारत ने अब तक एक बार जीता विश्वकप

भारत ने इससे पहले 2003 (कुआलालंपुर) , 2007 (चेन्नई) और आखिरी बार 2017 (ढाका) में एशिया कप जीता था । दक्षिण कोरिया ने 1994, 1999, 2009, 2013 और 2022 में खिताब जीता है । इसके साथ ही भारत ने अगले विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया, जो 14 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड में होना है । भारत ने अब तक सिर्फ एक बार 1975 में कुआलालंपुर विश्व कप जीता है।



## सुखजीत ने दागा पहला गोल

खचाखच भरे राजगीर खेल परिसर में भारत के लिए सुखजीत सिंह ने पहले ही मिनट में गोल दागा जबकि दिलप्रीत ने 28वें और 45वें मिनट में गोल किए। अमित रोहिदास ने 50वें मिनट में चौथा गोल दागा। वहीं पांच बार की चैंपियन दक्षिण कोरिया के लिए एकमात्र गोल 51वें मिनट में डेन सोन ने किया। भारत ने टूर्नामेंट में पांच जीत दर्ज की और एक ड्रॉ खेला। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम ने तीनों पूल मैच जीते। सुपर 4 चरण में मलेशिया को 4-1 और चीन को 7-0 से हराया जबकि कोरिया से मैच 2-2 से ड्रॉ रहा था।

## भारतीय टीम की आक्रामक शुरुआत


पहले ही सेकंड से भारतीय टीम ने आक्रामक शुरुआत की। डिफेंस, मिडफील्ड और फॉरवर्ड पंक्ति के बीच कमाल का तालमेल था और एक ईकाई के रूप में विरोधी गोल पर कई हमले बोले गए। दूसरी ओर कोरियाई टीम अधिकांश समय रक्षात्मक खेल दिखाती नजर आई, जो उस पर भारी पड़ा। पहले दो क्वार्टर में भारतीय डिफेंस को भेदने में उसे कामयाबी नहीं मिली और गोल करने के मौके भी कोरियाई टीम बना नहीं सकी। भारत के लिए पहला गोल 30वें सेकंड में सुखजीत ने दागा।



## कोरियाई डिफेंस पर बनाया दबाव

भारतीय आक्रामक पंक्ति ने कोरियाई डिफेंस को पूरे मैच में दबाव में रखा। हरमनप्रीत ने हवा में गेंद उछालकर बायें कॉर्नर पर संजय को पास दिया, जिसने सर्कल के भीतर दिलप्रीत को गेंद सौंपी। उन्होंने गोल करके हाफटाइम तक भारत को 2-0 से बढ़त दिला दी। कोरिया को पहला मौका 40वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर के रूप में मिला लेकिन भारतीय डिफेंस एक बार फिर अडिग था। भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर 44वें मिनट में मिला लेकिन हरमनप्रीत की कोशिश पहले रशर ने नाकाम कर दी। तीसरे क्वार्टर के आखिर में दिलप्रीत ने भारत के लिये एक और गोल किया।

## खबर संक्षेप




### पुर्तगाल ने आर्मेनिया को हराया, रोनाल्डो के दो गोल

**मैनचेस्टर।** रिकॉर्ड छठी बार फुटबॉल विश्व कप में खेलने की कवायद में लगे क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल की मदद से पुर्तगाल ने आर्मेनिया को 5-0 से हराकर यूरोपीय क्वालीफाइंग में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। रोनाल्डो ने इस तरह से अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सर्वाधिक गोल करने के अपने रिकार्ड को 140 पर पहुंचा दिया है। विश्व कप अगले साल अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में आयोजित किया जाएगा और अगर रोनाल्डो इसमें भाग लेते हैं तो यह नया रिकॉर्ड होगा। अब तक कई खिलाड़ी पांच विश्व कप में खेल चुके हैं लेकिन छह बार इसमें भाग लेना नया रिकॉर्ड होगा। इस बीच इंग्लैंड ने विला पार्क में अंडोरा के खिलाफ 2-0 की जीत के साथ क्वालीफाइंग में अपना विजय अभियान जारी रखा।

### ट्रेनिंग या कोच नहीं मिलता, जो मुझे चाहिए

**लीवरपूल।** ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के



पहले दौर से बाहर होने के बाद ट्रेनिंग के कम अवसरों पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें हमेशा वह ट्रेनिंग नहीं मिलती जो उन्हें वास्तव में चाहिए। एक साल से अधिक समय बाद अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में वापसी करने वाली तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना 75 किग्रा वर्ग के राउंड ऑफ 16 मुकाबले में तुर्की की बुसरा इस्लिदार के खिलाफ 0-5 की हार के दौरान लय में नहीं दिखी। लवलीना ने 'एक्स' पर लिखा, 'एक साल बाद मैंने अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। मैं अपने पहले ही मुकाबले में हार गई। इससे पीड़ा पहुंचती है। मुझे खेद है कि मैं इस बार ऐसा नहीं कर पाई।

### निगरानी के लिए एआईएफएफ ने बनाई पैनल

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुसार अपने नए व्यावसायिक साझेदार के चयन के लिए पूरी निविदा प्रक्रिया की निगरानी करने के लिए पूर्व न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति का गठन किया। उच्चतम न्यायालय ने दो सितंबर को दिए आदेश में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के आयोजन की अनुमति भी दी थी, जिसे आयोजक एफएसडीएल ने 11 जुलाई से रोक दिया था। एफएसडीएल राष्ट्रीय महासंघ का मौजूदा व्यावसायिक साझेदार भी है। एआईएफएफ ने कहा, 'चयन प्रक्रिया की निगरानी के लिए कार्यकारी समिति ने तीन सदस्यीय बोली मूल्यांकन समिति (बीईसी) बनाने का फैसला किया। बीईसी के अध्यक्ष भारत के उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव होंगे।'

## यूएस ओपन: महिला एकल में एरिना ने अमांडा को हराया

# सबालेंका दूसरी बार चैंपियन गिराया रैकेट, बिखेरी मुस्कान


एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को सीधे सेटों में हराकर लगातार दूसरी बार अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। सबालेंका जब खिताब से दो अंक दूर थीं, तब उन्होंने एक ऐसा ओवरहेड स्मैश लगाया, जो आसान शॉट होना चाहिए था लेकिन उन्होंने उसे नेट में उलझा दिया, जिससे अनिसिमोवा को ब्रेक का मौका मिल गया।

■ फ्रेंच ओपन के फाइनल में अमेरिकी खिलाड़ियों से मिली हार की पीड़ा भी खत्म कर दी

सबालेंका ने आखिर में 6-3, 7-6 (3) से जीत दर्ज करके अपने कॅरियर का चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। इस तरह से उन्होंने इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन और फ्रेंच ओपन के फाइनल में अमेरिकी खिलाड़ियों से मिली हार की पीड़ा भी खत्म कर दी। सबालेंका ने जीत हासिल करने के बाद कोर्ट पर अपना रैकेट गिरा दिया और मुस्कान बिखेर दी।

उन्होंने मैच के बाद कहा, 'मेरे मन में शक घर कर गया था लेकिन इसके बाद मैं पलटी और मैंने गहरी सांस ली। मैंने खुद से कहा कि चलो ठीक है ऐसा होता है। यह बीती बात है और अब अगले अंक पर ध्यान दो। ' सबालेंका पिछले 11 वर्षों में पहली महिला खिलाड़ी बन गई है, जिन्होंने अमेरिकी ओपन में अपने खिताब का बचाव किया। उनसे पहले यह कारनामा सेरेना विलियम्स ने किया था।



### लगातार दूसरा ग्रैंड स्लैम हारी अमांडा

अमांडा को लगातार दूसरे ग्रैंड स्लैम के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। वह जुलाई में विंबलडन के फाइनल में इगा स्वियातेक से हार गई थी। उस मैच में वह एक भी गेम नहीं जीत पाई थी लेकिन उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन अवसरों का फायदा नहीं उठा पाई। अमेरिका की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने सबालेंका की तारीफ करते हुए कहा, 'मैं वास्तव में उनकी बहुत प्रशंसा करती हूं। वह कड़ी मेहनत करती है और इसी लिए आज इस मुकाम पर हैं। मुझे भी मौके मिले थे लेकिन मैं उन्हें नहीं भुना सकी।



जीता अपने कॅरियर का चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब

### सबालेंका को मिली 44.09 करोड़ की प्राइज मनी

एरिना सबालेंका को यूएस ओपन का खिताब जीतने पर प्राइज मनी के तौर पर 50 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि मिली है। यानि भारतीय करेंसी के अनुसार देखें तो उनको खिताब जीतने पर 44.09 करोड़ रुपए की रकम मिली। अब सबालेंका के यूएस ओपन जीतने की प्राइज मनी की तुलना अगर क्रिकेट के आगामी एशिया कप और आईपीएल 2025 सीजन से की जाए तो थोड़ी नहीं बल्कि बहुत अधिक है। यहां तक कि वीमंस वर्ल्ड कप 2025 की राशि से भी अधिक एरिना को मिले। यूएस ओपन की रनरअप एमांडा को 22 करोड़ रुपए से अधिक मिले।

### इवानोव और वेंड्रोमे बने जूनियर चैंपियन

जेलिन वेंड्रोमे और इवान इवानोव ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लड़कियों और लड़कों के वर्ग के खिताब जीते। वेंड्रोमे ने लड़कियों के वर्ग में स्वीडिश क्वालीफायर ली निल्सन को 7-6 (2), 6-2 से हराया। उन्होंने शुरू में पिछड़ने के बाद पहला सेट टाई ब्रेक में जीता लेकिन दूसरा सेट जीतने में उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। लड़कों के वर्ग में मौजूदा विंबलडन चैंपियन इवानोव ने बुल्गारिया के अपने हमवतन अलेक्जेंडर वासिलिव को 7-5, 6-3 से हराया। जूनियर युगल वर्ग में एलेना कोवाकोवा और जना कोवाकोवा बहनों ने वेंड्रोमे और उनकी जोड़ीदार लाइमा व्लादसन को हराया। कीटन हेंस और जैक कैनेडी ने नोआह जॉनस्टन और बेंजामिन विलवर्थ को हराकर लड़कों का खिताब जीता।

### ग्रैनोलर्स और जेबालोस ने जीता मेंस डबल्स का खिताब

मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस अमेरिकी ओपन पुरुष युगल चैंपियनशिप के फाइनल में हारने से बस एक अंक दूर थे लेकिन उन्होंने अपना धैर्य बनाए रखा और कुछ ही पल बाद वे चैंपियन बन गए। ग्रैनोलर्स और ज़ेबालोस ने जो सैलिसबरी और नील स्कुप्स्की को 3-6, 7-6 (4), 7-5 से हराकर सत्र का अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। ग्रैनोलर्स ने कहा, 'टेनिस कभी-कभी पागलपन भरा होता है, क्योंकि हम यहां तक बात कर रहे थे कि आप मैच हारने के कितने करीब थे और फिर 20 मिनट में आप ट्रॉफी जीत लेते हैं।' इस पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने इस साल फ्रेंच ओपन का खिताब भी जीता था।



## एएफसी अंडर-23 में कतर से हारा भारत

**दोहा।** भारतीय फुटबॉल टीम को एएफसी अंडर 23 एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप एच के अपने दूसरे मुकाबले में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बाद मेजबान कतर से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। अल हाशमी मोहियालदीन (18वें मिनट) ने कतर को शुरुआत में ही बढ़त दिला दी थी, लेकिन मुहम्मद सुहैल (52वें मिनट) ने बराबरी का गोल दाग दिया। जसीम अल शरशानी (67वें मिनट) के पेनल्टी पर किए गए गोल ने खेले गए मैच में कतर के लिए तीन अंक सुनिश्चित कर दिए। पिछले मैच में बहरीन के खिलाफ 2-0 की जीत से उत्साहित भारत ने अच्छी शुरुआत की। सुहैल को शुरुआत में ही मौका मिल गया, जहां दूसरे मिनट में ही उन्होंने बॉक्स के बाहर से शॉट मारा लेकिन गेंद क्रॉसबार के ऊपर से बाहर चली गई।



## मात्र 72 रन पर सिमटी दक्षिण अफ्रीका

### इंग्लैंड की सबसे बड़ी जीत, रिकॉर्ड 342 रन से जीता तीसरा वनडे

एजेंसी ▶▶| साउथम्प्टन

इंग्लैंड ने तीसरे और अंतिम वनडे में दक्षिण अफ्रीका को 342 रन से हराकर एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रनों के लिहाज से सबसे बड़े अंतर से जीत हासिल की। हालांकि दक्षिण अफ्रीका ने श्रृंखला 2-1 से जीती। तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने चार विकेट लिए।

इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने से रोककर अपनी प्रतिष्ठा बचाई। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद इंग्लैंड ने जो रुट (100) और जैकब बेथेल (110) के शतकों की मदद से 50 ओवर में पांच विकेट पर 414 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 20.5 ओवरों में महज 72 रन पर आउट हो गई।



### बेथेल ने खेली 110 रन की पारी

इंग्लैंड ने जब 117 रन के स्कोर पर अपना दूसरा विकेट खोया था, तब बेथेल क्रीज पर आए थे। उन्होंने बल्लेबाजी के लिए अनुकूल नजर आ रही साउथहैम्पटन की पिच पर अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 48 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। टिकने के बाद तेजी से रन बटोरते हुए बेथेल ने 76 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। वह 82 गेंदों में 110 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने रूट के साथ मिलकर तीसरे विकेट के 182 रन जोड़े।

### आर्चर ने पांच रन देकर लिए चार विकेट

आर्चर ने अपने पहले पांच ओवरों में केवल पांच रन देकर चार विकेट लिए। उन्होंने नौ ओवरों में 18 रन देकर चार विकेट हासिल किए। रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत का पिछला रिकॉर्ड भारत के नाम था, जिसने 2023 में श्रीलंका के खिलाफ 317 रन के अंतर से जीत दर्ज की थी। जर्नो टीमें सबसे ज्यादा विकेट (10) से जीत चुकी हैं लेकिन रनों के लिहाज से यह सबसे बड़ी जीत है।

## विश्व चैंपियनशिप: भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम ने फाइनल में फ्रांस को हराया

# तीरंदाजी में भारत ने रचा इतिहास, जीता गोल्ड, मिश्रित टीम को सिल्वर

एजेंसी ▶▶| ग्वांगजू (दक्षिण कोरिया)

भारतीय पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने फाइनल में फ्रांस को हराकर विश्व चैंपियनशिप में अपना पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा और इस तरह से महिला टीम को मिली निराशा को दूर कर दिया, जो आठ साल में पहली बार पोडियम पर जगह बनाने में नाकाम रही। व्यक्तिगत वर्ग में आठवें स्थान पर रहने वाले ऋषभ यादव ने भी मिश्रित टीम स्पर्धा में अनुभवी ज्योति सुरेखा वेन्नम के साथ रजत पदक जीतकर वापसी की। महिला वर्ग में निराशा हाथ लगी क्योंकि टीम प्री-क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गई और 2017 से लगातार पदक जीतने का उसका अभियान समाप्त हो गया। तेईस वर्षीय ऋषभ ने अमन सैनी और प्रथमेश फुगे के साथ मिलकर भारत को पुरुष कंपाउंड टीम के खिताबी मुकाबले में फ्रांस पर 235-233 से रोमांचक जीत दिलाई।



### भारत ने दबाव में दिखाया धैर्य

फ्रांस ने निकोलस गिरार्ड, जीन फिलिप बौल्च और फ्रेंकोइस डुबोइस को मैदान में उतारा, लेकिन भारतीय टीम ने दबाव में भी उल्लेखनीय धैर्य दिखाया। इसका श्रेय फुगे को जाना चाहिए, जो क्वालीफायर में 19वें और भारतीय खिलाड़ियों में अंतिम स्थान पर रहे थे। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले चरण में 9-9 का स्कोर बनाया लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार छह परफेक्ट 10 लगाए।

### अंतिम चरण में लड़खड़ाई फ्रांस टीम

पहले चरण के बाद भारत 57-59 से पीछे था, लेकिन दूसरे चरण में उसने छह 10-10 के साथ वापसी करते हुए स्कोर 117-117 पर बराबर कर दिया। तीसरे चरण में दोनों टीमों ने 59-59 अंक बनाए, जिससे स्कोर 176-176 से बराबर रहा। अंतिम चरण में फ्रांस की टीम लड़खड़ा गई और भारत स्वर्ण पदक जीत कर इतिहास रचने में सफल रहा। भारत ने फाइनल तक के अपने सफर में ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और तुर्की पर प्रभावशाली जीत दर्ज की थी।

### *मिक्सड में भारत का 2021 के बाद पहला पदक*

*इससे पहले दिन में यादव और ज्योति को मिश्रित टीम फाइनल में नीदरलैंड के विश्व नंबर एक माइक श्लोएसर और साने डे लाट की जोड़ी से 155-157 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी ने पहले चरण के बाद एक अंक की बढ़त बना ली थी, लेकिन दूसरे चरण में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और वे 76-77 से पीछे हो गए। नीदरलैंड की जोड़ी ने इसके बाद भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और छह 10 अंक बनाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। भारत का इस स्पर्धा में 2021 के बाद यह पहला पदक है। दो साल पहले बर्लिन में उसे पदक नहीं मिला था।*

## दलीप ट्रॉफी: फाइनल में पहुंचा मध्य क्षेत्र, अब साउथ जोन से खिताबी मुकाबला



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

यशस्वी जायसवाल का शानदार अर्धशतक महज एक व्यक्तिगत उपलब्धि बनकर रह गया क्योंकि मध्य क्षेत्र ने पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ ड्रॉ हुए मैच में पहली पारी की बढ़त के आधार पर दलीप ट्रॉफी के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

■ वेस्ट जोन के जायसवाल की अर्धशतकीय पारी गई बेकार

मध्य क्षेत्र अब 11 सितंबर से होने वाले खिताबी मुकाबले में दक्षिण क्षेत्र से भिड़ेगा।

जायसवाल (64) ने अपनी 70 गेंदों की पारी में कुछ शानदार शॉट खेले, जिससे पश्चिम क्षेत्र अपनी दूसरी पारी में आठ विकेट पर 216 रन बनाने में सफल रहा। पश्चिम क्षेत्र को हालांकि पहली पारी में 162 रन से पिछड़ना महंगा पड़ा और टीम खिताबी दौड़ से बाहर हो गई। मध्य क्षेत्र ने सुबह के सत्र में आठ विकेट पर 556 रन से आगे खेलते हुए 600 रन पर अपनी पारी समाप्त की। सारंश जैन ने 63 रनों की नाबाद पारी खेलते हुए एक शानदार अर्धशतक बनाया।

पश्चिम क्षेत्र की दूसरी पारी के दौरान चाय के विश्राम से ठीक पहले कप्तान शारदुल ठाकुर (छह) आउट हो गए जबकि दूसरे छोर से संयम के साथ बल्लेबाजी कर रहे तनुश कोटियान (40) क्रीज पर मौजूद थे। इसी समय, दोनों टीमों ने मैच को ड्रॉ पर समाप्त करने का फैसला किया।

### फाइनल में जाने से चूकी जायसवाल की टीम

जायसवाल को अपनी टीम को फाइनल में नहीं देखकर निराशा हुई लेकिन वह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाद पहली बार पिच पर इतना समय बिताकर खुश होंगे। उन्होंने हमेशा की तरह आक्रामक अंदाज में 92 के स्ट्राइक रेट से अर्धशतक बनाया। उनकी यही आक्रामकता हालांकि उनके आउट होने का कारण बनी जब वह बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे (96 रन पर तीन विकेट) की गेंद पर एक खराब शॉट खेलकर आउट हो गए।

# पति खोज रही लड़की, अच्छा रिश्ता सुझाने वाले को देगी 2 करोड़ रुपए!

आजकल अच्छे रिश्ते मिलने में लोगों को बहुत मुश्किलें होती हैं। इस वजह से लोगों की खोज लंबी चलती रहती है। इस चिंता से जूझ रही एक लड़की ने रिश्ता खोजने का अजीबोगरीब तरीका सोचा है। वो अच्छा रिश्ता सुझाने वाले लोगों को 2 करोड़ रुपए देने को तैयार है।

**न्यूयार्क।** मगर उसकी 4 शर्तें हैं, जिसे लोगों को मानना पड़ेगा। वो शादी के लिए तो रिश्ता खोज ही रही है, इसके अलावा वो बिना शादी किए बच्चा पैदा करने को भी तैयार है।

ऑनलाइन डेटिंग और मैचमेकिंग की दुनिया में अब कैपिटलिज़्म भी शामिल हो गया है। अमेरिका के बे एरिया में रहने वाली 33 वर्षीय ओन्लीफेन्स स्टार एला ने सोशल मीडिया पर एक ऐसा ऑफर दिया है, जिसने इंटरनेट पर तूफान मचा दिया है। उन्होंने पोस्टमें लिखा- 'अगर कोई मुझे ऐसे शख्स से मिलवा दे जिससे मैं शादी कर लूं, तो उसे मैं 1 लाख डॉलर (करीब 83 लाख रुपए) इनाम में दूंगी और अगर कोई ऐसे इंसान से मिलवा दे, जो मुझे अपना बच्चा पैदा करने के लिए 88 करोड़ रुपए (टैक्स कटौती के बाद) दे, बच्चे को अकेले पालने दे और सिंगल मदर माने तो मिलवाने वाले इंसान को मैं 3 लाख डॉलर (करीब 2.5 करोड़ रुपए) दूंगी।'






### पति खोजने का नया तरीका

एला का कहना है कि वह एक अजीब इंसान हैं और उनकी पसंद-नापसंद बहुत अलग है। उन्होंने लिखा- डेट करने के लिए या शादी करने के लिए इच्छुक पुरुष ढूंढना मुश्किल नहीं है, लेकिन जिनसे मैं वास्तव में शादी करना चाहूं, उनकी संख्या बहुत कम है। उन्होंने अपने मिस्टर राइट की शर्तें भी बताईं, जो किसी सामान्य शादी की तलाश से कहीं अलग हैं।

### चुनने के लिए 4 शर्तें

लड़का चुनने के लिए उनकी 4 शर्तें हैं। उन्होंने बताया कि वह पुरुष पॉलीअमोरस होना चाहिए (यानी एक से अधिक संबंधों को स्वीकार करने वाला)। यही नहीं, वो अपने पार्टनर को ऐसा चाहती हैं जिसे हर जेंडर को लोग पसंद हों। एला चाहती हैं कि वह आर्थिक रूप से उनके बराबर हो, ताकि उसे सहारा न देना पड़े और उसे बच्चे चाहिए हों और खुद को पूरी तरह स्वीकार करने वाला व्यक्ति हो।



### दुर्लभ पुरुष की है तलाश

एला ने साफ लिखा- सीधे शब्दों में कहें तो मुझे ऐसा पुरुष चाहिए जो दुर्लभ हो, अमीर-सा हो, रोमांचक हो और प्रतिबद्ध होने को तैयार हो। एला ने अपने पोस्ट में बताया कि अगर कोई उन्हें ऐसा पुरुष सुझाता है जिसे वह पहले से नहीं जानतीं और आखिरकार उसी से शादी हो जाती है, तो उस शख्स को 1 लाख डॉलर का इनाम मिलेगा। लेकिन शर्त है कि सिफारिश करने वाला पहले उनके डेट-मी सर्वे फॉर्म को भरवाए और ईमानदार हो। झूठ बोलने पर या नियम तोड़ने पर रिश्ता तुरंत खत्म कर दिया जाएगा। एला खुद को रोमांस कैपिटलिज़्म की अग्रणी मानती हैं। उनका कहना है कि अब प्यार की तलाश सिर्फ डेटिंग ऐप्स या मैचमेकिंग एजेंसियों तक सीमित क्यों रहे? उन्होंने इसे भीड़ से क्राउडसोर्सिंग के जरिए तलाशने की नई राह बताया।

## रोचक खबरें

## शेरों को भी मम्मी की तरह डांटता-मारता है शख्स, उसकी सैंडल का है खौफ!



**नई दिल्ली।** शेर दूसरे जानवरों से काफी अलग होते हैं। वे बहुत ही खतरनाक शिकारी होते हैं। फिर भी बहुत से लोग उनके साथ ऐसा बर्ताव करते दिखते हैं जैसे कि वे कोई पालतू कुत्ते हों। इन शेरों को पालने वालोंया फिर इन्हें रेस्क्यू कराने वालों या इन्हें प्रशिक्षण देने वालों से शेर बहुत ज्यादा प्यार जताते हुए देखे जाते रहे हैं। पर क्या कोई शख्स इन जानवरों की वैसे चप्पलों से मार पिटाई कर सकता है जैसा कि कई घरों में मां अपने बच्चों के साथ करती है? एक वायरल वीडियो में ऐसा ही दिख रहा है जिसमें वह शेरों की बार चप्पलों से वैसी ही पिटाई करता दिखता है जैसा कि माताएं घर पर करती हैं। आमतौर पर यही माना जाता है कि शेरों को कुत्तों की तरह पाला नहीं जा सकता है। ना ही पाला जाता है। वे आजाद जिंदगी जीते हैं। लेकिन, कुत्तों के साथ ऐसा नहीं है। वे आसानी से दोस्त हो जाते हैं। किसी भी इंसान से जल्दी घुल मिल जाते हैं। जब वह शख्स उनके खाने की व्यवस्था करने लगता है तो उसके प्रति वफादार भी हो जाते हैं।

### शेर उसे काटता नहीं है

हैरानी की बात ये भी है का यही शेर उसी शख्स से बहुत ज्यादा प्यार जताते हुए भी दिखता है। वीडियो में यह भी दिखता है कि वह शेर के छोटे बच्चों को चप्पल का डर दिखाते हुए ट्रेनिंग भी देता है। यहां तक कि एक दो बार तो शख्स का हाथ किसी शेर के मुंह में भी दिखता है, लेकिन शेर उसे काटता नहीं है। यहां तक कि जब शेर आपस में लड़ते हैं तो शख्स के पास आने पर वे इधर-उधर चले जाते हैं।

## तुर्की में वैज्ञानिकों को मिले 10,000 साल पुरानी इंसानी बस्ती के सबूत

**अंकारा।** मध्य तुर्की में कैन्हासन 3 नाम की एक जगह पर पुरातत्वविदों को दुनिया की सबसे पुरानी सड़कों में से एक मिली है। यह खोजी गई सड़क लगभग 10,000 हजार साल पुरानी है। आर्कियो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, यह खोज बताती है कि उस समय के लोग भी शहरी योजनाओं के बारे में जानते थे और अपने रहने की जगहों को अच्छे से बनाते थे। कैन्हासन 3 ऐसी जगह है जहां हजारों सालों तक लोग लगाता रहते थे। यहां खुदाई में पत्थर के औजार, मिट्टी के बर्तन और जानवरों की हड्डियां भी मिली हैं। ये सभी चीजें 10,000 साल पहले के जीवन के बारे में बताती हैं। कैन्हासन 3 को जो बात बाकी जगहों से अलग करती है वो ये है कि यहां सोच-समझकर नए रास्ते और खुली जगहों को बनाया गया है। इससे पता चलता है कि उस समय के लोग भी शहरी योजना के बारे में जानते थे। इस पुरनी सड़क की खोज से पता चलता है कि, उस समय के लोग जगह को सही तरीके से इस्तेमाल करने की समझ रखते थे।

## रिसर्च

### हर उम्र के लोगों के लिए ये परेशानी

# दिमाग के लिए घातक है वायु प्रदूषण याददाश्त पड़ सकती है कमजोर

**न्यूयार्क।** देश ही नहीं, दुनियाभर में एयर पॉल्यूशन लगातार बढ़ता जा रहा है।कई जगहों पर तो ये बेहद खतरनाक स्थिति में पहुंच चुका है। लगभग हर उम्र के लोगों के लिए ये परेशानी पैदा कर रहा है। अमेरिका के जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. शियाओबो माओ चेतावनी देते हुए बताया कि पॉल्यूशन आपके माइंड पर भी असर डाल रहा है। पॉल्यूशन के कारणबॉडी डिमेंशिया का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। इस बीमारी में लोगों की याददाश्त कमजोर हो जाती है। वैज्ञानिकों ने बतायासाफ हवा मस्तिष्क के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं, जिससे इस रोग से बचा जा सकता है।

एक रिसर्च से पता चला है कि एयर पॉल्यूशन खास तौर पर एम2.5 कण, लेवी बॉडी डिमेंशिया को बढ़ाने का जोखिम को बढ़ा सकते हैं। यह प्रदूषण मस्तिष्क में प्रोटीन के जमाव को बढ़ावा देता है, जिससे तंत्रिका कोशिकाओं को नुकसान होता है। यही कारण है कि लोग अपनी पुरानी यादें भूलना शुरू कर देते हैं।



### मस्तिष्क को निशाना बना रहा पॉल्यूशन

रिसर्च से पता चला है कि पॉल्यूशन के एम2.5 कण बहुत ही छोटे होते हैं। ये सूक्ष्म कण इतने छोटे होते हैं कि ये शरीर की सुरक्षा सिस्टम को पार कर ब्लड स्ट्रीम में घुस सकते हैं और यहां तक कि मस्तिष्क तक पहुंच सकते हैं। स्टडी में कहा गया है किपॉल्यूशन ना सिर्फ आपकी नाक तक सीमित है, बल्कि यह आपके न्यूरॉन्स तक भी पहुंच सकता है। ये कण मस्तिष्क में फैलते समय तंत्रिका कोशिकाओं को नष्ट कर देते हैं। हवा में मौजूद कणों के संपर्क में आने से मस्तिष्क में मौजूद प्रोटीन गुच्छों में बदल जाते हैं, जो लेवी बॉडी डिमेंशिया के लक्षण हैं, जो अल्जाइमर रोग के बाद डिमेंशिया का दूसरा सबसे आम रूप है। इस रोग का असर उन लोगों पर ज्यादा रहता है, जो शहरों में रहते हैं। यहां वाहनों से निकलने वाला धुआं और उसमें मौजूद कण उनको ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं।

### कैसे करता है मस्तिष्क पर असर?

लेवी बॉडी मस्तिष्क में जमा होने वाली असामान्य प्रोटीन के गुच्छे होते हैं, जो कि अल्फा-सिन्यूक्लिन नामक प्रोटीन से बनती हैं। यह प्रोटीन स्वस्थ मस्तिष्क के कामकाज के लिए जरूरी है, लेकिन यह कई तरह से गलत तरीके से मुड़कर विभिन्न प्रकार के हानिकारक लेवी बॉडीज बना सकता है। ये तंत्रिका कोशिकाओं को मार सकते हैं और मस्तिष्क में फैलकर विनाशकारी बीमारियों का कारण बन सकते हैं।



### हवा को सुधारने के बाद ही सुधरेंगे हालात

यह देखने के लिए कि क्या वायु प्रदूषण लेवी बॉडीज को एक्टिव कर सकता है, टीम ने चूहों को 10 महीनों तक हर दूसरे दिन पीएम 2.5 प्रदूषण के संपर्क में रखा, कुछ चूहे सामान्य थे, लेकिन कुछ अन्य चूहों को अल्फा-सिन्यूक्लिन बनाने से रोकने के लिए आनुवंशिक रूप से संशोधित किया गया था। परिणाम चौंकाने वाले थे. सामान्य चूहों में, तंत्रिका कोशिकाएं मर गई, जिससे मस्तिष्क सिकुड़ गया। वैज्ञानिकों ने कहा कि वायु प्रदूषण से निपटना स्वास्थ्य, सामाजिक, जलवायु और आर्थिक दृष्टिकोण से दीर्घकालिक लाभ दे सकता है। हवा को सुधारने के बाद ही हालात सुधरेंगे। इसके लिए सभी को काम करना होगा।

## वैज्ञानिकों ने बनाया जासूस बैक्टीरिया, हरी चमक से पकड़ में आएगा माइक्रोप्लास्टिक का जाल

**वॉशिंगटन।** हर साल 10 से 40 मिलियन टन माइक्रोप्लास्टिक हमारे पर्यावरण में मिल जाता है। अभी के तरीकों से इसे पूरी तरह से पहचानना मुश्किल है, इसलिए माना जा रहा है कि 2040 तक यह संख्या और भी बढ़ जाएगी। लेकिन, एक नई खोज इस प्रदूषण को पहचानने के तरीके को बदल सकती है। एक रिसर्च के अनुसार, वैज्ञानिकों ने एक जीवित सेंसर बनाया है, जो सेंसर प्लास्टिक से जुड़ते ही एक हरी चमक (फ्लोरोसेंट सिग्नल) पैदा करता है। शोधकर्ताओं ने इस सेंसर को स्यूडोमोनास एरुगिनोसा नामक एक बैक्टीरिया से बनाया है, जो आमतौर पर पर्यावरण में पाया जाता है।

### कैसे नुकसान पहुंचाता है प्लास्टिक?

प्लास्टिक के छोटे-छोटे टुकड़े जिन्हें माइक्रोप्लास्टिक कहते हैं। पहले ही हमारे खाने पानी और हवा में मिल चुके हैं। ये 5 मिलीमीटर से भी छोटे होते हैं और पर्यावरण और सेहत के लिए बहुत बड़ा खतरा हैं। हालांकि, एक बैक्टीरिया पी.एरुगिनोसा स्वाभाविक तौर से प्लास्टिक पर एक परत बना सकता है।



### समस्या से बचने के लिए क्या बनाया गया?

यह ऐसा कीटाणु भी है जो त्वचा, फेफड़ों और खून में इंफेक्शन फैला सकता है। इस समस्या से निपटने के लिए वैज्ञानिकों ने इस बैक्टीरिया के एक ऐसे स्ट्रेन को बदला है जो संक्रमण नहीं फैलाता। उन्होंने इसमें 2 जीन डाले हैं, इनमें से एक जीन माइक्रोप्लास्टिक के मिलते ही एक हरे रंग की चमक(फ्लोरोसेंट प्रोटीन)पैदा करता है।

## दिल्ली की बाढ़ में बहकर आई अफ्रीका की दुर्लभ छिपकली

**नई दिल्ली।** इन दिनों यमुना नदी अपने खतरनाक स्तर से ऊपर बह रही है, जिस वजह से दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। यमुना के किनारे बसे हुए छोटे-छोटे इलाकों में पानी घुस गया है। इसी में एक ताजा मामला हैरान करने वाला शनिवार को तब सामने आया जब दिल्ली की इसी बाढ़ में बहकर एक अफ्रीका में पाए जाने वाली छिपकली लोगों को मिली। इसे देखकर हड़कंप मच गया। लोग इसे मारने की कोशिश करने लगे, लेकिन वहां मौजूद कुछ लोगों ने वाइल्डलाइफ टीम को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची वाइल्डलाइफ ने कई घंटे की मशक्कत के बाद इसे रेस्क्यू किया।

### मयूर विहार-1 मेट्रो स्टेशन का है मामला

वाइल्डलाइफ एसओएस के सह-संस्थापक और सीईओ कार्तिक सत्यनारायण ने बताया कि मयूर विहार-1 मेट्रो स्टेशन के कुछ कर्मचारियों ने उनकी टीम को कॉल करके पेंट्री क्षेत्र से एक मॉनिटर छिपकली के होने की सूचना दी थी. सूचना पाकर टीम मौके पर पहुंची और उसे रेस्क्यू किया. छिपकली को सुरक्षित बाहर निकाला और उसे चिकित्सीय परीक्षण के लिए ले जाया गया. उन्होंने बताया कि उसे वापस उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया जाएगा.





### क्या है मॉनिटर छिपकली

वाइल्डलाइफ एसओएस की सह-संस्थापक और सचिव गीता शेषमणि ने बताया कि मॉनिटर छिपकली को हिंदी में गोह या विषखोपड़ा कहते हैं। यह सरीसृपों के वरानस वंश की एक बड़ी और शक्तिशाली छिपकली होती है। इनका आकार 20 सेंटीमीटर से लेकर 3 मीटर या उससे भी अधिक हो सकता है। उन्होंने बताया कि ये अफ्रीका, एशिया और ओशिनिया में पाई जाती हैं और मांसाहारी होती हैं।























हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com